*
ओड़िशा संस्करण
08 अप्रैल, 2023
वैशाख, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 168
www.epaper.azadsipahi.in
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

आजमगढ़ में अमित शाह ने फूंका चुनावी बिगुल, 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार बनायें प्रधानमंत्री



## अलविदा 'टाइगर' : अब यादों में रहेंगे

# जगरनाथ महतो पंचतत्व में विलीन, उमड़ा जनसैलाब



- राजकीय सम्मान के साथ हुई अंत्येष्टि
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत अन्य नेता हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/बोकारो।** झारखंड के 'टाइगर' अब यादों में रहेंगे। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो शुक्रवार शाम पंचतत्व में विलीन हो गये। बोकारो स्थित उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में जन सैलाब उमड़ा। हर तरफ से जगरनाथ महतो अमर रहे की आवज गूंज रही थी। बोकारो पैतृक आवास शव पहुंचने से पहले ही भीड़ जुट गयी थी। अंतिम दर्शन के बाद शव यात्रा में भारी संख्या में लोग शामिल हुए। अंत्येष्टि के समय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, सत्यानंद भोक्ता, महुआ माजी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### चेन्नई के अस्पातल में हुआ था निधन

शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने गुरुवार को चेन्नई के अस्पताल में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली थी। उन्हें कोरोना के समय 2020 में लंग्स इंफेक्शन हुआ था। इंफेक्शन इतना बढ़ गया था कि उनके फेफड़े का ट्रांसप्लांट करना पड़ा था। वह पूर्णतः ठीक होकर चेन्नई से वापस लौटे थे, लेकिन बीच-बीच में तबीयत खराब हो रही थी। हाल में पिछले महीने बजट सत्र के दौरान तबीयत बिगड़ने के बाद चेन्नई इलाज के लिए गये थे। इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गयी।

### विधानसभा में दी गयी श्रद्धांजलि

दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर शुक्रवार सुबह रांची पहुंचा। यहां तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत अन्य लोगों ने कंधा दिया। इसके बाद पार्थिव शरीर को विधानसभा परिसर लाया गया। यहां अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी और मंत्री आलमगीर आलम, चंपई सोरेन, सत्यानंद भोक्ता, बन्ना गुप्ता, मिथिलेश कुमार ठाकुर, बादल, हफीजुल हसन, सांसद विजय हांसदा, राज्यसभा सांसद महुआ माजी और पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी समेत कई विधायकों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद दिवंगत जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर झामुमो कार्यालय लाया गया। यहां दिशोम गुरु शिबू सोरेन समेत पार्टी के नेताओं ने उनका अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दी।

### रांची से बोकारो के रास्ते में उमड़ी भीड़

दिवंगत जगरनाथ महतो के पार्थिव शरीर को रांची से बोकारो ले जाने के क्रम में जगह-जगह लोगों की भीड़ उमड़ी। उनके अंतिम दर्शन के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे। हेदा मोड़ में शिक्षा मंत्री दिवंगत टाइगर जगरनाथ महतो का अंतिम दर्शन किया। डुमरी ले जाने के क्रम में शव वाहन को सहेदा मोड़ के पास रोक कर लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### दामोदर तट पर हुआ अंतिम संस्कार

दिवंगत जगरनाथ महतो का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव भंडारीदह, बोकारो गांव में हुआ। पार्थिव शरीर पहुंचने से पहले ही लोगों का हुजूम 'टाइगर' के अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़ा था। पार्थिव शरीर पहुंचने के बाद सभी ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। अंतिम यात्रा में भारी संख्या में लोग जुटे। दामोदर तट पर राजकीय सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि हुई। जगरनाथ महतो को बेटे अखिलेश महतो ने मुखाग्नि दी।

# प्रधानमंत्री की आपत्तिजनक वीडियो बनानेवाला गिरफ्तार

## महाराष्ट्र पुलिस ने रांची से शमीम जावेद को किया गिरफ्तार

- नरेंद्र मोदी समेत अन्य नेताओं की वीडियो सोशल मीडिया पर डाली थी
- पुणे में दर्ज करायी गयी है एफआइआर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महाराष्ट्र पुलिस ने झारखंड की राजधानी रांची में छापेमारी कर शमीम जावेद अंसारी नाम के युवक को गिरफ्तार किया है। जावेद पर आरोप है कि उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, समेत कई नेताओं कीआपत्तिजनक वीडियो बनायी और उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया है।

**पुणे के नीगड़ी थाने में दर्ज है प्राथमिकी :** शमीम जावेद अंसारी रांची के इटकी थाना क्षेत्र का रहनेवाला है। शमीम के ऊपर महाराष्ट्र के भाजपा सांसद ने पुणे के निगड़ी थाने में एफआइआर दर्ज करवायी है। शमीम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहित कई वीवीआइपी की तस्वीरों को एडिट कर आपत्तिजनक वीडियो बना कर उसे सोशल मीडिया पर डाल दिया है।

मामला संज्ञान में आने के बाद महाराष्ट्र में भाजपा सांसद ने एफआइआर दर्ज करवायी थी। इसके बाद आरोपी पर आइटी एक्ट की धारा 67, 68 और भादवि 295 की धारा दर्ज करते हुए मामले की तफ्तीश शुरू हुई।

### आरोपी चलाता है यूट्यूब चैनल

महाराष्ट्र पुलिस की जांच में यह बात सामने आयी कि प्रधानमंत्री मोदी जैसे भी वीवीआइपी को बदनाम करने के लिए यूट्यूब चैनल पर अश्लील सामग्री परोसी जा रही है। वीडियो में तस्वीर किसी और की होती है, लेकिन उसके चेहरे बड़ी हस्तियों के लगा दिये जाते हैं। पुलिस ने सभी वीडियो बेहद आपत्तिजनक माना है। महाराष्ट्र पुलिस के आइटी सेल ने जब मामले की तफ्तीश शुरू की, तो यह जानकारी मिली कि एसएफ फन क्लब के नाम से यूट्यूब पर आपत्तिजनक सामग्री डाली जा रही है।

पुलिस जांच में यह बात भी सामने आयी कि इस यूट्यूब चैनल को झारखंड की राजधानी रांची से नियंत्रित किया जा रहा है। पूरी तरह से पुख्ता जानकारी इकट्ठा करने के बाद महाराष्ट्र से चार सदस्यीय टीम रांची पहुंची और इटकी थाने के सहयोग से शमीम जावेद अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब अदालत से ट्रांजिट रिमांड लेकर शमीम को महाराष्ट्र लेकर जायेगी।

# फिर से वापस आ गयी ट्विटर की चिड़िया



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** हाल ही में माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर ने नीली चिड़िया को हटा कर उसकी जगह एक कुत्ते को बिठा दिया था। अब वह कुत्ता भी कहीं चला गया है। चार दिन बाद ट्विटर पर फिर से चिड़िया वापस आ गयी है। इस महीने की 4 तारिख को एलन मस्क ने ट्विटर से ब्लू बर्ड को हटा कर डॉगी को बिठा दिया था। खुद एलन मस्क ने भी इसे लेकर एक ट्वीट किया था। अब फिर से ट्विटर की चिड़िया देखा जा सकती है। बता दें कि ट्विटर के वास्तविक लोगो को एलन मस्क ने Shiba Inu की फोटो से रिप्लेस किया था जो कि Dogecoin का भी लोगो है। एलन मस्क के इस कदम का बड़ा फायदा यह हुआ कि Dogecoin की मार्केट वैल्यू में 30 फीसदी का इजाफो हो गया और अब फिर से पुराने लोगो की वापसी पर Dogecoin में 10% की गिरावट देखने को मिल रही है। अभी तक यह किसी को समझ नहीं आया है कि एलन मस्क ने लोगो में यह बदलाव किया। लोगो में कुत्ते की फोटो के बाद ट्विटर पर #DOGE ट्रेंड करने लगा। पहली नजर में तो लोगों को लगा कि ट्विटर हैक हो गया है। बाद में एलन मस्क के ट्वीट के बाद लोगों को राहत मिली कि यह काम मस्क का ही है।




## कोरोना पर मंडाविया ने स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ की बैठक

# अस्पतालों में 10-11 अप्रैल को मॉक ड्रिल का निर्देश

- राज्यों से कोरोना की जांच और जीनोम सीवेंक्सिंग बढ़ाने का आग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। इसको देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता में शुक्रवार को सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों की उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस दौरान मंडाविया ने सभी से सतर्क रहने को कहा। उन्होंने कहा कि डरने की जरूरत नहीं है। हमें भ्रम से बचना होगा। कोरोना की जांच और जीनोम सीवेंक्सिंग बढ़ानी होगी। इससे पहले देशभर में बीते 24 घंटे में कोरोना के पांच हजार से ज्यादा लोग संक्रमित मिले हैं। यह छह महीने में सबसे अधिक है।

**24 घंटे में 6050 केस आये :** देश में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। शुक्रवार को सामने आये आंकड़ों के मुताबिक बीते 24 घंटे में 6050 कोरोना संक्रमितों की पहचान की गयी है। यह बीते दिनों में मिले नये केसों से करीब 13 फीसदी ज्यादा है। देश में कोरोना के सक्रिय केस यानी उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़ कर 28,303 हो गयी है। इससे पहले गुरुवार को देश में 195 दिन बाद कोरोना के 5,335 नये मामले आये थे। पिछले साल 23 सितंबर को कोरोना के 5,383 दैनिक मामले सामने आये थे।

### 21 राज्य के 72 जिले रेड अलर्ट

बीते चार सप्ताह से देश में लगातार बढ़ते कोरोना मामलों के चलते 21 राज्य के 72 जिले रेड अलर्ट में आये हैं। इन जिलों में बीते सप्ताह के दौरान 12 से 100 फीसदी तक सैंपल कोरोना संक्रमित मिले हैं। दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु के सबसे अधिक जिले रेड अलर्ट में हैं।

**नये स्वरूप का बर्ताव पता लगा पाना मुश्किल :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर कहा कि सरकार इस पर लगातार नजर बनाये हुए है और राज्यों को एडवायजरी भी जारी कर दी गयी है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के लगातार नये वेरिएंट सामने आ रहे हैं, जो चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के वेरिएंट और सब वेरिएंट्स के मामलों की स्टडी की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अभी तक जो मामले सामने आये हैं, उन्हें खतरनाक नहीं कहा जा सकता है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना मामलों में उछाल को देखते हुए सावधानी बरतनी होगी। उन्होंने कहा कि कोरोना का नया वेरिएंट कैसा बर्ताव करेगा, इसके बारे में फिलहाल कुछ कहना मुश्किल है।

### एसओपी जारी करने का किया आग्रह : बन्ना गुप्ता



झारखंड में भी कोरोना के मरीज धीरे-धीरे बढ़ रहे हैं। राज्य में शुक्रवार को कोरोना के 60 सक्रिय मरीज हैं। झारखंड से स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता बैठक में शामिल हुए। बैठक के बाद बन्ना गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ संवाद किया। कुछ राज्यों में कोरोना के कुछ मामले सामने आने लगे हैं, हमने निवेदन किया है कि देश के स्तर पर कोई एसओपी जारी करें, ताकि इसे समय रहते रोका जाये। उन्होंने मॉक ड्रिल के निर्देश दिये हैं तो हम 10-11 तारीख को मॉक ड्रिल करायेंगे। हम 9 तारीख को सभी संबंधित अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक करेंगे और राज्य में तैयारियों की समीक्षा करेंगे। बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य में कोरोना वैक्सीन की कमी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से राज्य के लिए वैक्सीन की मांग की गयी है। राज्य के चार आरटी-पीसीआर लैब आइसीएमआर से मान्यता के इंतजार में हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से लैब को जल्द मान्यता देने का आग्रह भी किया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलर्ट पर है। कोरोना को लेकर जल्द ही नया एसओपी बनाया जायेगा। इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी चर्चा की जायेगी।



आजाद सिपाही
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
Channel

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 08 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in



## फोकस : छोटी पार्टियों को लुभाने के साथ नीतीश के वोट बैंक में सेंध लगाने की तैयारी

# बिहार जीतने के लिए भाजपा ने बनाया नया फॉर्मूला

देश में 2024 के आम चुनाव को लेकर माहौल बनने लगा है। लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के लिए कमर कस चुकी भाजपा अब एक-एक कर उन राज्यों पर फोकस कर रही है, जहां विपक्षी दलों की सरकार है और लोकसभा चुनाव में वहां कुछ 'खेल' हो सकता है। ऐसा ही एक राज्य है बिहार, जहां अभी नीतीश कुमार के नेतृत्व में जदयू-राजद-कांग्रेस की सरकार सत्ता में है। 2019 में भाजपा का नीतीश कुमार की पार्टी के साथ गठबंधन था और इसी कारण इन दोनों ने मिल कर राज्य की 40 में से 39 सीटों पर जीत हासिल कर ली थी। इस बार स्थिति अलग है। इसलिए भाजपा ने बिहार के लिए नया फॉर्मूला तय किया है। उसे इस बात का एहसास है कि बिहार में उसकी जीत का रास्ता नीतीश कुमार के वोट बैंक में सेंध लगाने से ही निकलेगा। भाजपा जानती है कि राजद के वोट बैंक में सेंध लगाना इतना आसान नहीं है, क्योंकि उसका वोट जातीय आधार के कारण भावनात्मक रूप से राजद से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा नीतीश कुमार के विरोध में छोटे दलों को अपने साथ लाना भी जरूरी है। इसलिए भाजपा इस अनोखे सामाजिक समीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जिसमें 'अगड़ी' जातियों के साथ-साथ ज्यादातर पिछड़े दलित समुदाय शामिल हैं। जदयू को लंबे समय से गैर-यादव पिछड़ी जातियों और दलित समुदायों का व्यापक समर्थन हासिल है। इसलिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पिछले दिनों मौर्य शासक सम्राट अशोक की जयंती पर नवादा आये थे, जो कुशवाहा समुदाय का इलाका माना जाता है। आबादी के लिहाज से कुशवाहा (कोइरी) समुदाय बिहार की दूसरी सबसे बड़ी आबादी है। इसकी आबादी सात से आठ फीसदी है। इस समुदाय का दावा है कि सम्राट अशोक भी इसी समुदाय के थे। इसलिए भाजपा ने पहले उपेंद्र कुशवाहा को नीतीश से अलग किया और फिर सम्राट चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बना कर कुशवाहा समुदाय को संदेश दिया। बिहार के लिए इस दोहरे प्लान का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

लगातार तीसरी बार देश की सत्ता हासिल करने के लिए कमर कस चुकी भाजपा ने अपने मिशन 2024 की रणनीति में थोड़ा बदलाव करते हुए उन राज्यों के लिए अलग-अलग फॉर्मूला तैयार कर लिया है, जहां विरोधी दलों की सरकार है। इन राज्यों में 2019 में हालांकि पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन बदली राजनीतिक परिस्थितियों और विपक्ष के एकजुट होने के खतरे को देखते हुए भाजपा ने इस फॉर्मूले पर तेजी से काम शुरू कर दिया है। भाजपा की नजर में दो ऐसे राज्य हैं, जहां पांच साल में राजनीतिक हालात बदले हैं। ये राज्य हैं बिहार और महाराष्ट्र। महाराष्ट्र में चूंकि भाजपा सत्ता में है, इसलिए उसे अधिक चिंता नहीं है, लेकिन बिहार में 2019 का प्रदर्शन दोहराने के लिए भाजपा को यह फॉर्मूला तैयार करना पड़ा है। इस फॉर्मूले में भाजपा छोटे दलों को अपने खेमे में लाने के साथ अब सामाजिक समीकरणों पर ध्यान दे रही है।

**अमित शाह के नवादा दौरे के बाद से फॉर्मूले पर काम तेज**

इस बात में कोई संदेह नहीं कि भाजपा के सामने अभी सबसे बड़ी चुनौती 2024 का लोकसभा चुनाव है। इस चुनाव में बिहार में जदयू-राजद-कांग्रेस और अन्य दलों की महागठबंधन सरकार को हरा कर भाजपा 2025 में राज्य में होनेवाले विधानसभा चुनाव के लिए भी अपने हक में सकारात्मक माहौल बनाना चाहती है। लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए भाजपा ने अब लंबे समय तक अपने सहयोगी रहे नीतीश कुमार के वोट बैंक पर ही नजर गड़ा दी है। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रही महागठबंधन सरकार की सबसे मजबूत पार्टी वैसे तो राजद है, लेकिन भाजपा को इस बात का एहसास हो गया है कि राज्य में पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए या यूं कहें कि भाजपा की जीत का रास्ता नीतीश कुमार के वोट बैंक में ही सेंध लगाने से निकलेगा। ऐसे में भाजपा अब उत्तरप्रदेश की तर्ज पर बिहार में भी एक नया सामाजिक राजनीतिक समीकरण या वोट बैंक बनाने की कोशिश में जुट गयी है।



### नीतीश के वोट बैंक पर भाजपा की नजरें

नीतीश कुमार गैर यादव पिछड़ी जातियों, दलित समुदाय और मध्यम वर्ग के एक बड़े तबके, खासकर महिलाओं के समर्थन के बल पर बिहार में भाजपा के सहयोग से लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे और वर्तमान में राजद के सहयोग से मुख्यमंत्री हैं। भाजपा ने एक खास रणनीति के तहत अब नीतीश कुमार के इसी वोट बैंक पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। भाजपा ने बिहार में महागठबंधन की सरकार को हराने के लिए एक तरफ जहां उत्तरप्रदेश की तर्ज पर एक नये सामाजिक राजनीतिक समीकरण को तैयार करने की रणनीति बनायी है, जिसके तहत भाजपा अपने परंपरागत जनाधार, अगड़ी जातियों को तो मजबूती से अपने साथ बनाये रखने की कोशिश करेगी ही, तो वहीं साथ ही नीतीश के समर्थक पिछड़ी जातियों को भी पार्टी से जोड़ने की कोशिश करेगी।

बिहार की राजनीति के लिहाज से देखा जाये, तो यह अपनी तरह का एक अनोखा सामाजिक राजनीतिक समीकरण होगा। बिहार में जातियों की बात करें, तो यादव समुदाय के बाद कुशवाहा समुदाय को सबसे बड़ा और सबसे ठोस वोट बैंक माना जाता है, जो लगातार नीतीश कुमार के साथ रहा है। बिहार की आबादी में कुशवाहा समाज की आबादी सात से आठ प्रतिशत के लगभग है।

### सम्राट चौधरी को बनाया प्रदेश अध्यक्ष

भाजपा ने हाल ही में कुशवाहा समुदाय से जुड़े सम्राट चौधरी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बना कर अपने इरादे को जाहिर भी कर दिया है। भाजपा नीतीश कुमार पर यह आरोप लगा रही है कि कुशवाहा समाज ने हमेशा नीतीश कुमार का साथ दिया, लेकिन बदले में नीतीश कुमार ने उन्हें सिर्फ धोखा ही दिया है। सम्राट चौधरी के जरिये भाजपा द्वारा बिहार के कुशवाहा मतदाताओं को यह राजनीतिक संदेश देने का प्रयास भी किया जा रहा है कि राज्य में यादव और कुर्मी मुख्यमंत्री रह चुके हैं और अब उनके समाज के किसी शख्स को मुख्यमंत्री बनना चाहिए। कुशवाहा समाज के साथ-साथ भाजपा राज्य में अत्यंत पिछड़ा वर्ग में आनेवाली कुछ ऐसी जातियों को भी पार्टी के साथ जोड़ने की कोशिश कर रही है, जिनकी संख्या चुनावी रणनीति के हिसाब से बहुत ज्यादा भले ही ना हो, लेकिन अगर यहे जातियां मिल कर भाजपा को वोट देती हैं, तो उसके उम्मीदवारों की जीत की राह और ज्यादा आसान हो जायेगी।

### छोटे दलों पर भाजपा का फोकस

यही वजह है कि भाजपा ने अब बिहार में जातिगत जनाधार रखनेवाले छोटे-छोटे राजनीतिक दलों पर भी फोकस करना शुरू कर दिया है। इसी रणनीति के तहत भाजपा की निगाहें चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा, मुकेश सहनी, जीतन राम मांझी और आरसीपी सिंह जैसे नेताओं पर बनी हुई है। भाजपा इस बार इन छोटे-छोटे दलों को साथ लेकर लोकसभा चुनाव में उतरने का मंसूबा बना रही है। मध्यम वर्ग और महिलाओं में नीतीश कुमार की लोकप्रियता को कम करने के लिए भाजपा लगातार राज्य में फेल हो चुकी शराबबंदी, नकली शराब से हो रही लोगों की मौत और लगातार बिगड़ रही कानून-व्यवस्था के मसले को जोर-शोर से उठा रही है। यहां तक कि भाजपा नीतीश कुमार की अपनी जाति कुर्मी समुदाय को भी लुभाने की कोशिश कर रही है। यादव समाज से आनेवाले नित्यानंद राय को पार्टी ने केंद्र की मोदी सरकार में गृह राज्यमंत्री बनाया हुआ है।

### महागठबंधन को पस्त करना चाहती है भाजपा

भाजपा की कोशिश बिहार में अगड़ी जातियों और अत्यंत पिछड़ी जातियों का एक ऐसा वोट बैंक तैयार करना है, जिसके सहारे पार्टी बिहार में मजबूत जनाधार वाली महागठबंधन सरकार को परास्त कर सके। अगर भाजपा राज्य में इस तरह का जातीय राजनीतिक सामाजिक समीकरण तैयार करने में कामयाब हो जाती है, तो फिर देश के कई अन्य राज्यों की तरह बिहार में भी 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी 50 प्रतिशत के आसपास वोट हासिल कर सकती है और अगर ऐसा हुआ, तो निश्चित तौर पर 2025 के विधानसभा चुनाव में भाजपा एक बड़े दावेदार के रूप में नीतीश-तेजस्वी महागठबंधन के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरेगी।

# नशा पर चर्चा: युवाओं को बचाने के लिए जन सहभागिता की जरूरत



संजय सेठ

*बेंगलुरु, जिसे भारत का सबसे बड़ा आइटी हब कहा जाता है, अब वह नशाखोरी का भी एक बड़ा हब बन चुका है। बड़ी संख्या में युवा नशे की गिरफ्त में हैं। युवाओं में नशे की लत का जो आंकड़ा राष्ट्रीय स्तर पर आ रहा, वह चौंकानेवाला है। यह बहुत बड़ा चिंता का विषय है। रांची में भी नशा लगातार अपना पैर पसार रहा है। इस मुद्दे को पिछले दिनों रांची के सांसद संजय सेठ ने संसद में भी उठाया। सुझाव के लहजे में उन्होंने संसद में कहा कि सरकार तो अपने अनुसार अपना काम करती है, परंतु ऐसे मामलों में समाज को आगे आना चाहिए। इसे किसी भी कीमत पर हम सबको रोकना होगा। देश में एक आंदोलन चलाना होगा, जिसमें जन-जन की सहभागिता हो, तभी यह कारोबार रोका जा सकता है।*

रांची से भाजपा सांसद संजय सेठ ने संसद में कहा- अभी सितंबर, अक्टूबर में एक आर्टिकल पढ़ रहा था, जिसमें भारत में युवा और नशाखोरी पर एक रिपोर्ट थी। रिपोर्ट पढ़ कर मैं दंग रह गया। मैंने अपने मित्रों से चर्चा की। अपने परिचितों से चर्चा की। उसकी रिपोर्ट जो थी, वह चौंकानेवाली थी। सहसा मुझे विश्वास नहीं हुआ कि बेंगलुरु, जिसे हम सब, पूरा देश यह जानता है कि वह भारत का सबसे बड़ा आइटी हब है, अब वह नशाखोरी का भी बड़ा हब बन चुका है। बड़ी संख्या में युवा इसकी गिरफ्त में हैं।

पढ़ने के लिए बेंगलुरु जानेवाले युवाओं या नौकरी पेशा के लिए बेंगलुरु जाने वाला युवा, हर कोई नशे की गिरफ्त में है। और सबसे दुखद यह है कि हमारी बेटियां तेजी से इसका शिकार हो रही हैं। नशा मुक्ति केंद्र जाने में लड़कियां हिचक रही हैं। उन्हें डर इस बात का है कि इससे उनकी बदनामी होगी। उनके परिवार की बदनामी होगी, हालांकि नशा मुक्ति केंद्र की विशेषता है कि वह इन सब बातों को गोपनीय रखते हैं, बावजूद इसके यह डर खराब है।

बेंगलुरु जैसे आइटी हब में नशा का इतना बड़ा कारोबार हम सबके लिए चिंता और चुनौती दोनों का ही विषय है। इसलिए मैं बार-बार यह बात कहता हूं कि सरकार तो अपने अनुसार अपना काम करती है, परंतु ऐसे मामलों में समाज को आगे आना चाहिए। आखिर नशा बेचनेवाले लोग कौन हैं? हम सबके बीच का ही कोई व्यक्ति है, जो नशे की वस्तुओं को बेचता है। हमारे परिवार का युवा उसे खरीदता है। कई बेटियों की कहानी पढ़ कर मैं दंग रह गया। कैसे पढ़ने के लिए गयी बेटियां वहां ड्रग्स की आदी हो गयीं और फिर उनके जीवन का उद्देश्य ही बदल गया ।

हम आप कल्पना नहीं कर सकते कि हमारे गांव से मां-बाप कैसे पेट काट कर बच्चों को पढ़ने के लिए बेंगलुरु भेजते हैं। उन्हें लगता है कि बच्चा आइटी में कुछ करेगा। जीवन बढ़िया रहेगा। गांव में मां बाप इस उम्मीद में बैठे रहते हैं कि यदि बेटे की नौकरी लगेगी, तो बहन की शादी होगी। घर की छत पक्की होगी, परंतु बच्चे तो वहां जाकर किसी और गिरफ्त में चले जाते हैं।

यह बहुत चिंता का विषय है और निश्चित रूप से इस तरह के मुद्दों में और कड़ी कार्रवाई का प्रावधान होना चाहिए, ताकि हमारी युवा पीढ़ी इससे बच सके।

**युवाओं से भी मैं अक्सर आग्रह करता हूं, अपने संवाद कार्यक्रम में युवाओं को बोलता हूं:**

जीवन में सब कुछ करो, नशे के चक्कर में मत पड़ो, क्योंकि नशा नाश की जड़ है। सिर्फ आप नहीं बर्बाद होते, आपका पूरा परिवार बर्बाद होता है, समाज बर्बाद होता है और अंततः इसका असर कहीं ना कहीं हमारे राष्ट्र पर पड़ता है। इसलिए मैं युवाओं से आह्वान करता हूं कि किसी भी रूप में यदि आपने नशा शुरू किया है, तो उसे छोड़ने के लिए अपना विल पावर मजबूत करो और उसे छोड़ो। हो सकता है, इसमें समय लगे, परंतु उसका परिणाम बहुत सार्थक होगा।

मैं इस पूरी चर्चा के बीच में एक छोटा सा डाटा झारखंड का भी रखना चाहूंगा। वर्ष 2020 में झारखंड में अफीम की खपत 36 किलोग्राम थी, जबकि गांजा की खपत एक टन से अधिक थी। वहीं 2021 में अफीम की खपत तो कुछ कम हुई, लेकिन गांजा की खपत बढ़ कर चार टन हो गयी। यह चिंता का विषय है। हमारे झारखंड में तो अफीम की खेती भी होती है, गांजा की खेती भी होती है। जब तब अखबारों में खबर आती है कि पुलिस ने अफीम की खेती को नष्ट किया। गांजा की खेती को नष्ट किया।

यह जरूरी है कि हमें किसानों को भी जागरूक करना होगा, जो अफीम और गांजा की खेती करते हैं। झारखंड की स्थिति थोड़ी अलग है। ऐसा कहा जाता है कि वहां नक्सलियों के संरक्षण में इनकी खेती को बढ़ावा दिया जाता है। शार्ट टर्म में ज्यादा पैसा कमाने के चक्कर में भोले-भाले किसान इस झांसे में फंस जाते हैं। इसमें सिर्फ किसान नहीं फंसते, पूरा परिवार फंसता है, पूरा गांव फंसता है। फिर नशे की वस्तुओं का उपयोग कौन करता है। उन्हीं के परिवार का कोई व्यक्ति करता है।

अभी एक अध्ययन के दौरान मैंने यह डाटा पढ़ा कि भारत में 11 से 17 वर्ष की आयु वर्ग के 20 लाख बच्चे भांग का सेवन करते हैं। यह भयावह तस्वीर है। हम बार-बार कहते हैं कि जागरूकता लानी चाहिए। मुझे लगता है कि अब जागरूकता लाने का समय नहीं रहा, अब ठोस कार्रवाई का समय है।

ऐसे बच्चे, ऐसे परिवार, जो नशा की गिरफ्त में हैं, उनके साथ सहानुभूति रखते हुए उससे उन्हें दूर करने की पहल करनी चाहिए।

नशा करने के कई उपाय लोगों ने कर रखे हैं। लोग कफ सिरप तक पीते हैं। छोटे-छोटे बच्चे रेलवे स्टेशनों के आसपास डेंड्राइड लेते हैं। अपनी यात्रा के क्रम में कई बार मैंने इन बच्चों से संवाद किया, परंतु स्थिति ऐसी है कि बच्चे न तो स्कूल जाना चाहते हैं, ना तो कोई काम करना चाहते हैं। आपराधिक तत्वों के लोग ऐसे बच्चों को नशे का आदी बना कर उनसे अपराध करवाते हैं। हत्याएं तक करवा देते हैं। ऐसी परिस्थिति में बच्चों के साथ भी सख्ती बरतने की जरूरत है। नशा के चलते कई परिवार बर्बाद हुए। कुछ दिन पूर्व रांची में ही पति के नशे से तंग आकर पत्नी ने अपनी बच्ची के साथ आत्महत्या कर ली। ऐसी खबरें आखिर कब तक चलेगी?



झारखंड में वर्तमान समय में एक साल पहले तक एक नशा मुक्ति केंद्र चल रहा है। सरकार से अनुरोध है कि झारखंड के हर जिले में एक नशा मुक्ति केंद्र खोला जाये। उसकी प्रॉपर मॉनिटरिंग हो। कई बार अधिकारी संस्थाओं को काम देकर अपनी जिम्मेवारी भूल जाते हैं। मुझे लगता है, पूरी व्यवस्था को जिम्मेवार बनाने की जरूरत है। तभी इस पर विराम लगाया जा सकता है।

महोदय, यह विषय गंभीर हो चला है। हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। देश के युवाओं पर भारत के भविष्य की बागडोर सौंप रहे हैं। ऐसे में उन युवाओं को नशे के चंगुल से बचाने की जरूरत है, वरना राम और कृष्ण की धरती का युवा नशे का शिकार होकर, अपनी बर्बादी तो कर ही रहा होगा, समाज और राष्ट्र को भी तबाह करेगा।

दो महीने पहले रांची में एक मॉडल ड्रग्स की व्यवसाय में गिरफ्तार हुई। अखबारों में मैंने पढ़ा, बहुत दुख हुआ। हमारी बेटियां, जो मॉडलिंग के क्षेत्र में जा रही हैं। जिसके प्रति बेटियों का रुझान बढ़ा है, उस क्षेत्र में भी ऐसी गंदगी है। आखिर वे कौन लोग हैं, जो इस तरह की गंदगी को फैला रहे हैं। इस पर आज समाज को विचार करने की जरूरत है।

**अभी लेखिका सोनाली मिश्रा ने एक पुस्तक लिखी है नेहा की लव स्टोरी**

कई बिंदुओं पर आधारित विशेष रूप से युवाओं की जीवन शैली और युवाओं पर आधारित पुस्तक लिखी गयी है। इस पुस्तक में यह बताया गया है कि कैसे युवा वर्ग जब अपने संस्कार और संस्कृति से विमुख होता है, तो परिवार और समाज के लिए बड़ी समस्या खड़ी होती है। इसका परिणाम सिर्फ नशे की गिरफ्त नहीं होता है, कभी प्यार मोहब्बत के चक्कर में, कभी ऐसे ही कई दूसरे मामलों में युवा बुरी तरह उलझ जाता है... और फिर सिर्फ युवा बर्बाद नहीं होता, पूरा परिवार बर्बाद होता है। विशेष रूप से सबसे सॉफ्ट टारगेट 14 से 17 साल की बेटियां होती हैं। बच्चे होते हैं। इसलिए इस समस्या के समाधान के लिए हमें इस बात पर भी फोकस करना होगा कि हम परिवारों के साथ सामंजस्य बनायें। बच्चों के साथ मित्रवत हों, इसकी मनोवैज्ञानिक समस्या को समझना होगा। आखिर क्यों बच्चे नशे की गिरफ्त में जाते हैं? जब परिवार टूटता है, तो बच्चे भी बिखरते हैं। इसके बाद बच्चे कई तरह के जाल में फंसते हैं, जिसमें नशा भी एक प्रमुख जाल है।

हमें भारत को भारत की दृष्टि से देखना होगा। संयुक्त परिवार की परंपराओं को समझना होगा। उसके बाद ही हम इस पर कुछ ठोस कदम उठा सकते हैं।

उस पुस्तक में बताया गया है कि ऐसे युवाओं को अलग-अलग क्षेत्रों में भटकाया जाता है। कैसे उन्हें झूठे सब्जबाग दिखाये जाते हैं और उनका जीवन बर्बाद किया जाता है। प्यार की बातें करना, फिर उसको नशे की आदत दिलाना और फिर उसके पूरे जीवन को बर्बाद करना ।

महोदय, इसे किसी भी कीमत पर हम सबको रोकना होगा। देश में एक आंदोलन चलाना होगा, जिसमें जन-जन की सहभागिता हो, तभी यह कारोबार रोका जा सकता है।

दिल्ली पुलिस के पूर्व उप निरीक्षक डॉक्टर दलवीर सिंह अपने एक लेख में लिखते हैं कि यूरोपीय देशों में तो शराब तथा इस प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन एक प्रकार की अनिवार्यता मानी जाती है। ऐसा कहा जाता है कि इसका मुख्य कारण वहां का प्राकृतिक जलवायु वातावरण है। इस प्रकार भारतीय परंपरा में भी मद्यपान कोई नयी बात नहीं है, लेकिन आज के भारत और पहले के भारत में काफी अंतर आ गया है। तब का जीवन ना तो आज के समान अभाव से ग्रस्त और ना आज जैसी सैद्धांतिक और व्यावहारिक जटिलताएं थीं। तब के नशे में भी परिस्थितियों के अनुसार आज जैसी उत्तेजना नहीं रही होगी। आज के जीवन में जटिल भाषा में है। परिस्थितियों की भयानकता है। विशेषकर भारत जैसे सदियों से पराधीन रह कर शोषित हुए देश में मद्यनिषेध या नशाबंदी की प्रक्रिया अत्यंत आवश्यक है।

जहां सुमति नहीं है, वहां दंभ, दर्द, क्रोध और अधर्म का साम्राज्य होता है। ऐसे व्यक्ति, देश और समाज के लिए खतरनाक सिद्ध होते हैं। जो अनेक प्रकार की बीमारियां, दुर्घटनाएं, हृदय गति रुकने की घटनाएं, मृत्यु का कारण बन रही हैं।

उसके मूल में शराब तथा इस प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन ही है। भारत जैसे विषम परिस्थितियों वाले देश में मद्यपान की प्रवृत्ति वास्तव में नेक दृष्टि से हानिकारक है। यूरोपीय देशों में ठंडे वायुमंडल पर विजय पाने के लिए शराब का सेवन किया जाता है, वहीं भारतीय युवा वर्ग अकसर अकड़ में आकर नकल के रूप में कम आयु में ही शराब पीना शुरू करता है। अन्य नशे का सेवन करना शुरू करता है। अपने आपको हीरो प्रमाणित करने के लिए, हिंसा और कुंठा को छिपाने के लिए नशे का आदि हो जाता है। और अब यह परिपाटी बन चुकी है। हमारा कोई भी उत्सव बिना शराब के अधूरा समझा जाता है। यही वजह है कि हमारा युवा वर्ग संस्कार से भटकता जा रहा है और उनमें एक अहम घर करता जा रहा है।

पूज्य महात्मा गांधी जी ने भी आजीवन शराब और नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ जनता को सचेत करने का काम किया था। गांधी जी ने कहा थाः शराब आत्मा और शरीर दोनों का नाश करती है। मेरा अनुरोध है कि इस दिशा में सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाये, परंतु इसके साथ-साथ समाज के जागरण का भी काम हो ।

मेरा ऐसा मानना है कि नशा मुक्ति सरकार से ज्यादा समाज का विषय है। परिवार का विषय है। समाज और परिवार चाहे तो नशा मुक्ति जैसे अभियान में और सफलता प्राप्त की जा सकती है। इसलिए मेरा अनुरोध है कि सरकार इस पर कठोर कानून बनाये, ताकि नशा मुक्ति की दिशा में हम कदम बढ़ा सकें। साथ ही साथ हम समाज को भी जिम्मेवार बनायें।

... और देश के लोकतंत्र की सबसे बड़ी पंचायत के माध्यम से मैं अनुरोध करता हूं देश की जनता से, आप सब पहले खुद, फिर अपने परिवार और फिर अपने समाज के प्रति जिम्मेवार बनें और इस सबसे बड़ी सामाजिक बुराई को तोड़ने के लिए कदम से कदम मिला कर आगे बढ़ें।

हमारे प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी भी कहते हैं कि सवा सौ करोड़ देशवासी एक-एक कदम आगे बढ़ायेंगे तो देश सवा सौ करोड़ कदम आगे बढ़ेगा।

***तो आइए नशा मुक्ति के क्षेत्र में हम सब एक-एक कदम आगे बढ़ायें। नशा के समूल नाश के लिए कदम बढ़ायें। फिर से नशा मुक्त भारत***

***लेखक रांची से सांसद हैं***

# मंत्री बादल से मिलते ही रोने लगा जगरनाथ महतो का छोटा बेटा, कहा- उस रात अचानक बिगड़ी थी तबीयत





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 'यहां से जाने के बाद वह ठीक ही थे। रिकवर भी कर रहे थे, लेकिन उस रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी।' ये शब्द हैं शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के छोटे बेटे अखिलेश महतो के, जो पिता के पार्थिव शरीर को एयरपोर्ट से लेने पहुंचे थे। शिक्षा मंत्री के पार्थिव शरीर को शुक्रवार की सुबह रांची एयरपोर्ट लाया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद एयरपोर्ट से कॉफिन को कंधा देकर एंबुलेंस में रखा। पिता के शव को लेने पहुंचा शिक्षा मंत्री का छोटा बेटा बादल और महुआ माझी को अभिभावक के तौर वहां मौजूद देख रोने लगा।

## बॉडी ऑर्गन ने बंद कर दिया था धीरे-धीरे काम करना

जगरनाथ महतो के छोटे पुत्र रो रहे थे। कुछ लोग उनसे जानना चाह रहे थे कि यह सब कैसे हुआ। टूटे-फूटे शब्दों में वह कहने का प्रयास कर रहे थे। कह रह थे- रिकवर भी कर रहे थे, लेकिन उस रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। बॉडी ऑर्गन ने धीरे-धीरे काम करना बंद कर दिया। सुबह होते-होते डॉक्टर्स ने भी हाथ खड़े कर दिये। यह कहते ही अखिलेश की आंखें एक बार फिर भर आयीं।

## शांत थे सीएम हेमंत सोरेन

एयरपोर्ट से विधानसभा जाने के दौरान अखिलेश पिता के साथ ही एंबुलेंस में आये। परिसर में पूरे समय खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अखिलेश के साथ खड़े रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भी मीडिया से कोई बातचीत नहीं की, लेकिन ट्विटर पर कुछ तस्वीरों के माध्यम से अपनी बात जरूर रखी। शिक्षा मंत्री के पार्थिव शरीर को विधानसभा परिसर से झामुमो कार्यालय लाया गया। वहां, पार्टी कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री के अंतिम दर्शन किये, जिसके बाद एंबुलेंस में रख कर शिक्षा मंत्री का पार्थिव शरीर पैतृक जगह फुसरो चला गया। फुसरो पहुंचते ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। लोग एक-एक कर नम आंखों से जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि देने लगे।

### रांची एयरपोर्ट पर जगरनाथ महतो को सांसद संजय सेठ ने दी श्रद्धांजलि

**रांची।** राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर रांची एयरपोर्ट पहुंचने पर रांची के सांसद संजय सेठ ने अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की। उन्होंने अपनी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि जगरनाथ महतो एक परिपक्व और अच्छे राजनेता के रूप में जाने जाते थे। उनके आकस्मिक निधन से राज्य ने एक अच्छा नेता खो दिया। उन्होंने उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए कहा कि ईश्वर उनके परिवार को इस दुख की घड़ी में दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — परिस्थितियों में काफी बदलाव होगा, सामाजिक क्षेत्र में कार्य विस्तार होगा।
- **वृष** — रुके हुए कार्यों में तेजी आयेगी, नवीन योजना बनेगी, मान-सम्मान-यश में वृद्धि होगी।
- **मिथुन** — उत्साह उमंग भरा होगा, पदोन्नति और व्यवसाय में लाभ के अवसर बढ़ेगी।
- **कर्क** — अनावश्यक खर्चों में कमी आयेगी, आर्थिक एवं व्यावसायिक मामलों के लिए समय अच्छा है।
- **सिंह** — मकान, वाहन, भौतिक सुखों की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।
- **कन्या** — रुका हुआ काम पूरा होगा, संतान सुख, महत्वकांक्षा पूरी होगी, धन लाभ होगा।
- **तुला** — नवीन योजनाओं को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना हो सकता है।
- **वृश्चिक** — संतानों की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा, पुरानी परेशानी से छुटकारा।
- **धनु** — चिर संचित अभिलाषा पूरी होगी, कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, अधिकारियों का सहयोग।
- **मकर** — आमदनी के साधनों में सुधार होगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।
- **कुंभ** — कुछ नये संबंध बनेंगे, पारिवारिक परेशानी से छुटकारा, अभी नौकरी में बदलाव न करें।
- **मीन** — सरकारी नौकरी करनेवालों के नवीन पद और अधिकार मिलने की संभावना।

### सरना झंडा जलाने के विरोध में आदिवासी संगठनों ने निकाला मशाल जुलूस

# आदिवासी संगठनों का आज रांची बंद




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के करम टोली चौक में सरहुल के मौके पर लगाये गये सरना झंडा को जलाने के खिलाफ आठ अप्रैल शनिवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों ने रांची बंद का आह्वान किया है। बंद के पूर्व संध्या शुक्रवार को केंद्रीय सरना समिति, पहान महासंघ, राजी सरना प्रार्थना महासभा और विभिन्न आदिवासी संगठनों ने जयपाल सिंह स्टेडियम से लेकर अल्बर्ट एक्का चौक तक मशाल जुलूस निकाला। मशाल जुलूस में सैकड़ों की संख्या में पहान पूजार, महिला, पुरुष हाथों में मशाल एवं हाथों में तख्तियां लिए हुए सरना झंडा जलाने को लेकर आक्रोश व्यक्त कर रहे थे, एवं असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फुलचंद तिर्की ने कहा कि आदिवासी अपनी परंपरा संस्कृति के प्रति जागरूक हो चुके हैं। अपने सम्मान बचाने के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। 8 अप्रैल को रांची बंद ऐतिहासिक होगा। बंदी में एंबुलेंस, स्कूल बस, दूध, दवा दुकान को बंदी से छूट दी गयी है। मशाल जुलूस में केंद्रीय सरना समिति के संरक्षक भुनेश्वर लोहरा, महासचिव संजय तिर्की, उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, सचिव विनय उरांव, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के महासचिव विमल कच्छप, बाना मुंडा, महिला शाखा अध्यक्ष नीरा टोप्पो, सुखवारो उरांव, धर्म कुमार, दीपक जयसवाल, जय आदिवासी केंद्रीय परिषद के अध्यक्ष निरंजन हेरेंज टोप्पो, कांके सरना समिति के अध्यक्ष रंजीत टोप्पो, शिवा कच्छप, राजी पड़हा प्रार्थना सभा के संजय कुजूर, आदिवासी सरना विकास समिति के अध्यक्ष अशोक मुंडा, डब्लू मुंडा सहित कई अन्य मौजूद थे।

### सरना झंडा जलाना दुखद, दोषियों पर कार्रवाई हो: राजेंद्र प्रसाद



रांची (आजाद सिपाही)। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा है कि सरना झंडा को जलाने की घटना घोर निंदनीय है। प्रसाद ने यह भी कहा कि झारखंड के मूलवासी सदान और आदिवासी भाई आपसी भाइचारा के साथ रहते आ रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी हरकत तो मूलवासी सदान कभी नहीं करेंगे। प्रसाद ने कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए और दोषियों के ऊपर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई सरकार से करने की मांग की है। प्रसाद ने कहा, इसकी जांच आवश्यक है, ये कौन लोग हैं, जो राज्य के माहौल को बिगाड़ना चाहते हैं।

### लोबिन हेंब्रम और विजय शंकर नायक ने रांची बंद का किया समर्थन



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कहा कि सरना झंडा को उखाड़ कर फेंकने और जलाने के मामले को झाारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय मुख्य संयोजक विधायक लोबिन हेंब्रम ने गंभीरता से लिया है। हमने इस मुद्दे को लेकर रांची बंद का समर्थन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि समस्त आदिवासी मूलवासी संगठनों से अपील है कि वे 8 अप्रैल की बंदी को सफल बनाने के काम में लगें, ताकि जिन्होंने सरना झंडा को उखाड़ कर फेंकने और जलाने का काम किया, वैसे लोगों को पता चल सके कि आदिवासी समाज इस घटना के दोषियों की गिरफ्तारी तक सड़क पर संघर्ष करेगा। नायक ने आगे यह भी कहा कि आदिवासी समाज इस घटना को गंभीरता के साथ ले और सड़क पर संघर्ष करने का काम करे। कहा कि जिला पुलिस प्रशासन के द्वारा अब तक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं करना शर्म का विषय है। अगर जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत की जायेगी।

# दो दिन में मंत्रियों ने ऐसा क्या कर दिया कि अविनाश पांडे अपने बयान से पलट गये : दीपक प्रकाश



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हाल ही में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने एक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह मंत्रियों के कामकाज से खुश नहीं हैं। लेकिन अगले ही दिन उन्होंने मीडिया में बयान दिया कि राज्य के सभी मंत्री अच्छा काम कर रहे हैं। सबके काम का आकलन किया गया है। अविनाश पांडे के दोनों बयानों को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने अविनाश पांडेय को कटघरे में खड़ा किया है।

उन्होंने कहा कि दो दिन पहले तक झारखंड कांग्रेस मंत्रियों को विफल बताने वाले कांग्रेस प्रभारी के बयान में अचानक बदलाव कैसे आ गया। आखिर दो दिन में मंत्रियों ने ऐसा कौन सा ऐतिहासिक कार्य कर दिया कि प्रभारी की नजरों में वे योग्य और काबिल हो गये और उनके नहीं बदले जाने की बात अविनाश पांडे ने कर दी। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रभारी का आखिर मंत्रियों के साथ क्या आंतरिक समझौता हुआ। यह उन्हें सार्वजनिक तौर पर बताना चाहिए।

हेमंत सरकार की तानाशाही में राज्य सरकार के मंत्रियों के खिलाफ बयान देना कांग्रेस प्रभारी को महंगा पड़ा। दीपक प्रकाश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार में सहभागी भी और समर्थन में आंदोलन भी करती है। इसलिए बयानों के द्वारा जनता की नजरों में अच्छा बनने की कोशिश कांग्रेस पार्टी को नहीं करनी चाहिए। कांग्रेस झारखंड के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने एक संस्थान के कार्यक्रम में कहा था कि वह सरकार में शामिल कांग्रेस के मंत्रियों के कामकाज से खुश नहीं हैं। इसके बाद यह कयास लगाया जाने लगा था कि मंत्रिमंडल में फेरबदल हो सकता है। हालांकि अविनाश पांडे के अगले ही दिन एक बयान के बाद कयासों पर रोक लग गयी। पलामू में उन्होंने साफ तौर पर कहा कि झारखंड सरकार के सभी मंत्री मेनिफेस्टो से बढ़ कर काम कर रहे हैं। उनका आकलन किया गया है। मंत्री में फेरबदल की फिलहाल संभावना नहीं है।

## कुड़मी समाज के आंदोलन के कारण नहीं चलीं 12 ट्रेनें

**रांची।** खड़गपुर-टाटानगर रेलखंड के खेमाशुलि स्टेशन और आद्रा-चांडिल रेलखंड के कुस्तौर स्टेशन पर आदिवासी कुड़मी समाज के अनिश्चितकालीन रेल चक्का जाम के तीसरे दिन शुक्रवार को भी 12 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। रेल मंत्रालय ने ट्रेन संख्या 02832/02831 भुवनेश्वर-धनबाद-भुवनेश्वर त्रि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरों में वृद्धि और परिचालन अवधि में विस्तार किया है। इन ट्रेनों की समय सारिणी, ठहराव और कोच संयोजन पहले की तरह रहेंगे। ट्रेन संख्या 02832 भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल ट्रेन 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रतिदिन भुवनेश्वर से प्रस्थान करेगी।

# अविनाश पांडे के जामताड़ा आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह

कार्यसमिति की बैठक संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 11 अप्रैल को कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे का आगमन जामताड़ा में होना है। उस दिन जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को प्रदेश प्रभारी संबोधित करेंगे। इसको लेकर कार्यकर्ताओं की तरफ से तैयारी शुरू कर दी गयी है। शुक्रवार जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक परिसदन भवन में जिला अध्यक्ष हरिमोहन मिश्रा की अगुवाई में हुई। इसमें जिला प्रभारी मदन महतो भी शामिल हुए। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी, जिसमें बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को सम्मेलन में उपस्थित करवाना, समर्थकों को कार्यक्रम स्थल तक लाना और आगे की रूपरेखा के तहत आंदोलन को गति देना आदि शामिल रहा।

### इडी का खुलासा : संताल के प्रतिबंधित क्षेत्र में जारी है अवैध पत्थर खनन

# पहाड़ों में छेद कर भरी गयी है बारूद, सौंपी रिपोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** संताल क्षेत्र में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में मनी लांड्रिंग के तहत अनुसंधान कर रही इडी ने अब एक नया खुलासा किया है। पूर्व में इडी ने जिन क्षेत्रों को अवैध खनन क्षेत्र घोषित किया था, उस प्रतिबंधित क्षेत्र में छापेमारी के बावजूद अवैध पत्थर खनन जारी है। वहां के पहाड़ों में कई नये छेद मिले, जहां बारूद भरी गयी है। स्थानीय स्तर पर भी इडी को जानकारी मिली कि रात के वक्त वहां अवैध खनन जारी है। इडी, वन अधिकारियों, प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम के औचक निरीक्षण में इसका खुलासा होने के बाद इडी ने ड्रोन से एरियल व्यू लिया और फोटोग्राफी भी करायी।

## इडी ने तैयार की है विस्तृत रिपोर्ट, साहिबगंज एसपी को लिखा पत्र

इडी ने एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर साहिबगंज के एसपी को पत्र लिखा है कि इस पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कराने की जरूरत है। यह संज्ञेय अपराध के अधीन आता है। इडी ने साहिबगंज के एसपी को दिये अपने आवेदन में बताया है कि पूर्व में एक दिसंबर 2022 को साहिबगंज के सदर थाने में दर्ज कांड संख्या 06 / 2022 को इडी ने टेकओवर किया है। इस केस में इडी ने 7 अप्रैल 2023 को नया ईसीआइआर/ आरएनजेडओ/ 7/2023 दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। पूरा मामला अवैध खनन का है, जिसका खुलासा गत वर्ष की इडी की छापेमारी में हुआ था। इस केस में मुख्यमंत्री के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा, उनके सहयोगी विष्णु यादव और अन्य आरोपित हैं। इस मामले में इडी ने जब बीते पांच अप्रैल को औचक निरीक्षण किया तो अवैध खनन जारी रहने की जानकारी मिली। इसके बाद ईडी ने एक दिसंबर, 2022 के उक्त केस में नया ईसीआइआर दर्ज की है।

## इडी ने एसपी साहिबगंज को दी औचक निरीक्षण की रिपोर्ट

इडी ने एसपी साहिबगंज को जो रिपोर्ट सौंपी है, उसमें बताया है कि संयुक्त टीम ने पांच अप्रैल को साहिबगंज जिले के मंदरो अंचल स्थित सिवरिया मौजा के पत्थर खनन क्षेत्र का पांच अप्रैल को निरीक्षण किया। यह खनन क्षेत्र जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के नींबू पहाड़ झगरुचौकी का हिस्सा है। यह पत्थर खनन क्षेत्र उन सभी खनन क्षेत्रों में शामिल है, जिनका ईडी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ गत वर्ष 25 जुलाई 2022 से 29 जुलाई तक निरीक्षण किया था, तब छानबीन में साबित हुआ था कि यह खनन क्षेत्र पंकज मिश्रा व विष्णु कुमार यादव उर्फ छोटू यादव के अवैध खनन का क्षेत्र है। इस मामले में साहिबगंज पुलिस ने एक दिसंबर 2022 को पंकज मिश्रा, विष्णु यादव व अन्य के विरुद्ध अवैध खनन मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी। ताजा निरीक्षण में जानकारी मिली कि उन अवैध खनन क्षेत्र में आठ महीने के भीतर फिर खनन हुआ है। छानबीन में पता चला कि रात के वक्त अवैध खनन जारी रहता है, वहां पोकलेन और डंपर जैसे वाहनों के पहिए के ताजा चिह्न मिले हैं, जो यह साबित कर रहे हैं।

## इन्होंने की अवैध खनन की जांच

विभूति कुमार (जिला खनन पदाधिकारी, साहिबगंज), जितेंद्र दुबे (रेंज वन अधिकारी, मंदरो), नरेश मुंडा (सीओ, मंदरो), मनोज टुडू (सब रजिस्ट्रार, राजमहल, साहिबगंज), कमलाकांत पाठक (रीजनल अधिकारी, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दुमका), राजीव कुमार सिन्हा (कनीय पर्यावरण अभियंता सह सेक्शन प्रमुख, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, धुर्वा, रांची), शहबाज आलम (वन अमीन), प्रभात कुमार (अमीन, सर्किल आफीस, मंदरो), देवव्रत झा (सहायक निदेशक, ईडी रांची जोनल कार्यालय), अनुपम कुमार ( एनफोर्समेंट अधिकारी, ईडी रांची), शिखर गुप्ता ( एनफोर्समेंट अधिकारी, इडी रांची) व अमन पटेल (सहायक एनफोर्समेंट अधिकारी, इडी, रांची)।

### पंकज मिश्रा ने जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट की शरण ली

रांची (आजाद सिपाही)। साहिबगंज अवैध खनन मामला और मनी लांड्रिंग के आरोपी पंकज मिश्रा ने अपनी जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। बता दें कि सीएम हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि और विधायक पंकज मिश्रा अब अपनी जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट की शरण में चले गये हैं। मालूम हो कि पंकज पर टेंडर मैनेज करने और साहिबगंज जिले में अवैध खनन के जरिये अकूत संपत्ति अर्जित करने के आरोप है। वहीं पंकज मिश्रा ने अपनी जमानत को लेकर हाइकोर्ट के रिजेक्शन के बाद सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। मालूम हो कि झारखंड हाइकोर्ट ने 28 फरवरी को पंकज मिश्रा की जमानत अर्जी खारिज करते हुए उन्हें बेल देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद पंकज मिश्रा ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की है। बता दें कि अवैध खनन मामले और मनी लांड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा को इडी ने पिछले वर्ष जुलाई महीने में गिरफ्तार किया था।


केन्द्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रोद्योगिकी संस्थान (सिपेट)
CIPET सिपेट
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार
हेहल, राँची, झारखंड -834005, PH-06512999713
ईमेल : ranchi@cipet.gov.in, ltc-ranchi@cipet.gov.in, www.cipet.gov.in
सत्यमेव जयते
AICTE Approved courses
CIPET ADMISSION TEST 2023
Apply Online: https://cipet23.onlineregistrationform.org/CIPET/
www.cipet.gov.in
Excellent Placement opportunities
10वीं, 12वीं एवं ITI के छात्रों के लिए डिप्लोमा पाठ्यक्रम

| क्र.सं | पाठ्यक्रम का नाम | कोर्स अवधि | प्रवेश योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा (डीपीएमटी)/ प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा (डीपीटी) | 3 वर्ष | 10वीं |
| 2. | प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा (डीपीएमटी) /प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा (डीपीटी)- लेटरल एंट्री | 2 वर्ष | 10+2 विज्ञान या 10वीं+ (2वर्ष आईटीआई) |

कोई आयु सीमा नहीं
योग्य उम्मीदवार सरकारी छात्रवृत्ति का लाभ उठा सकते हैं
महत्वपूर्ण तिथियाँ
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि : 28/05/2023
अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:
7896083741, 9873453987, 8058128857, 7008282486

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,300 रु./10 ग्राम
चांदी 77,000 रु./प्रति किलो



# सीएम आवास, सचिवालय के आसपास निषेधाज्ञा लागू

**रांची बंद और विभिन्न छात्र संगठनों के मुख्यमंत्री आवास घेराव की सूचना के मद्देनजर निषेधाज्ञा लागू**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची जिला प्रशासन ने झारखंड पाहन संघ के शनिवार को रांची बंद और विभिन्न छात्र संगठनों के मुख्यमंत्री आवास घेराव की सूचना के मद्देनजर मुख्यमंत्री आवास व सचिवालय के आसपास निषेधाज्ञा लागू कर दी है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर सदर एसडीओ ने धारा 144 के प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मुख्यमंत्री आवास एवं सचिवालय के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लगा दी गयी है। यह निषेधाज्ञा शनिवार सुबह आठ बजे से रात्रि 11.30 बजे तक के लिए लागू रहेगी। इसके लागू होने के बाद मुख्यमंत्री आवास एवं सचिवालय के दो सौ मीटर की परिधि में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। एसडीओ ने बताया कि इस दौरान पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना या चलने, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र लेकर निकलना या चलने, किसी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करने और ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करने पर पूरी तरह से रोक लगा दी गयी है।

## महानगर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने किया मंथन

# 11 अप्रैल को सचिवालय घेराव में उमड़ेगा जनसैलाब: दीपक प्रकाश



**कहा- राज्य में युवा बेरोजगारी से परेशान हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर जिला के सभी मंडल अध्यक्षों, मोर्चा अध्यक्षों, वार्ड पार्षदों एवं प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक शुक्रवार को रातू रोड स्थित महानगर भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता एवं स्वागत भाषण रांची महानगर जिला भाजपा अध्यक्ष केके गुप्ता ने किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य में विकास कार्यों की शून्यता है, राज्य में युवा बेरोजगारी से परेशान हैं, महिलाएं असुरक्षित हैं, भ्रष्टाचार चरम पर है और जनता त्राहिमाम कर रही है। श्री प्रकाश ने कहा कि 11 अप्रैल को मुख्यमंत्री सचिवालय का घेराव कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता का जनसैलाब सड़क पर उमड़ेगा एवं राज्य की भ्रष्ट एवं निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने में मील का पत्थर साबित होगी। महानगर भाजपा अध्यक्ष केके गुप्ता ने प्रोजेक्ट भवन घेराव कार्यक्रम को लेकर पार्टी के सभी मंडल अध्यक्षों, मोर्चा अध्यक्षों एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं से गली-मोहल्लों एवं विभिन्न बस्तियों में जाकर बैठकें आयोजित कर आम जनता को जोड़ने की बात कही। बैठक को रांची सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, जिला संगठन प्रभारी मनोज सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन महामंत्री वरुण साहू एवं धन्यवाद ज्ञापन राजू सिंह ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से अरुण झा, मुनचुन राय, रमेश सिंह, जितेंद्र सिंह पटेल, बसंत दास, जितेंद्र वर्मा, नीरज सिंह, राकेश सिंह गुड्डू, रौशन शर्मा, लाल प्रमोद नाथ शाहदेव, गोपाल सोनी, अर्जुन मुंडा, अनीता वर्मा, रामलगन राम, जौनी वाकर खान, सुभाष अग्रवाल, आनंद कुमार, नीलेश सिंह, उमेश यादव, संतोष मिश्रा, पप्पू जायसवाल, सुबेश पांडेय, इंद्रजीत यादव, रामजी प्रसाद, वार्ड पार्षद ओमप्रकाश, नकुल तिर्की, अशोक यादव, गायत्री देवी, अरविंद सिंह पिंटू, सोनू सिंह, वीणा मिश्रा, प्रीति सिन्हा,सुजाता सिंह सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राज्यपाल ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को केंद्रीय जनजातीय कार्यमंत्री अर्जुन मुंडा से नयी दिल्ली में भेंट की। दोनों के बीच राज्य में जनजातियों के विकास के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में व्यापक चर्चा हुई।

# गठबंधन की सरकार ने घोटालों में ही अपना नाम दर्ज किया: आशा लकड़ा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की मेयर डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने अब तक विकास का कोई काम नहीं किया। झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की इस सरकार ने घोटालों में ही अपना नाम दर्ज किया है। मनरेगा, नल-जल योजना, मध्याह्न भोजन योजना, गरीबों का अनाज हो या स्वास्थ्य के क्षेत्र में दवाओं की खरीद, इन सभी योजनाओं की जांच की जाये, तो घोटाला ही घोटाला नजर आयेगा। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि राजधानी में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में शुरू की गयी योजनाओं को हेमंत सोरेन की सरकार अपनी उपलब्धि बता रही है। कांटाटोली फ्लाइओवर हो या रातू रोड का एलिवेटेड रोड, सिरमटोली से मेकॉन तक ब्रिज निर्माण की योजना हो या जेल चौक स्थित बिरसा मुंडा पार्क, इसकी तैयारी पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में ही की गयी थी। जयपाल सिंह स्टेडियम, स्मार्ट सिटी, चौक-चौराहों का चौड़ीकरण और सुंदरीकरण भी रघुवर सरकार की ही देन है। इससे यह स्पष्ट है कि इस सरकार के पास राज्य के विकास की न तो रूपरेखा है और ना ही विजन। हर विभाग में भ्रष्टाचार हावी है। कोरोना काल में ही इस सरकार ने भ्रष्टाचार का बीजारोपण किया, जो अब तक फलफूल रहा है। ऐसे में इस राज्य के विकास की परिकल्पना कैसे साकार होगी। खतियान आधारित स्थानीय नीति और नियोजन नीति के नाम पर हेमंत सोरेन की सरकार अपना हित साधने का प्रयास कर रही है, लेकिन हालात ऐसे हैं कि वोट बैंक की राजनीति करनेवाले खुद इस जाल में फंसते नजर आ रहे हैं।

# तनिष्क ने रांची और धनबाद के अपने दो स्टोर को किया रिलांच




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** देश के सबसे बड़े ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का एक हिस्सा, तनिष्क ने झारखंड के रांची और धनबाद में अपने दो स्टोर्स को रिलांच किया हैं। इन दोनों स्टोर्स का उद्घाटन टाइटन कंपनी लिमिटेड के रीजनल बिजनेस हेड इस्ट सोमप्रभ सिंग और टाइटन कंपनी लिमिटेड, तनिष्क के बिजनेस मैनेजर, इस्ट बिक्रमजीत महलानोबिश ने किया। इस खुशी को अपने उपभोक्ताओं के साथ बांटते हुए तनिष्क ने आभूषणों की हर खरीदारी पर सोने के सिक्कों का निःशुल्क उपहार देने की घोषणा की है। धनबाद के स्टोर में 6 से 9 अप्रैल 2023 तक और रांची स्टोर में 7 से 9 अप्रैल 2023 तक इस आकर्षक ऑफर का लाभ उठाया जा सकता है। साथ ही भारत में किसी भी ज्वेलर से खरीदे हुए पुराने आभूषणों के एक्सचेंज पर शून्य कटौती का बेहतरीन ऑफर भी तनिष्क ब्रांड अपने ग्राहकों को दे रहा है। यह ऑफर सीमित समय के लिए ही लागू रहेगा। रांची स्थित इस लार्ज फॉर्मेट स्टोर का कुल एरिया 21.550 स्क्वायर फीट है। यहां सोने, हीरे, सॉलिटेयर और प्लैटिनम में बने 5000 से ज्यादा डिजाइन रखे गये हैं। तनिष्क के सबसे नये एक से बढ़कर एक एक्सक्लूसिव कलेक्शन्स भी यहां उपलब्ध हैं। इनमें भारतीय कलाओं से प्रेरित होकर बनाया गया आलेख्या। डायमंड कलेक्शन रिदम्स ऑफ रेन और सबसे नया कलेक्शन कलर मी जॉय द कार्निवल एडिट शामिल हैं। शादी के लिए आभूषणों की खरीदारी के लिए इन स्टोरों में स्पेशल सेक्शन बनाये गये हैं, जहां तनिष्क का वेडिंग ज्वेलरी सब-ब्रांड विवाह के शानदार आभूषण उपलब्ध कराये गये हैं। उच्च मूल्य के उत्पादों के साथ शानदार डिजाइन के लिए जानेवाले एकत्वम लिव ए ड्रीम और मूड्स ऑफ अर्थ कलेक्शंस के हर एक दिन पहनने के और खास मौकों के आभूषण भी यहां खरीदे जा सकते हैं। टाइटन कंपनी लिमिटेड के रीजनल बिजनेस हेड इस्ट सोमप्रभ सिंग ने कहा कि झारखंड में हमारे दो सबसे बड़े स्टोर को नये सिरे से शुरू करते हुए हमें बहुत खुशी हो रही है। हमारे उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों और मांगों को पूरा करना हमारा लक्ष्य है। झारखंड की महिलाओं की अलग-अलग पसंद और जरूरतों को बखूबी समझते हुए, पारंपरिक और आधुनिक ज्वेलरी डिजाइन की बहुत बड़ी और विविधतापूर्ण श्रेणी यहां उपलब्ध करायी गयी है। नये सिरे से शुरू किये गये इन स्टोरों में हम हमारे उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के अलावा, वैश्विक स्तर का रिटेल वातावरण और व्यक्तिगत बातचीत के जरिये सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रयासशील हैं। रीमॉडेल किये गये ये स्टोर पहले से ज्यादा बड़े और बेहतर हैं। यहां 5000 से ज्यादा अनूठी डिजाइन रखी गयी हैं। अलग-अलग उपभोक्ताओं की अलग-अलग पसंद के अनुरूप सेवाएं प्रदान करना हमारा उद्देश्य है।

# रमज़ान का तीसरा जुम्मा, मस्जिदों में अदा की गयी नमाज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को राज्य भर के मस्जिदों में रमजान महीने के तीसरे जुम्मे पर नमाज अदा की गयी। दोपहर एक बजे रांची के जामा मस्जिद, चांदनी मस्जिद, रंगसाद मस्जिद, मस्जिदें रजा मस्जिद, एकरा मस्जिद में हजारों मुसलमानों ने एक साथ नमाज अदा की। सुख- शांति की कामना की। इस दौरान चांदनी मस्जिद के इमाम उमर फारुख हाशमी ने कहा कि सभी मुसलमान भाई देश में अमन चैन और शांति बना कर अल्लाह से दुआ मांगें। गरीब लोगों की सेवा करें। अस्वस्थ व्यक्तियों के लिए भी अल्लाह से दुआ मांगें। मस्जिद ए राजा मस्जिद के अख्तर राचवी ने कहा कि कठिन हालात में भी मुसलमान भाई मस्जिद में सिर झुका कर नमाज अदा करें। वहीं नूर मस्जिद के सदर रजब अली ने सभी लोगों की सलामती की दुआ मांगी।

**पहल : करीब 10 हजार स्ट्रीट वेंडर्स को आइडी कार्ड और सर्टिफिकेट ऑफ वेंडिंग देने का टारगेट**

# 44 नगर निकायों के स्ट्रीट वेंडरों का होगा सर्वे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य भर में फुटपाथ पर दुकान लगानेवालों को काफी परेशानी होती है। एक ओर सड़क जाम के कारण इन्हें प्रशासनिक कार्रवाई उठानी पड़ती है, तो दूसरी ओर ट्रैफिक को लेकर भी इन पर सवाल उठते रहते हैं। मगर फुटपाथ दुकानदारों के लिए एक अच्छी खबर है। अब ऐसे दुकानदारों का सर्वे होगा। दरअसल, नगर विकास विभाग ने दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डे-एनयूएलएम) 2.0 का प्लान तैयार किया है। इस प्लान के तहत राज्य के 44 नगर निकायों के फुटपाथ दुकानदारों का सर्वे होगा। जानकारी के अनुसार करीब 10 हजार स्ट्रीट वेंडर्स को आइडी कार्ड और सर्टिफिकेट ऑफ वेंडिंग देने का टारगेट रखा गया है। इसके अलावा महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए 3000 नये सेल्फ हेल्प ग्रुप बनाने का भी लक्ष्य रखा गया है।

### 39 वेंडिंग जोन बनाये जाने थे 11 ही बन पाये

राज्य में 66135 फुटपाथ विक्रेताओं को सर्वे करके चिह्नित किया गया था। जानकारी के अनुसार करीब 46672 स्ट्रीट वेंडर्स को सर्टिफिकेट ऑफ वेंडिंग दिया गया है। 14वें वित्त आयोग के तहत 18 वेंडिंग जोन बनाये जाने थे, जिसमें 16 का निर्माण हुआ। वहीं, 15वें वित्त आयोग में 39 वेंडिंग जोन की स्वीकृति मिली थी, लेकिन सिर्फ 11 का निर्माण कार्य पूरा हुआ है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जगरनाथ महतो का निधन अपूरणीय क्षति: हरिनाथ साहू



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन से झारखंड प्रदेश पिछड़ा समाज के साथ मैं भी अत्यंत दुखी और मर्माहत हूं। जगरनाथ महतो पिछले दो वर्षों से कोविड-19 की त्रासदी से लड़ते हुए एक सच्चे वीर योद्धा की भांति अपनी राजनीतिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते रहे। लगातार सदन से लेकर सड़क तक जन मुद्दों को लेकर दहाड़ते और मुस्कुराते हुए अपने जीवन की यात्रा पूरा की। ईश्वर से कामना करता हूं कि इस दुखद घड़ी में परिवारवालों को शक्ति प्रदान करें और दादा टाइगर जगरनाथ महतो की आत्मा को सद्गति प्रदान करें। बता दे कि हरिनाथ साहू झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हैं।

### डॉ रामदयाल मुंडा पार्क परिसर में शोकसभा का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को स्व जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर डॉ रामदयाल मुंडा पार्क परिसर मोरावादी रांची में शोकसभा का आजोजन डॉ त्रिभुवन कुमार साही की अध्यक्षता में किया गया। सहायक प्राध्यापक संघ (अनुबंध) रांची विश्वबिद्यालय रांची के सभी प्राध्यापकों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर भावभीनी श्रंद्धाजलि दी। सभी ने परमात्मा से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की घड़ी में सहन शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस शोक संवेदना हेतु बैठक में रांची विश्वबिद्यालय के विभिन्न विभाग तथा अंगीभूत महाविद्यालय से डॉ त्रिभुवन कुमार साही, डॉ रामकुमार तिर्की, डॉ शशि विनय भगत, डॉ प्रो आश्रिता महतो, डॉ संध्या कुमारी, डॉ अस्मिता महतो, डॉ तुलसी महतो, प्रो नीलिमा होरो, डॉ अंजुलता कुमारी, प्रो सुषमा कुज्रूर, प्रोकल्याण रॉय, प्रो.सुनीता टोप्पो, चांदनी कुमारी, सिज्रेन सुरीन, डॉ. बासुदेव महतो, प्रो.नीलिमा खलखो, प्रो वरुण उरांव, डॉ लक्ष्मण उरांव, डॉ रिंकू साही, डॉ रवि कुमार, प्रो हेमंत समीर होरो, प्रो तुलसी उरांव सहित सभी अंगीभूत तथा विश्वविद्यालय इकाई के सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे।

### सीबीआइ ने जवाब के लिए मांगा समय

रांची (आजाद सिपाही)। अस्पतालों के लिए मेडिक्स उपकरण खरीद मामले में आरोपी पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही की क्रिमिनल रिवीजन की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में सीबीआइ ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की माग की है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 27 अप्रैल निर्धारित की है। दरअसल, भानु प्रताप शाही ने निचली अदालत द्वारा इस मामले में डिस्चार्ज पिटिशन खारिज किये जाने को हाइकोर्ट में चुनौती दी है। वर्ष 2017 में निचली अदालत ने उनके डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दिया था। मामले को लेकर सीबीआइ ने कांड संख्या आरसी 11/2009 दर्ज किया था। केंद्र सरकार की स्कीम मेडिकल हेल्थ मिशन के तहत वर्ष 2006 और 2009 में अस्पतालों के लिए मेडिकल उपकरणों की खरीद हुई थी। इस मामले में षडयंत्र के तहत पैसे लेने का आरोप भानु प्रताप शाही पर लगा है। उस समय भानु प्रताप झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री थे। प्रार्थी की ओर से कहा गया है कि इस मामले में एफआइआर में इनका नाम नहीं है। सीबीआइ की चार्जशीट में भानु प्रताप का नाम शामिल है। इस मामले में पूर्व स्वास्थ्य सचिव प्रदीप कुमार भी आरोपी हैं।

### झारखंड हाइकोर्ट का दाहू यादव की याचिका पर इडी को नोटिस, अगली सुनवाई 13 को



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट में शुक्रवार को 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन मामले से जुड़े पंकज मिश्रा के सहयोगी राजेश यादव उर्फ दाहू यादव की याचिका पर सुनवाई हुई। हाइकोर्ट ने इडी को जवाब दाखिल करने का नोटिस जारी किया। अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी। दाहू यादव और अन्य के खिलाफ इडी ने ईसीआइआर 4/2022 के तहत मामला दर्ज किया है। दाहू यादव ने इडी कोर्ट की गिरफ्तारी और कुर्की वारंट को हाइकोर्ट में चुनौती दी है। इडी कोर्ट ने 30 अप्रैल को दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव की संपत्ति कुर्क करने के लिए वारंट जारी किया है। दाहू यादव पहली बार 18 जुलाई 2022 को इडी के समक्ष पूछताछ के लिए हाजिर हुआ था। बाद में इडी पंकज मिश्रा और उसे आमने-सामने बैठा कर पूछताछ करना चाहती थी। इसके लिए उसे समन भेजा गया, लेकिन दाहू यादव इडी के समक्ष हाजिर नहीं हुआ।

### श्रीराम वर्मा ने मंडल के सदस्यों का आभार जताया

रांची (आजाद सिपाही)। नव काला महावीर मंडल के अध्यक्ष श्रीराम वर्मा ने मंडल के सदस्यों का आभार जताया। श्री राम नवमी पूजा महोत्सव एवं हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ सफलता पूर्वक मनाने पर सभी नव कला महावीर मंडल डेली मार्केट हानी बाबू लेन रांची के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ मुख्य संरक्षक विक्रम सिंह बधाई दिया गया। इसके साथ ही विद्यासागर क्लब, एवं काली पूजा समिति देवी मंडप शैली के सभी सदस्य गणों को भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने अपना सहयोग के साथ एकता परिचय दिया।

### पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन ने आभार जताया

रांची (आजाद सिपाही)। 29 मार्च 2023 को अखबार में छपे राज्यपाल के संदेश को पढ़ कर झारखंड के पूर्व सैनिक काफी खुश हैं। पूर्व सैनिकों को होनेवाली समस्याओं के निराकरण हेतु झारखंड सरकार के मुख्य सचिव के साथ-साथ कई अन्य आला अधिकारियों के साथ वार्ता कर आपने जो सकारात्मक पहल की है, साथ ही अपने संबोधन में पूर्व सैनिकों को भगवान तुल्य कह कर सैनिकों का जो मान बढ़ाया है, इसके लिए पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के सभी पूर्व सैनिक सदस्य आपका आभार व्यक्त करते हैं।

## संकुल स्तरीय प्रधानाचार्य गोष्ठी

**गिददी (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गिद्दी बस्ती के प्रांगण में शुक्रवार को संकुल स्तरीय एक दिवसीय प्रधानाचार्य गोष्ठी कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें प्रत्येक वर्ष की भांति नव वर्ष 2023- 24 के लिए संपूर्ण योजनाओं, कार्यक्रमों का निर्धारण समय संपादन हेतु विचार विमर्श किया गया। गोष्ठी का उद्घाटन एसवीएम रांची विभाग प्रमुख फनींद्रनाथ झा ने दीप जला और मंत्र उच्चारण के साथ किया। परिचर्चा में विद्यालय के भौतिक विकास, बच्चों एवं आचार्यों के सर्वांगीण विकास के लिए योजनाएं निर्धारित हुए। इसके अलावे प्रांतीय योजनाओं को गंभीरता पूर्वक सक्रियता से पूर्ण करने का संकल्प लिया गया। मौके पर गोष्ठी में गिद्दी बस्ती के प्रधानाचार्य सुधांशु शेखर मोहन, सिरका प्राचार्य कुमार विमलेश, रामगढ़ के वरुण चौधरी, रजरप्पा के उमेश कुमार, लारी के सुमित कुमार, सारुबेड़ा के सुधीर कुमार सिंह, पतरातू के उपेंद्र पांडे, पतरातु थर्मल के दीपक कुमार, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य सोमर महली, राधेश्याम साहू, सुधीर कुमार आदि मौजूद थे।

## डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती को लेकर की बैठक

**गिद्दी (आजाद सिपाही)।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती आगामी 14 अप्रैल को धूमधाम के साथ मनाने को लेकर शुक्रवार को रेलीगड़ा सामुदायिक भवन में समाज के लोगों ने बैठक आयोजित किया। बैठक में कहां गया कि 9 अप्रैल को गिद्दी ए अंबेडकर पार्क में सुबह 10 बजे बैठक आयोजित होगी। जिसमें बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने का निर्णय लिया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता धनेश्वर तुरी और संचालन प्रदीप रजक ने किया। अवसर पर मनोज राम, पच्चू भुईयां, बहादुर बेदिया, धर्मेंद्र लोहरा, आशीष करमाली, महेंद्र तूरी, समीर मुर्मू, गोविंद भुईयां, श्रवण कुमार, सुनील गंझू आदि लोग उपस्थित थे।

## निर्मल महतो के घर पहुंची रांची पुलिस

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत बरवा टोला महुआ खोंचा बड़गांव निवासी निर्मल कुमार महतो, पिता धनेश्वर महतो के घर में सुखदेव नगर पंडरा टोली रांची पुलिस ने घर में इस्सतिहार चिपकाया। इस संदर्भ में बताया गया कि पंडरा ओ.पी. थाना कांड संख्या 126/ 16 धारा 364(ए)/ 302/ 201/120(बि) 34 भा दा ०वि ० एवं 27 आर्म्स एक्ट के अपराधी निर्मल महतो फरार था। इसके लिये टंडवा पुलिस के सहयोग से बरवाटोली बड़गांव पहुंच कर उसके घर में इस्तेहार चिपकाया गया है। दिनांक 22 मई 2023 तक न्यायालय में उपस्थित होने की आदेश दिया गया है। मौके पर इस्पेक्टर मिथुन कुमार, टंडवा थाना एसआई सुखनाथ पांडेय आरक्षी श्री पक्षी महतो समेत कई पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

## हनुमंत महायज्ञ समापन पर वृंदावन व अयोध्या के कथावाचकों वै भक्ति गीतों पर झूमा तोपा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** मर्यादा पुरुषोत्तम रामचंद्र जी सनातन धर्म के प्रतिमूर्ति हैं। जिनको हनुमान जी ने अपने हृदय में बसाया रखा है। राम व हनुमान की अद्भुत जोड़ी ही सनातन धर्म है। उक्त बातें अयोध्या धाम से आये कथावाचक वैदिही शरण महाराज ने तोपा स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ के समापन के मौके पर हनुमंत कथा के दौरान कही। कहा कि राम व हनुमान जोड़ी की तरह प्रत्येक सनातन धर्मावलंबियों को धर्म से जुड़कर रहने की आवश्यकता है। इससे पूर्व, समिति अध्यक्ष ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू की अगुवाई में मंचासीन कथावाचक वैदिही शरण महाराज, कथावाचिका राघव प्रिया, यज्ञाचार्य मनोज कुमार पांडेय, वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, मांडू प्रखंड सांसद प्रतिनिधि जागेश्वर प्रजापति समेत कई आगत अतिथियों का अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। कथा का शुभारंभ यज्ञाचार्य मनोज कुमार पांडेय और उनके सहयोगी मौसम पांडेय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आरती कर किया गया। तत्पश्चात हनुमान पाठ और प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिप सदस्य दयामन्ति देवी, मुखिया गुड़िया देवी, दुलारी देवी, ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू, निर्मल करमाली, हरेनाथ मिश्रा, रामभजन लाल महतो, रंजीत सिंह, शंकर दयाल शर्मा, अरविंद सिंह, खिरोधर प्रसाद साहू, धनेश्वर मांझी, डालेश्वर प्रसाद, दीपक कुमार, विजय पासवान, शंकर प्रसाद, विनोद मेहता, सुनील कुमार सिंह, शंकर प्रसाद, अरविंद सिंह, ओमप्रकाश अग्रवाल, नंदलाल, कैलाश करमाली, ज्ञानी महतो, अभिषेक पासवान, प्रभात कुमार, सरिता मंडल मौजूद रहे।

## आलोक दुबे ने राज्यवासियों को बधाई दी



**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने गुड फ्राइडे के मौके पर कहा मानव जाति के कल्याण, ज्ञान और अहिंसा के संदेश वाहक प्रभू ईसा मसीह का आशीर्वाद, प्यार व कृपा समस्त मानव जाति के ऊपर बनी रहे। गुड फ्राइडे ईसा मसीह के बलिदान और पीड़ा का प्रतीक है। प्रभु ईसा मसीह ने मनुष्य के किये गये पापों के लिए अपनी कुर्बानी दी थी। हमारे पापों को प्रभू ने अपनाया और मनुष्य को ईश्वरता का पाठ पढ़ाया। गुड फ्राइडे ईसाई धर्म के लोगों का पवित्र दिन है, जिसमें इंसानियत और धर्म की राह पर चलने का संकल्प लेने का दिन है। आलोक दुबे ने कहा हमें उम्मीद है कि गुड फ्राइडे पर यीशु का बलिदान हमें प्रेम और क्षमा की शक्ति की याद दिलाता रहेगा। पासवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक दुबे ने विश्व स्वास्थ्य दिवस की राज्यवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### संत मैरी चर्च में गुड फ्राइडे श्रद्धा के साथ संपन्न, प्रभु यीशु को किया याद

# यीशु के असीम प्रेम को पहचान कर प्रभु से प्यार करें : फादर





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** शहर के ब्लॉक चौक स्थित संत मैरी चर्च में गुड फ्राइडे धर्मविधि शुक्रवार को भक्ति व श्रद्धा के साथ संपन्न हुयी। आज के दिन प्रभु यीशु मसीह के दुःखदायी क्रूस मरण का स्मरण किया जाता है। इस दिन को अंग्रेजी में गुड फ्राइडे कहते हैं। इसका अर्थ है कि प्रभु यीशु का दुःख योग और क्रूस मरण द्वारा सभी मनुष्यों की भलाई हो तथा उन्हें। आज की धर्मविधि क्रूस रास्ता की प्रार्थना से शुरू हुयी। इसके बाद शब्द समारोह प्रारंभ हुआ। इस दौरान नवी इसायस की पुस्तक इब्रानियों के नाम पत्र से पढ़ा गया। फादर करमा, प्रदीप कुमार पन्ना, प्रेमचंद लकड़ा, रतन मौजेस, किरण शलमा, संगीता ने प्रभु यीशु के दुःखभोग का पाठ संत योहन का सुसमाचार अधयाय 18 व 19 पढ़ा।

**प्रभु यीशु के असीम प्रेम को पहचान कर प्रभु से प्यार करें : फादर**

प्रार्थना के दौरान फादर करमा कच्छप ने कहा कि हम प्रभु यीशु के असीम प्रेम को पहचान कर प्रभु को पूर्ण रूप से प्यार करें। साथ ही एक दूसरे को क्षमा करें। इसके बाद संत पापा विशप पुरोहित व बीमारों के लिए प्रार्थना की गयी।

**क्रूस का अनावरण और उपासना की गई :** प्रार्थना के बाद ढके हुए क्रूस का अनावरण किया गया और क्रूस की उपासना की गई। लोगों ने बड़े विश्वास से क्रूस का चुम्बन व प्रणाम का आशीष ग्रहण किया। इसके बाद सभी लोगों के बीच परम प्रसाद का वितरण किया गया। लोगों ने उपवास व परहेज रख कर प्रभु यीशु की आराधना में भाग लिया।

**समारोह को सफल बनाने में इनक रहा योगदान :** समारोह को सफल बनाने में रामगढ़ पल्ली के सभी खीस्त विश्वासी भर पुर सहयोग किये। साथ ही प्रचारक किशोर हेमरोम, प्रेम लकड़ा, सुधीर डुंगडुंग, सिमोन एक्का, हनुक एक्का, विजय हंसदा, सुनील कुमार, निर्मल तिग्गा, मनोज पोल, आशा कच्छप, रीता मिंज, अन्जेला टोपनो, मेरी ग्रेस एक्का आदि का योगदान रहा।

**सीएनआई चर्च रामगढ़ में मना गुड फ्राइडे :** सीएनआई चर्च रामगढ़ में शुक्रवार को गुड फ्राइडे मनाया गया। गुड फ्राइडे मसीही समुदाय प्रभु यीशु खीस्त के क्रूस पर बलिदान और सारी मनुष्य जाति के उद्धार का दिन के रूप में मनाता है। गुड फ्राइडे के उपलक्ष में सीएनआई चर्च रामगढ़ को सजाया गया। रामगढ़ में पादरी, प्रचारक और कमेटी संग मिलकर विशेष प्रार्थना किया गया। रांची से आए पुरोहित रवि हंस ने क्रूस पर चढ़ाए गए यीशु मसीह के अंतिम सात वाणी पर संदेश दिया। उन्होंने अपने संदेश में प्रभु यीशु खीस्त के दिए गए वचन और मार्गदर्शन पर चर्चा की। सांसारिक जीवन तथा धार्मिक जीवन जिस अनुशासन में जीना चाहिये। वह हमें प्रभु यीशु खीस्त के मार्गदर्शन से प्राप्त होता है। चर्च कमेटी द्वारा चर्च के लोगों के लिए तथा व्रत धारियों के लिए विशेष फल आहार तथा नींबू पानी की व्यवस्था की गयी।

## कोलियारी रोड सेल समिति ने लोकल सेल चालू करने को ले बलकुदरा में दिया धरना






**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति के सैकड़ों मजदूरों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए बलकुदरा आउट सोर्सिंग का कोयला संप्रेषण को ठप कर दिया। साथ ही बलकुदरा चेकपोस्ट के पास धरना में बैठ गए। इस दौरान सैंकड़ों मजदूरों ने एक स्वर में सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए वादा खिलाफी का आरोप लगाया। कहा गया कि लोकल सेल बंद होने के कारण मजदूरों के समक्ष बेरोजगारी व पलायन जैसी समस्या उत्पन्न हो गई। 40 वर्षों से लगातार लोकल सेल के मजदूर कोयला लोडिंग का कार्य अपने परिवार का जीविकोपार्जन करते आये हैं। लेकिन 4 वर्षों से लोकल सेल बंद है जिससे हमसबों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सीसीएल प्रबंधक पुनः रोड सेल चालू कर मजदूरों को रोजगार से जोड़े। मजदूरों ने कहा कि प्रबंधन द्वारा लगातार रोड सेल चालू करने की बात कही जाती है, कोयले का उत्पादन तो होता है लेकिन प्रबंधन सेल चालू करने की दिशा में सकारात्मक पहल नहीं करती है। मजदूर रोजगार के अभाव में दर-दर भटकने को मजबूर है। अभी भुरकुंडा कोलियरी के बलकुदरा खुली खदान से उत्पादन व संप्रेषण जारी है। लेकिन अभी तक भुरकुंडा रोड सेल में कोयला का आवंटन नहीं किया जा रहा है। इससे यह प्रतीत होता है कि सीसीएल प्रबंधन हमारी मांगों के प्रति गंभीर नहीं है। कहा गया कि अगर रोड सेल नहीं तो भुरकुंडा कोलियरी भी नहीं। सीसीएल प्रबंधन आश्वासन देकर श्रमिक प्रतिनिधियों के साथ धोखा कर रही है। प्रबंधन के इस रवैये से रोड सेल में कार्यरत मजदूरों, स्थानीय बेरोजगारों, ग्रामीण व रैयतों में काफी अक्रोश व्याप्त है। मजदूरों की सात सूत्री मांगों में भुरकुंडा रोड सेल में अधिकांश कोयला देने व पेलोडर की बजाय मजदूरों से लोडिंग कराने आदि की मांगे प्रमुख हैं। बलकुदरा खुली खदान के संप्रेषण रोके जाने के बाद परियोजना पदाधिकारी मनोज पाठक, एसोएम आरके बर्णवाल, मैनेजर अविनाश चंद्रा, बबलू कुमार आदि धरना स्थल पर पहुंचें। जहां पीओ ने मजदूरों एवं मजदूर प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए बलकुदरा खदान के सेकेंड फेज से होने वाले उत्पादन में भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल में कोयला देने का लिखित आदेश है। जो हर संभव पूरा किया जायेगा। प्रबंधन इस दिशा में सारी खाका तैयार कर ली है। अगले दो माह के बाद बालकुदरा आउट सोर्सिंग से 12 लाख कोयले का उत्पादन शुरू कर दिया जाएगा। पीओ के आश्वाशन के बाद सेल समिति के प्रतिनिधियों ने धरना समाप्ति की घोषणा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गिरधारी गोप व संचालन मुकेश पासवान ने किया।

**विरोध-प्रदर्शन व धरना में ये थें शामिल**

विरोध-प्रदर्शन व धरना में गिरधारी गोप, मुकेश पासवान, दर्शन गंझू, अजय सिंह, रेवती रमन शर्मा, कुलदीप यादव, अमरेंद्र प्रसाद, रविन्द्र सिंह, बालेश्वर पासवान, जुगल पासवान, रावेल एक्का, संजय मिश्रा, अशोक गुप्ता, रामाकांत दुबे, रोबिन मुखर्जी, हरिशंकर चैधरी, गणेश बेदिया, बालो बेदिया, उमेश नायक, रोहित करमाली, राजन तुरी, तुल्ला खान, बुटन नायक, अभय मेहता, इंद्रदेव मुंडा, बागेश करमाली, रविन्द्र सिंह, संजय मिश्रा, बिनोद सिंह, सुनील रजक, प्रेम कुमार साहू, मनोज मांझी, जितेंद्र करमाली, युगल पासवान, उमेश राय, शंकर पासवान, बलराम पांडेय, जयदेव सिंह, उषा देवी, राजन तुरी, गणेश बेदिया, गाविंद करमाली, महेश बेदिया, ताराचंद करमाली, द्वारिका रविदास सहित दर्जनों महिला-पुरूष लोग शामिल थें।

## बर्लिन अस्पताल में विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हरमू चौक स्थित 70 बेडेड वाला मल्टीस्पेशियलिटी बर्लिन अस्पताल में शुक्रवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर सुबह सात बजे से अपने लोगों और एंबुलेंस के साथ पैदल घोषणा करते हुए हरमू हाउसिंग कॉलोनी के चार किमी के दायरे में हमारे बैनर / प्लेकार्ड / क्या सुविधाएं हैं, इसकी घोषणा के साथ हम दे रहे हैं। हम वहां कई लोगों से मिले, प्रभावित रोगियों को हम जो सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, उनका विवरण देते हुए अपना पत्रक वितरित किया। हमने पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक न्यूरोसाइंस/ जनरल मेडिसिन मेडिसिन/ ऑथोर्पेडिक्स/ पीडियाट्रिक्स/ गायनेकोलॉजी और का निशुल्क चिकित्सा स्वस्थ जांच शिविर किया और लगभग 100 से ज्यादा मरीज स्वास्थ्य जांच के लिए आये। आगे के इलाज और अस्पताल में भर्ती के लिए हम बिलों पर 10% की छूट दे रहे हैं, जो इस विश्व स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम में 15 अप्रैल तक जारी रहेगा। एक सफल कार्यक्रम बनाने के लिए हमारे साथ दिलीप पॉल केंद्र प्रमुख, नूपुर घोष (एचओडी एचआर) बादल पांडे जीएम और अन्य थे। इस कैंप में डॉ एचडी शरण एमडी, (मेडिसिन) डॉ डीएम प्रसाद (न्यूरोसर्जन) डॉ स्नेहा गुप्ता (पेडियाट्रिशियन) और तनुसुरी चक्रवर्ती (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉक्टर प्रणब नारायण (जनरल सर्जन) डॉ अंबुज श्रीवास्तव (रेडियोलॉजी विशेषज्ञ) उपस्थित थे।

## भाजपा एसटी मोर्चा ने सेवा पखवाड़ा मनाया



**रांची (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा के गेतलसूद गांव में भाजपा एसटी मोर्चा द्वारा सेवा पखवाड़ा मनाया गया। भाजपा एसटी मोर्चा द्वारा स्थापना दिवस को सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है इसी क्रम में भाजपा एसटी मोर्चा के अध्यक्ष गौरी शंकर मुंडा की अध्यक्षता में प्रतिभाशाली बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक रामकुमार पहन,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार, राजेंद्र मुंडा, शिकारी महतो, फूलकुमारी देवी, गणेश लोहरा आदि उपस्थित रहे।

## फितरा-जकात देना महत्वपूर्ण : मो. मुमताज



**रांची (आजाद सिपाही)।** रमजान में रोजा-नमाज और कुरआन पढ़ने के साथ जकात और फितरा देने का भी बहुत महत्व है। जकात इस्लाम के 5 स्तंभों में से एक है। रमजान के महीने में ईद की नमाज से पहले फितरा और जकात देना हर हैसियतमंद मुसलमान पर फर्ज होता है। रमजान का महीना बहुत ही पवित्र महीना है। इस महीने में अल्लाह की इबादत करना, रोजा रखना, गरीबों का खाना खिलाना, दान करना इत्यादि कार्य किये जाते है। रमजान का महीना रहमत और बरकत का महीना है। इसलिए मुसलमान भाई बहन इस महीने में अल्लाह की इबादत और रोजा करके राजी करने की कोशिश करते है। जब हुजुर पाक (सल्ल.), आसमान पर बुलाए गए तो उन्हें जन्नत, दोजख और बहुत कुछ देखने को वहा मिला । साथ ही उन्हें बहुत से महीने का रमजान रोजा / रमजान मुबारक भी उनकी उम्मत के लिए तौएफा के रूप में दिया गया। लेकिन यह रोजा / रमजान बहुत अधिक था, तो हुजूर पाक (सल्ल.) के कम करवाने पर कम किया गया । इसके बाद हुजुर पाक मोहम्मद (सल्ल.) जब वापस आये तो अपनी उम्मत को रोजा रखने का हुक्म सुनाया। उसके बाद से ही रोजा रमजान मुबारक का महीना शुरू हुआ।

# साईं नाथ विश्वविद्यालय रांची के डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों का कैंपस सेलेक्शन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** साईं नाथ विश्वविद्यालय, रांची में डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग के मेकानिकल विभाग के अध्ययनरत और उत्तीर्ण विद्यार्थियों के कैम्पस सेलेक्शन का आयोजन किया गया। इस विशेष नियुक्ति अभियान का संचालन विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ वीरेंद्र गोस्वामी और सहायक कुलसचिव सुबोध कुमार सिन्हा, प्रशासनिक पदाधिकारी अभिषेक रंजन और विभागाध्यक्ष प्रो एनुल हक के द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय के मेकानिकल विभाग के विद्यार्थियों के प्लेसमेंट के लिए प्रतिष्ठित कंपनी- टीवीएस मोटर लिमिटेड, टीवीएस मोटर्स लिमिटेड के एचआर और अन्य प्रतिनिधियों के द्वारा सर्वप्रथम सभी विद्यार्थियों को अपनी कंपनी के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी और ऑनलाइन तथा टेलीफोनिक माध्यम से नियुक्ति संबंधी प्रक्रियाओं को संपन्न किया गया। इसके उपरांत उपस्थित सभी 34 विद्यार्थियों का नाम नियुक्ति हेतु टीवीएस मोटर्स लिमिटेड के प्रतिनिधियों द्वारा शॉट लिस्ट किया गया। सभी छात्र-छात्राओं का अंतिम रूप से चयन तीन लाख बीस हजार से तीन लाख 80 हजार रुपये सालाना आकर्षक पैकेज पर किया गया।

विश्वविद्यालय के डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के कैंपस सेलेक्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए साईं नाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) एसपी अग्रवाल ने इसका श्रेय संबंधित विभाग के अध्यापक-अध्यापिकाओं के द्वारा दी गयी गुणवतापूर्ण शिक्षा तथा छात्र-छात्राओं द्वारा किये गये सतत अध्ययन और विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर उन्हें उपलब्ध कराये गये ट्रेनिंग, प्रायोगिक प्रशिक्षण तथा शैक्षणिक भ्रमण के लिए उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं को दिया। कुलपति ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों के कैम्पस सेलेक्शन हेतु प्रतिष्ठित कंपनी के प्रतिनिधियों को समय-समय पर विश्वविद्यालय परिसर में इसी प्रकार बुलाया जा रहा है और नियुक्ति संबंधी कार्रवाई की जा रही है।

# लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हराया




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को आइपीएल के 10वें मैच में 5 विकेट से हरा दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 121 रन ही बना सकी। इसके जवाब में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 16 ओवर में 5 विकेट खोकर ये लक्ष्य हासिल कर लिया। लखनऊ की ओर से कप्तान केएल राहुल ने सर्वाधिक 35 रन बनाये। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आदिल रशीद ने दो, भुवी, फारूकी और उमरान मलिक को एक-एक विकेट मिला। हैदराबाद द्वारा मिले 122 रनों का पीछा करने उतरी लखनऊ सुपर जायंट्स को 35 के स्कोर पर काइल मेयर्स के रूप में पहला झटका लगा। मेयर्स 14 गेंद में 13 रन बना कर पवेलियन लौटे। दीपक हुड्डा कुछ देर बाद सात रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद राहुल और क्रुणाल ने तीसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी की। क्रुणाल 34 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद आदिल रशीद ने एक ही ओवर में दो विकेट लेकर लखनऊ के पांच विकेट गिरा दिये। कप्तान केएल राहुल ने 31 गेंद में 35 रन बनाये। मार्कस स्टायनिश (9) और निकोलस पूरन (11) ने टीम को जीत दिलायी।

सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 121 रन बनाये। बीच के ओवरों में सनराइजर्स हैदराबाद ने विकेट गंवाने के साथ रन भी कम बनाये। टीम के लिए राहुल त्रिपाठी ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। लखनऊ के लिए क्रुणाल ने तीन विकेट लिये। पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की शुरुआत ठीक रही। टीम ने पावरप्ले में सिर्फ एक विकेट गंवाया था, लेकिन पावरप्ले के खत्म होने के बाद टीम ने तीन ओवर के अंदर तीन विकेट गंवा दिये। मयंक अग्रवाल 7 गेंद में 8 रन बना कर पवेलियन लौटे। अनमोलप्रीत सिंह ने 26 गेंद में 31 रन की पारी खेली। इसके बाद आइपीएल 2023 में अपना पहला मैच खेल रहे सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान एडन मार्करम पहली गेंद पर क्लीन बोल्ड हो गये। क्रुणाल पांड्या ने अपने तीसरे ओवर में दो विकेट झटके। इसके बाद 51 गेंद में सुंदर और त्रिपाठी के बीच पांचवें विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी भी हुई।

# कानून सबके लिए एक

केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे 14 विपक्षी दलों की याचिका को देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआइ) की अगुआई वाली बेंच ने सुनवाई के भी योग्य नहीं माना। यह मामला दो वजहों से खास तौर पर ध्यान देने लायक है। पहली बात तो यह कि केंद्रीय एजेंसियों के राजनीतिक इस्तेमाल का आरोप भले ही अपने देश में नया न हो, ऐसा दृश्य भी आम नहीं है कि इस एक मसले पर एक-दो नहीं, बल्कि 14 राजनीतिक दल एक साथ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हों। जाहिर है, राजनीतिक हलकों में कुछ ऐसा हो रहा है, जो बहुत आम नहीं है। लेकिन अदालत ने याचिका में निहित अंतर्विरोध पर इसे दाखिल करने वालों का ध्यान दिलाते हुए कहा, आप केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगा रहे हैं। साथ ही, यह भी कहते हैं कि नेताओं के लिए कोई स्पेशल ट्रीटमेंट नहीं चाहते, क्योंकि वे भी सामान्य नागरिक हैं। फिर आप ही बताइए कि अदालत केंद्रीय एजेंसियों को यह निर्देश कैसे दे सकती है कि नेताओं के मामलों में गिरफ्तारी से पहले खास प्रक्रिया अपनाये? शीर्ष अदालत की बात सही है कि कानून हर नागरिक के लिए समान है। ऐसे में कोई भी ऐसी मांग कानून की कसौटी पर खरी नहीं उतर सकती, जिसमें किसी भी बहाने से खास लोगों के लिए विशेष व्यवहार की बात कही जाये।

**शीर्ष अदालत की बात सही है कि कानून हर नागरिक के लिए समान है। ऐसे में कोई भी ऐसी मांग कानून की कसौटी पर खरी नहीं उतर सकती, जिसमें किसी भी बहाने से खास लोगों के लिए विशेष व्यवहार की बात कही जाये।**

याचिका में कहा गया था कि 2004 से 2014 के बीच सीबीआइ ने जितने नेताओं के मामलों की जांच की, उनमें से करीब 60 फीसदी विपक्ष के थे। 2014 के बाद से अब तक की अवधि में यह प्रतिशत बढ़ कर 95 फीसदी तक पहुंच गया है। इडी के मामले में भी उसी कालावधि के बीच यह आंकड़ा 54 फीसदी से 95 फीसदी हो गया। एक आरोप यह भी लगता है कि इस तरह के मामलों में दोष सिद्ध बहुत कम ही हो पाता है। इसलिए इनके राजनीतिक दुरुपयोग के आरोप अक्सर लगते रहे हैं। इन आरोपों से न ही मौजूदा और न ही पिछली सरकारें बची हैं। फिर भी यह मामले का एक ही पहलू है और इस पर मौजूदा सरकार का अपना स्पष्टीकरण हो सकता है। बावजूद इसके, अगर विपक्षी दलों की शिकायत को वाजिब मान लें तब भी उनकी याचिका देश में विपक्षी राजनीति की बेचारगी भरी तस्वीर पेश करती है। आखिर देश में लोकतंत्र है और ये तमाम बड़े दल आम लोगों द्वारा निर्वाचित सरकार के खिलाफ अपनी शिकायत लेकर जनता के बीच जाने के बदले अदालत में पहुंच रहे हैं, तो सहज ही सवाल उठता है कि क्या मतदाताओं की समझ पर उनका भरोसा कम हुआ है या लोगों को समझाने की अपनी क्षमता पर संदेह हो गया है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**संसदीय कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में, विदेशों से जो हथियार, गोला-बारूद इत्यादि आयात किया जा रहा है, उस बारे विवरण सहित लिखा है कि वर्ष 2016 से 2020 के बीच 84.3 प्रतिशत हथियार (पारंपरिक) विदेशी थे। कमेटी ने हथियारों की खरीद-फरोख्त के बारे में चिंता प्रकट करते हुए इसे केवल कम करने की नसीहत ही नहीं दी, बल्कि आत्मनिर्भरता पर भी जोर दिया।**

# देश की सुरक्षा से समझौता उचित नहीं

**ब्रिगे. कुलदीप सिंह काहलों (रिटा.)**



भारतीय सेना ने एएफ इंडैक्स 2023 के तहत 21 मार्च से पुणे में 22 अफ्रीकी देशों की सेनाओं के साथ नौ दिवसीय सैन्य अभ्यास किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत-अफ्रीकी सेना प्रमुखों के पहले कान्क्लेव के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी देश अपनी पूरी सामर्थ्य से तब ही तरक्की कर सकता है यदि उसकी सुरक्षा यकीनी हो।

मैं इस बात से सहमत हूं, मगर यह तभी संभव हो सकता है, जब देश की सीमाएं सशक्त हों तथा हथियारबंद सेनाओं का आधुनिकीकरण समय तथा जरूरत के अनुसार होता रहे, ताकि रक्षाबल विदेशी शक्तियों का सामना करने के लिए तैयार-बर-तैयार रहें, क्योंकि देश की सुरक्षा के साथ समझौता करना बिल्कुल भी जायज नहीं। इसलिए भारत को अपनी युद्ध की तैयारी का जायजा लेते हुए कमियों-पेशियों को दूर करने की जरूरत होगी।

इस संदर्भ में वर्णनीय है कि संसद की रक्षा मामलों से संबंधित स्थायी कमेटी ने 21 मार्च को जो रिपोर्ट संसद में प्रस्तुत की, वह चिंताजनक, ध्यान देने योग्य तथा कार्रवाई करने योग्य है। कमेटी ने अनेकों किस्मों की चुनौतियों पर लेखा-जोखा का जिक्र करते हुए विशेष तौर पर वायु सेना को 40 तेजा लाइट काम्बैट विमान (एलसीए) मुहैया करवाने में बेहद देरी के बारे में चिंता प्रकट करते हुए कहा कि सरकार को चाहिए कि बिना समय को बर्बाद किए स्टेट आफ दी यार्ड 5वीं पीढ़ी के फाइटर विमान तुरंत ही सीधे काऊंटर से खरीदे जायें। आखिर ऐसा क्यों? क्योंकि दो वर्ष पहले भी कमेटी ने एलसीए के निर्माण में देरी का कारण मुख्य तौर पर सेना तथा एचएलए के बीच समन्वय की कमी, घटिया प्रबंधकीय नियंत्रण जैसे कारण दर्ज किये हैं। जिससे समयबद्ध तरीके से विमान उपलब्ध नहीं करवाये गये।

**संसद की रक्षा मामलों से संबंधित स्थायी कमेटी ने 21 मार्च को जो रिपोर्ट संसद में प्रस्तुत की, वह चिंताजनक ध्यान देने योग्य तथा कार्रवाई करने योग्य है।**

**रक्षा मंत्री के लेख अनुसार यदि वर्ष 2014 से सरकार ने रक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठा रखे हैं, तो कमेटी, जिसके चेयरमैन भाजपा के सांसद जुएल ओरांव हैं, देश की सुरक्षा के बारे में इतने चिंतित क्यों हैं? अब हथियारबंद सेनाओं के प्रमुख विमानों, तोपों, टैंकों और गोला-बारूद इत्यादि की कमी के बारे में बोल रहे हैं, तो फिर कम से कम कमेटी की रिपोर्ट के बारे में चालू बजट सत्र में बहस तो होनी ही चाहिए।**

संसदीय कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में, विदेशों से जो हथियार, गोला-बारूद इत्यादि आयात किया जा रहा है, उस बारे विवरण सहित लिखा है कि वर्ष 2016 से 2020 के बीच 84.3 प्रतिशत हथियार (पारंपरिक) विदेशी थे। कमेटी ने हथियारों की खरीद-फरोख्त के बारे में चिंता प्रकट करते हुए इसे केवल कम करने की नसीहत ही नहीं दी, बल्कि आत्मनिर्भरता पर भी जोर दिया। इस तरीके से कम्प्ट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल (सीएजी) ने तोपखाने के आधुनिकीकरण में मध्यम चाल बारे कहा कि मार्च 2022 तक मात्र आठ प्रतिशत तोपें ही तोपखाने को सुपुर्द की गयीं।

## बाज वाली नजर

मेरी हमेशा से ही कोशिश रही है कि मेरे लेख तथ्यों तथा आपबीती पर आधारित हों। अब जबकि इस लेख की शुरुआत ही रक्षा मंत्री के सुरक्षा फलसफे से जुड़ी हुई है, इसलिए मुझे याद आ गया है कि इस सिलसिले में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बतौर लेखक अक्टूबर 2021 में 'रक्षा निर्माण को मिली नयी उड़ान' के शीर्षक तहत एक लेख लिखा था। लेख और लेखक की अहमियत को समझते हुए कई समाचार पत्रों ने उसको प्रमुखता दी थी। मैंने भी उसे संभाल कर रखा है तथा अब उसकी प्रासंगिकता को समझते हुए उस लेख के कुछ अंश सांझा करना उचित समझता हूं।

लेखक ने सन 2014 के बाद भारत सरकार की ओर से रक्षा के क्षेत्र में कई सुधारों का जिक्र करते हुए दर्ज किया कि पिछले कुछ दशकों में हथियारबंद सेनाओं को आर्डीनेंस फैक्टरी बोर्ड (ओएफबी) द्वारा उत्पादन की ऊंची लागत, घटिया गुणवत्ता तथा आपूर्ति में देरी से संबंधित चिंताओं को झेलना पड़ा है। ओएफबी की वर्तमान प्रणाली में कई खामियां हैं। इसलिए सात नयी कार्पोरेट इकाइयों को बनाने का फैसला करना एक नये युग की शुरुआत होगी। जम्मू-कश्मीर के अलावा कुछ अन्य राज्यों में भी सुरक्षा बलों को अलग-अलग आतंकवादी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में यदि हमारे हथियारबंद दस्ते अति आधुनिक साजो-सामान से लैस नहीं होंगे तो उन्हें बड़ा जानी तथा माली नुकसान झेलना पड़ सकता है। यही कारण है कि केंद्रीय सरकार रक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठा रही है। क्या यह उचित है?

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 25 मार्च को मीडिया कार्यक्रम के दौरान कहा कि पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर स्थिति बड़ी नाजुक बनी हुई है तथा सैन्य पक्ष से यह खतरनाक है। उन्होंने यह भी कहा कि चीन से संबंध उस समय तक सामान्य नहीं हो सकते, जब तक सीमा से जुड़ी समस्याएं सुलझाई नहीं जातीं। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने 22 मार्च को कहा कि सीमा प्रबंधन में कमजोरियां राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़े विरोध पैदा कर सकती हैं।

रक्षा मंत्री के लेख अनुसार यदि वर्ष 2014 से सरकार ने रक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठा रखे हैं, तो कमेटी, जिसके चेयरमैन भाजपा के सांसद जुएल ओरांव हैं, देश की सुरक्षा के बारे में इतने चिंतित क्यों हैं? अब हथियारबंद सेनाओं के प्रमुख विमानों, तोपों, टैंकों और गोला-बारूद इत्यादि की कमी के बारे में बोल रहे हैं, तो फिर कम से कम कमेटी की रिपोर्ट के बारे में चालू बजट सत्र में बहस तो होनी ही चाहिए। यदि बहस नहीं भी करनी तो सैन्य आधुनिकीकरण को प्राथमिकता के आधार पर करना चाहिए। जरूरी हथियार तुरंत उपलब्ध करवाये जायें तथा रक्षा बजट की कमी को जल्द से जल्द पूरा किया जाये। चुनाव तो राजनेता लड़ते ही रहेंगे, मगर युद्ध तो बहादुर जवानों ने लड़ना है। राजभोग का आनंद तभी लिया जा सकता है, यदि देश सुरक्षित हो।

## जमशेदपुर की खबरें

# कदमा में टाटा स्टील का सीनियर मैनेजर हिरासत में

### पत्नी के साथ विवाद के बाद की शिकायत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र निवासी टाटा स्टील के सीनियर मैनेजर सौम्यज्योति मजूमदार को पुलिस ने हिरासत में लिया है। उससे कदमा थाना में पूछताछ की जा रही है। हालांकि, अब तक पुलिस ने उनको गिरफ्तार नहीं दिखाया है। बताया जाता है कि टाटा स्टील की सीनियर मैनेजर का अपने ही पत्नी टाटा स्टील की ही ऑफिसर के साथ काफी दिनों से विवाद चल रहा है। इस विवाद को लेकर दोनों के बीच अक्सर मारपीट की स्थिति हो जा रही है।

इन विवादों को देखते हुए उनकी पत्नी ने कदमा थाना में एक लिखित शिकायत दर्ज करायी है। इस लिखित शिकायत में बताया गया है कि वह कदमा विजया हेरीटेज के अजंता फ्लैट की रहने वाली है। उसके पति अक्सर उसके साथ मारपीट और गाली गलौज करते रहते है। उन्होंने पुलिस से बचाव करने की गुहार लगायी है। एक बार उनकी बेटी को भी उठाकर ले जाने का आरोप पत्नी ने लगाया था. इस मामले में कदमा पुलिस ने कार्रवाई की और उसको हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# टाटा स्टील जमशेदपुर पूर्वी में राष्ट्रीय स्तर के स्कूल की स्थापना करे : रघुवर दास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने टाटा स्टील के सीइओ और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन को पत्र लिख कर कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बनायी जानेवाली विकास योजनाओं में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया है। उन्होंने कंपनी प्रबंधन द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष में जमशेदपुर के नागरिकों को दी जानेवाली विशेष सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा है कि वह चाहते हैं कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की योजनाओं में गैर कंपनी क्षेत्रों के मनीफीट, मोहरदा, नामदा बस्ती, महानंद बस्ती, हरिजन बस्ती में घर-घर जलापूर्ति की जाये। उन्होंने कहा है कि केबुल टाउन बस्ती में कंपनी द्वारा लोगों से पानी का बिल व्यक्तिगत तौर पर लिया जाता है, लेकिन बिजली बिल का सामूहिक रूप से भुगतान करना पड़ता है।

इस संबंध में आपसे पहले भी बात हुई थी। वह चाहते हैं कि पानी बिल की तरह ही बिजली बिल भी व्यक्तिगत रूप से लिया जाये। इसके साथ ही मोहरदा जलापूर्ति योजना से स्वच्छ जलापूर्ति की जाये और शेष क्षेत्रों में हर घर जलापूर्ति की जाये। दास ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में राज्य सरकार के ऊर्जा विभाग और टाटा स्टील के बीच हुए समझौते की चर्चा करते हुए कहा है कि कंपनी जमशेदपुर और सरायकेला की आवासीय कॉलोनियों में उक्त समझौते के अनुरूप बिजली की आपूर्ति करे। इसके साथ ही जमशेदपुर पूर्वी के प्रमुख स्थानों पर हाइ मास्ट लाइट लगायी जाये और स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था की जाये।



पूर्व मुख्यमंत्री ने कंपनी के द्वारा संकरी सड़कों का चौड़ीकरण किये जाने को जहां एक अच्छा कदम बताया है, वहीं बारीडीह गोल चक्कर से बजरंगबली मंदिर तक सड़क चौड़ीकरण कार्य में और गति लाने की जरूरत पर बल दिया है। उन्होंने जमशेदपुर के विभिन्न आवासीय क्षेत्रों में बने पार्कों की सराहना की और कहा कि अब इन क्षेत्रों बच्चों के लिए खेल का मैदान बनाने की जरूरत है। दास ने अपने पत्र में जमशेदपुर वासियों के व्यापक हित में यह सुझाव दिया है कि टाटा स्टील ने जिस प्रकार उनके शासनकाल में बारीडीह में मणिपाल मेडिकल कॉलेज की स्थापना कर मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में जमशेदपुर को एक बेहतरीन तोहफा दिया है, उसी प्रकार राष्ट्रीय स्तर की स्कूली शिक्षा के लिए जमशेदपुर पूर्वी में एक उच्च मानक के स्कूल की स्थापना करे। कंपनी के सीइओ को लिखे गये इस पत्र की प्रतिलिपि टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (सीएस) और टाटा स्टील यूआइएसएल के प्रबंध निदेशक को भी प्रेषित की गयी है।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, एक गंभीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गालूडीह।** गालूडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ाखुर्शी पंचायत के गिधिबिल टोला के समीप गिधिबिल की तरफ आ रहे मोटरसाइकिल सवार को ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद में ट्रैक्टर को मौके पर ही छोड़कर चालक फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार करीब नौ बजे ईटामाड़ो गांव निवासी नेहरु हेंब्रम पत्नी सरला हेंब्रम, पत्नी की 16 वर्षीय बहन पार्वती हांसदा और पांच वर्षीय बेटा कृष्णा हेंब्रम के साथ अपने हीरो मोटरसाइकिल से पोटका के चमनजुड़ी गांव जाने के लिए घर से निकले थे। इस दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर संख्या जेएच 05 बीवाइ 5151 ओवरटेक करने के चक्कर में मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मारकर गढ्ढे में घुस गयी। इस टक्कर से नेहरु हेंब्रम की पत्नी ट्रैक्टर के नीचे घुस गयी। उनको अंदरूनी चोटें आयी है। वहीं दुर्घटना में पार्वती हांसदा का पैर टूट गया और सिर पर भी चोटें आयी हैं। ग्रामीणों ने निजी वाहन से घायलों को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला भेजा।

चिकित्सकों द्वारा पार्वती हांसदा को बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर भुरूडांगा गांव स्थित मीनू ईंट भट्टा से ईंटों को लेकर एमजीएम थाना क्षेत्र स्थित पलाशबनी जा रहा था। ट्रैक्टर देवघर निवासी मंगल मुर्मू नामक किसी व्यक्ति का है। घटना की सूचना पर गालूडीह पुलिस गिधिबिल पहुंची। फिर ग्रामीणों की मदद से जेसीबी से ट्रैक्टर को रास्ते से हटवाया।

# जनता के हर सुख-दुख में कार्यकर्ता बनें सहयोगी : विद्युत वरण महतो



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटमदा।** भारतीय जनता पार्टी के जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम में सांसद विद्युत वरण महतो शामिल हुए। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान शक्ति केंद्र पर महामहिम राष्ट्रपति का अभिभाषण को शक्ति केंद्र पर पढ़ कर सुनाया गया। वही जुगसलाई विधानसभा स्थित कमलपुर मंडल के बनकुचिया में विभिन्न शक्ति केंद्र से आये कार्यकर्ताओ ने महामहिम राष्ट्रपति का अभिभाषण सुना। मौके पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मुचीराम बाउरी, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप महतो, सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो, मंडल उपाध्यक्ष उपेन माझी, गोवर्धन माझी, विजय प्रमाणिक, देवेंद्र महतो, लक्ष्मण महतो, साहिब राम गोप, शिवनाथ महतो, अभिजीत महतो उपस्थित रहे।

# विद्यापति स्मृति समारोह का शुभारंभ आज, लौहनगरी में मिथिला समाज से जुड़े लोगों का होगा महाजुटान

**आजाद सिपाही संववादाता**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में मिथिला सांस्कृतिक परिषद के प्रयास से दो दिवसीय विद्यापति स्मृति समारोह 2023 का भव्य आयोजन आठ एवं नौ अप्रैल को किया जायेगा। शनिवार को साकची स्थित बौद्ध मंदिर के सामने मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मिथिला समाज से जुड़े लोगों का महा जुटान होगी। बबलू झा ने बताया कि बीते चार साल के बाद आठ अप्रैल से दो दिवसीय विद्यापति स्मृति समारोह 2023 का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में अतिथि पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार,सहायक आयुक्त उत्पाद व मद्यनिषेध अरुण कुमार झा, क्षेत्रीय प्रबंध निदेशक जेआइएडीए प्रेमरंजन, आदित्यपुर प्रबंध निदेशक ऑटो क्लस्टर सुरेश नारायण ठाकुर व समाजसेवी शिव शंकर सिंह उपस्थित होंगे। सभी अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। मौके पर पुस्तक मेला, हस्तकला एवं मिथिला पेंटिंग के लिए मेला का आयोजन किया जायेगा। संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता अशोक कुमार दास, कांग्रेस के पूर्व ज़िलाध्यक्ष रवींद्र झा, जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, कार्यकारी ज़िलाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, रीता मिश्रा और समाजसेवी राम सखि देवी के कर कमलों से मेला का उद्घाटन किया जायेगा। वहीं नौ अप्रैल को झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, जुस्को यूनियन अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय सहित महिला सदस्य श्रीमती अरुणा मिश्रा, डॉ त्रिपुरा झा के द्वारा आनंद मेला का उद्घाटन किया जायेगा। सांस्कृतिक संध्या के मुख्य कलाकार दिल्ली से विकास झा, अनामिका झा, दरभंगा से अरविन्द सिंह, कंचन पांडेय, स्थानीय कलाकार पंकज कुमार झा, शंकर नाथ झा शामिल होंगे। उद्घोषणा एवं हास्य के लिए कृष्णा मिश्रा अपनी मनमोहक प्रस्तुति करेंगे। वही अन्य कलाकार मधुर गीतों से सभी दर्शकों को आनंदित करेंगे। साथ ही विद्यापति की रचना सहित अन्य लोकगीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया जायेगा। कार्यक्रम संध्या पांच बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के दौरान लोगों को मिथिला के लजीज व्यंजन का रसास्वादन कराया जायेगा। पान मखान, मछली सहित कई प्रकार के स्टाल उपलब्ध होंगे। सभी आगंतुक आनंद मेला का भी आनंद उठा पायेंगे। सभी क्षेत्र से दर्शकों को आने जाने के लिए बस की ब्यवस्था की गयी, ताकि सभी मिथिला वासी, मैथिलप्रेमियों को किसी तरह की कोई परेशानी न होसके। बबलू झा कहा चार वर्ष के बाद विद्यापति स्मृति समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

# एक महान नेता को खो दिया, जिसकी भरपाई करना मुश्किल : मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी व झारखंड के मसीहा दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का शव शुक्रवार को झारखण्ड विधानसभा पहुंची। जहा जुगशालाई विधायक मंगल कालिंदी ने नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। विधायक ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा जगरनाथ दादा बहुत ही नेक इंसान थे। हमेशा लोगों की मदद के लिए तत्पर रहते थे। विधायक ने भगवान से उनकी आत्मा के शांति व उनके परिवार वालों को इस दुख की घड़ी में सहन करने की शक्ति देने के लिए प्राथना की। विधायक ने कहा जब भी उनसे मिलने जाते थे हमेशा दादा अपना मार्गदर्शन मिलता था। उन्होंने जुगसलाई विधानसभा में शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से विकास के लिए तत्पर रहते थे। उनके कार्यकाल में झारखंड में शिक्षा के स्तर भी काफी आगे बढ़ा है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 08 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in



# वनपाल ने मुआवजे का चेक प्रदान किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका प्रखंड अंतर्गत कटरा पंचायत के कर्री गांव निवासी रामनाथ सिंह की मौत हाथी के द्वारा पटक एवं कुचल देने से हो गई थी, जिसके एवज में मृतक के पत्नी जासो देवी को वनपाल राजीव पांडेय एवं पंचायत की मुखिया अनिमा देवी सिंह के द्वारा सरकारी मुआवजा राशि कुल 4 लाख रुपये का चेक शुक्रवार को प्रदान किया गया। बताते चलें कि रामनाथ सिंह 27 फरवरी 2023 को रामानुजगंज छत्तीसगढ़ क्षेत्र से काम कर के वापस संध्या बेला में घर जाने के क्रम में अचानक रास्ते में हाथी ने हमला कर दिया और पटक दिया और पैरों से कुचल भी दिया जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी और परिवार जनों एवं ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों से मुआवजा देने की मांग किया गया था। इस अवसर पर अन्य वनकर्मी एवं ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# बंशीधर महोत्सव का आयोजन अगले निर्णय तक स्थगित: सांसद

## राजकीय शोक के तुरंत बाद राजकीय महोत्सव मनाया जाना अनुचित प्रतीत हो रहा था





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा है कि शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के कारण दिनांक 08 एवं 09 अप्रैल 2023 को आयोजित होनेवाले राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव के आयोजन को स्थगित कर दिया गया है। महोत्सव के आयोजन के लिए अगली तिथि की घोषणा बाद में की जायेगी। जिसकी सूचना आम अवाम को पुनः दी जायेगी। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव की शुरूआत उनके प्रयास से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के समय किया गया था। शिक्षा मंत्री के निधन के बाद राज्य भर में राजकीय शोक मनाया गया। राजकीय शोक के तुरंत बाद राजकीय महोत्सव मनाया जाना अनुचित प्रतीत हो रहा था।

**खेद प्रकट किया:** इस कारण महोत्सव की तिथि अगले निर्णय तक टाल दिया गया है। इसके लिए उन्होंने खेद प्रकट किया है। इधर बंशीधर महोत्सव की तैयारी को लेकर पूरी तैयारी कर ली गई थी। कई बॉलीवुड के कलाकार एवम छेत्रीय कलाकार इस महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देनेवाले थे। महोत्सव स्थगित होने पर लोगों में मायूसी भी है।

# सामाजिक अंकेक्षण जिला में चर्चा का विषय बना



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** शिक्षा विभाग द्वारा जारी समाजिक अंकेक्षण जिला में चर्चा का विषय बना है। शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के बाद राजकीय शोक घोषित व क्षेत्र का महत्वपूर्ण त्योहार गुड फ्राइडे होने के बावजूद सामाजिक अंकेक्षण के नाम पर टुकूपानी बुनियादी विद्यालय में ऑडिट के नाम पर वसूली का खेल बदस्तूर जारी है। पत्रकार को देखने के बाद ऑडिट कर रहे पदाधिकारी हरबडाकर किसी तरह का बात नहीं करना चाह रहे थे सिफ आप ऊपर से बात कीजिए ऊपर का आदेश कह गुमराह करने का प्रयत्न करते रहे। वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि जिले में चल रहे सामाजिक अंकेक्षण का कार्य 14 अप्रैल तक हर हाल में कार्य को पूरा किया जाना है जिले में 957 विद्यालय हैं प्रखंड मुख्यालयों में शिविर का आयोजन किया गया है इसके बावजूद भी बचे हुए विद्यालयों का अंकेक्षण किया जा रहा है। किसी को दबाव देकर नहीं बुलाया जा रहे हैं। वही छुट्टी के दिनों में हो रहा अंकेक्षण पर उन्होंने कहा कि इसे मैं देखता हूं जबकि दूसरी प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा ने कहा कि राजकीय शोक व महत्वपूर्ण त्यौहार गुड फ्राइडे के दिन अंकेक्षण का कार्य किया जाना समझ से परे है वही ऑडिट कर्ताओं के द्वारा भया दोहन कर अवैध वसूली की शिकायत उन्हें भी मिली है। जिस पर जिला शिक्षा अधीक्षक और उपायुक्त से मुलाकात कर मामले की जानकारी देंगे।

# ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करनेवालों पर होगी सख्त कार्रवाई : थाना प्रभारी



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** थाना पुलिस द्वारा थाना गेट के सामने एनएच 75 पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर 20 वाहनों का चालान काटा गया। इस दौरान थाना पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक भी किया गया। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि चेकिंग के दौरान 14 बाइक चालकों को बिना हेलमेट एवं एयरफोन लगाकर वाहन चलाते पकड़ा गया। जिसके विरुद्ध कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन जिला परिवहन पदाधिकारी गढ़वा को भेजा गया है। साथ ही अन्य आधा दर्जन वाहन (मोटरसाइकिल एवं ऑटो) को बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस के वाहन चलाते पकड़े जाने वालों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत अभियोजन चलाने के लिए कोर्ट में प्रतिवेदन भेजा गया है। थाना प्रभारी ने कहा की ट्रैफिक नियम लोगों की सुरक्षा के लिए है, जिसे सभी को पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा की गाड़ी में हमेशा वैध कागजात रखें तथा हमेशा हेलमेट का उपयोग करें, कभी भी शराब पीकर वाहन न चलायें। वाहन चलाते समय मोबाइल/एयरफोन का उपयोग कदापि न करें। थाना प्रभारी ने कहा की ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। चेकिंग अभियान में थाना प्रभारी नीतीश कुमार के साथ पुलिस अवर निरीक्षक संजय कुमार कुशवाहा सहित कई पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# बजरंग दल ने भव्य रूप से मनाया हनुमान जन्मोत्सव



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व नगर मंडल के द्वारा शहर के परंपरिक हनुमान मंदिर रंका मोड़ से पूजा पाठ के पश्चात संकट मोचन को पालकी में विराजमान किया गया। जो कि शहर के मुख्य मार्ग से निकल कर पूरे शहर वासियों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए श्री राम लाला कुटीर मंदिर में स्थापित हुए। इस अवसर पर हनुमान चालीसा का पाठ कर बजरंगियों ने कार्यक्रम का सफल समापन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बजरंग दल नगर मंडल संयोजक करन कुमार ने किया। आयोजन में विश्व हिंदू परिषद समन्वय प्रमुख डी. पी. सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्यामानंद पांडेय, जिला कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, जिला सह मंत्री रवि दास, बजरंग जिला संयोजक शुभम चौबे, जिला सह संयोजक शुभम केशरी, जिला सेवा विभाग प्रमुख चंदन स्वामी, जिला गौ रक्षा प्रमुख शिवम दौलत सोनी, चंदन जायसवाल, संतोष केशरी, विपुल दूबे, विशाल जायसवाल, विमल केशरी, नमन केशरी, रिशिक जायसवाल, शुभम गुप्ता, सनी कुमार, शशिकांत सागर स्वयम अंशू कांस्यकर के साथ साथ सभी अखाड़ा के लोग उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाया।

# तीन दिवसीय कार्यक्रम के संबंध में जानकारी ली



आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** भारतीय संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर अंबेडकर युवा क्लब रंका कंचनपुर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा से मुलाकात कर कार्यक्रम के तैयारी के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा ने बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती पर होने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रम के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने सभी युवाओं से बाबा साहब के अनुयाई होने के नाते हैं अनुशासन का परिचय देने का निर्देश दिया और शराब आदि व्यसनों से दूर रहने की अपील की। थाना प्रभारी ने डीजे साउंड को संतुलित आवाज में बजाने तथा शोभा यात्रा के अवसर पर राजमार्ग पर बेवजह जाम लगाने से बचने की सलाह दी। इस मौके पर अंबेडकर युवा क्लब के संरक्षक सहायक अभियंता अनुज कुमार रवि एवं अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रवि ने थाना प्रभारी को बाबासाहेब अंबेडकर की तस्वीर युक्त मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एइ अनुज कुमार रवि, अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रवि, अनूप कुमार, राकेश कुमार, पत्रकार आकाशदीप ,मुन्ना कुमार, उज्जवल कुमार रवि, आशीष, रवि रंजन, अखिलेश, जय प्रताप, मुनिप, सचिन कुमार सहित काफी संख्या में युवा उपस्थित थे।

# धमकी देने और रंगदारी मांगने का आरोप लगाया




**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** टाउनशिप स्थित सेल के प्रशासनिक भवन में निविदा डालने जा रहे पटना की कंपनी लॉर्ड कृष्णा सिक्योरिटी एंड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी बिहार निवासी विमलेश यादव ने भवनाथपुर बनखेता के राकेश कुमार गुप्ता एवं दो अन्य लोगों पर निविदा डालने के क्रम में धमकी देने, पेपर छीनने और धमकी देते हुए रंगदारी की मांग करने का आरोप लगाया। भवनाथपुर के निलू सिंह ने बीच बचाव कर निविदा डालने में मदद किया। समाचार के अनुसार भवनाथपुर मे सेल प्रबंधन के द्वारा कॉन्ट्रैक्ट बेस पर 8 सफाई कर्मियों के लिए 17 लाख रुपये का एक वर्ष के लिए निविदा आमंत्रित किया गया था। इस निविदा में भवनाथपुर के ही आधा दर्जन से अधिक स्थानीय संवेदक वर्षों से निविदा डालते आ रहे हैं। लेकिन इसी बीच पटना की कंपनी लॉर्ड कृष्णा सिक्योरिटी एंड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड ने भी निविदा में भाग लेने के लिए 5 अप्रैल को अपने कर्मचारी विमलेश यादव को भेजा।कंपनी के संचालक चंदन पांडेय पटना निवासी ने बताया कि हमारे कर्मचारी विमलेश यादव जब सेल के प्रशासनिक भवन में निविदा डालने 5 अप्रैल को जा रहे थे तो प्रशासनिक भवन के पास पूर्व से सेल में ठेका ले रहे राकेश कुमार गुप्ता दो-तीन लोगों के साथ आया और हमारे कर्मचारी से निविदा पेपर छीन लिया और कहा कि टेंडर नहीं डालना है, नहीं तो अंजाम बुरा होगा। इतना ही नहीं रंगदारी की मांग भी करने लगा। लेकिन मौके पर पहुंचे भवनाथपुर के ठेकेदार अवधेश सिंह उर्फ नीलू सिंह ने बीच-बचाव कर निविदा डलवाने में मदद की। पुलिस को सूचना देने कि बात कहने पर उक्त सभी लोग भाग खड़े हुए। बताया कि पूर्व में भी हमसे डेढ़ लाख रुपये रंगदारी लिया गया है। चंदन पाण्डेय ने कहा भवनाथपुर थाने में राकेश कुमार गुप्ता एवं अन्य लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया जायेगा। इधर राकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि मुझ पर लगाये गये सभी आरोप बेबुनियाद हैं।

# मंदिर परिसर में साफ-सफाई स्वच्छता अभियान चलाया

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजयुमो गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी की अध्यक्षता में समाजिक समरसता सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत खोनहर मंदिर परिसर में साफ सफाई स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा कि समाजिक समरसता का भाव हर कार्यकर्ता के अंदर होना चाहीए। भाजयुमो कार्यकर्ता स्वच्छता अभियान चलाकर समाज में एकरुपता का भाव लाने का काम कर रहे हैं। स्वच्छता अभियान के माध्यम से तन मन शुद्ध होता है। उन्होंने कहा कि समाजिक न्याय समरसता सेवा सप्ताह कार्यक्रम के माध्यम से हर जाति वर्ग को जोड़कर सबको एकता के सुत्र में बांधना ही पार्टी का एक मात्र उद्देश्य है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि समाजिक समरसता सेवा सप्ताह कार्यक्रम के दौरान जिले के सभी मंडल में स्वच्छता अभियान सह समरसता भोज का आयोजन किया गया है उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा पार्टी है जो सर्व समाज की कल्पना करता है स्वच्छता अभियान के माध्यम से सभी समाज के लोगों को जोड़ना ही पार्टी का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, भाजपा नेता सत्येंद्रनाथ तिवारी, भाजयुमो जिला महामंत्री विकास तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवनारायण चंद्रा, प्रियरंजन तिवारी, शुभम तिवारी, प्रिंस तिवारी, अक्षय दुबे, रामजवीत पासवान, अभिनंदन पासवान, धर्मेंद्र तिवारी, अजय वर्मा,संतोष राम, पिंटू चंद्रवंशी, अशोक तिवारी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

# गढ़वा में समरसता भोज का आयोजन किया गया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजयुमो गढ़वा ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पासवान की अध्यक्षता में ग्रामीण मंडल के मेढ़ना गांव में समरसता सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत समरसता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मौके पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता समाजिक समरसता के साथ काम करते हैं भाजपा एक मात्र पार्टी है जो सर्व समाज को लेकर चलता है उन्होंने कहा कि समरसता भोज कार्यक्रम के माध्यम से सभी समाज को एकजुट करना है इसलिए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन दलित बस्ती में किया जा रहा है जिससे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति के साथ पार्टी के कार्यकताओं का जुड़ाव हो सके। पुर्व लोकसभा प्रत्याशी जवाहर पासवान ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसा पार्टी है जो दलित को सम्मान देती हैं जबकी दूसरे दलों में दलित को सम्मान नहीं मिल पाता है उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता में हमेशा समरसता का भाव होता है भाजयुमो के द्वारा दलित बस्ती में समरसता भोज कार्यक्रम का आयोजन करने से लोगों में काफी जागरुकता आई है। संचालन भाजयुमो जिला महामंत्री विकास तिवारी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे जिला मिडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पाण्डेय सोशल मीडिया प्रभारी बिपिन तिवारी, गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी, प्रिंस तिवारी, मनीष कुमार, रामधार पासवान, गोरख पासवान, गुलाब पासवान, सुमेर पासवान, रामरुच पासवान, कृष्णा पासवान, मदन पासवान, राजमुनी चौधरी, रामचंद्र शर्मा, दीपक पासवान, अरविंद उपाध्याय, कुंजन पासवान, अरविंद तिवारी, हरिहर पासवान, धनंजय पासवान, श्रीकांत पासवान, प्रमोद पासवान, राजकुमार पासवान, शिवकुमार पासवान, मनोज पासवान सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

# शिक्षा मंत्री के निधन पर सहायक अध्यापक संघ ने निकाला कैंडल मार्च

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** राज्य के शिक्षा मंत्री के टाइगर जगरनाथ महतो निधन पर सहायक अध्यापक संघ जिला इकाई के द्वारा स्थानीय गोविंद स्कूल के मैदान से एक कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च के माध्यम से स्वर्गीय जगन्नाथ को श्रद्धांजलि दिया गया। कैंडल मार्च के पूर्व सहायक अध्यापकों विन्न विन्न क्षेत्रो से गोविंद स्कूल के मैदान पहुंचे जहां बारी-बारी से सभी शिक्षकों ने मंत्री को श्रद्धांजलि दिया। सहायक अध्यापकों ने बताया कि स्वर्गीय महतो राज्य के पहले ऐसे शिक्षा मंत्री हुए जिन्होंने सहायक अध्यापकों के दर्द को करीब से जाना और सहायक अध्यापकों के समस्याओं के लिय सार्थक पहल किया। उन्होंने नियमावली निर्माण, वेतन वृद्धि, 60 वर्षों तक सेवा का स्थायीकरण अनुकंपा, सेवा संपुष्टि, आकलन परीक्षा उपरांत 10% की वृद्धि सहित 4% वार्षिक वृद्धि का निर्णय लिया था टेट विसंगति के समस्या का भी समाधान किया ।

## कांडी में 11 अप्रैल, मंगलवार को आशीर्वाद सभा का आयोजन होगा

# मुझे क्षेत्र की जनता का भरपूर आशीर्वाद चाहिए: शुक्ला



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय कांडी में 11 अप्रैल मंगलवार को एक आशीर्वाद सभा का आयोजन किया जायेगा। उक्त बातें कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला शुक्रवार को कांडी में एक प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। जहां उन्होंने कहा की पिछले विधानसभा चुनाव में मैं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से एक विधायक प्रत्याशी के रूप में आया था, किंतु विषम एवं विशेष परिस्थितियों के कारण मुझे चुनाव लड़ने का मौका नहीं मिला। तब से अब तक मैं देख रहा हूं की विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास, रोजगार एवं किसानों की समस्याओं जैसी मुद्दों पर क्षेत्र नेतृत्व विहीन सा लगता है। ऐसा प्रतीत होता है, जैसे यहां कोई नेतृत्व कर्ता ही नहीं है। ऐसे में हमलोगों को चुप रहना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। यह सोच कर मैं यहां की जनता को जगाने एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए 11 अप्रैल की सुबह 11 बजे से कांग्रेस पार्टी के सभी सशक्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं कांडी प्रखंड के वैसे गणमान्य एवं बुद्धिजीवी व्यक्ति जो मेरे व्यक्तिगत रूप से शुभचिंतक हैं, उनका आशीर्वाद प्राप्त करने एवं रायसुमारी के लिए एक आशीर्वाद सभा का आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि कांडी थाना के बगल में एक भवन में एक आशीर्वाद सभा का आयोजन होगा, जहां क्षेत्र की तमाम समस्यायों, चाहे वह राजनीतिक हो या सामाजिक स्थितियां यहां पैदा हो गई हैं, उसके लिए चर्चा की जायेगी। श्री शुक्ला ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में मैं एक उम्मीदवार के रूप में आकर क्षेत्र में भ्रमण किया था। जनता से खूब प्यार-दुलार एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि 2024 में आगामी लोक सभा एवं विधान सभा का चुनाव होगा। लोगों को गोलबंद होना होगा, जिससे कांग्रेस पार्टी की सरकार दिल्ली में बने, जिसके लिए हमलोगों का योगदान होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा का चुनाव होगा। इसके लिए मुझे क्षेत्र की जनता का भरपूर आशीर्वाद चाहिए।

### मौके पर ये रहे उपस्थित

मौके पर रामाश्रय राम, विजय सिंह, आशीष शुक्ला, श्रवण कुमार, उमर अंसारी, अलताफ रजा, राजू सिंह, नौशाद अंसारी, बच्चा राम,सीता राम, संतन सिंह, बैजनाथ सिंह,डॉ अनिल साह, रिंकू कुमार, मनोज कुमार, प्रमोद राम, धर्मेंद्र, हरिहर राम, सोनू कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# डीसी से पुस्तकालय को और सुव्यवस्थित करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा शहर के थाना के सामने ही स्थित श्री कृष्ण पुस्तकालय में विभिन्न प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे छात्रों ने उपायुक्त से मिलकर श्री कृष्ण पुस्तकालय के और व्यवस्था को डीसी के समक्ष रखा। छात्रों ने कहा कि पुस्तकालय में पढ़ने आने वाले छात्रों की संख्या जितनी है उतना बैठने की व्यवस्था नहीं है वही पुस्तकालय में गर्मी के कारण बैठकर पढ़ना छात्रों के लिए काफी दिक्कतें होती है। पुस्तकालय के लाखों रुपए के लागत से मरामती किया गया है। जिसमें संवेदक द्वारा भारी अनियमितता की गई है। पुस्तकालय में ऐसी तो लगाया गया है लेकिन संवेदक के द्वारा अनियमिता की जाने के कारण एसी चल नहीं पा रहा है। वहीं छात्रों को शुद्ध पानी पीने के लिए आरओ लगा हुआ है।

### लक्ष्मी आटा कंपनी के सप्लाई वाहन से लूट मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही किया उद्भेदन

# लूटकांड के चार आरोपित गिरफ्तार

**लूट के 77 हजार रुपये नकद और दो बाइक समेत अन्य सामान हुआ बरामद**

## वाहन चालक ने ही साथियों की मदद से रची थी लूट की साजिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अड़की की दुकानों में आटा सप्लाई कर वापस खूंटी लौट रहे लक्ष्मी आटा कंपनी के सप्लाई वाहन में सवार कंपनी के मुंशी से हेमरोम बाजार के पास दो बाइक पर सवार चार अपराधियों द्वारा गुरुवार को धारदार हथियार का भय दिखाकर एक लाख पांच हजार रुपए लूटे जाने के मामले का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधियों में कंपनी के सप्लाई वाहन का चालक अड़की थानांतर्गत तोड़ांग गांव निवासी गोला मुंडा, कोरबा गांव के मोनो मिर्धा, पांडु मुंडा और खूंटी थाना अंतर्गत चितरामू गांव के फगुवा मिर्धा शामिल हैं। गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर आटा कंपनी के मुंशी से लूटे गए रुपयों में से 77 हजार नकद, लूट में प्रयुक्त दो बाइक, एक धारदार हथियार दाउली, विभिन्न कंपनियों के चार मोबाइल फोन समेत अन्य सामान भी बरामद कर लिया है। उक्त जानकारी खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार ने दी। वे शुक्रवार की शाम अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। एसडीपीओ ने बताया कि लूट की इस घटना की साज़िश सप्लाई वाहन के चालक गोला मुंडा ने ही रची थी। उसने अपने सहयोगियों से मिलकर लूट की घटना को अंजाम दिया था। एसडीपीओ ने बताया कि मुख्य आरोपित गोला मुंडा और उसके प्रमुख सहयोगी मोनो मिर्धा का अपराधिक इतिहास रहा है। दोनों के विरुद्ध अड़की थाना में हत्या का एक-एक मामला भी दर्ज है। कांड के उद्भेदन के लिए एसडीपीओ अमित कुमार के नेतृत्व में गठित एसआईटी में अड़की थाना प्रभारी इकबाल हुसैन, अड़की थाना के पुअनि शशि प्रकाश, मनोज तिर्की, उत्तम कुमार, बिरजु प्रसाद, अर्जुन कुमार सिंह आदि शामिल थे।


गिरफ्तार आरोपितों के साथ घटना की जानकारी देते एसडीपीओ के साथ अन्य पुलिस अधिकारी।

## नागेश्वर महतो अध्यक्ष और गणेश महतो बने सचिव

**श्रीश्री 1008 पांच दिवसीय रूद महा यज्ञ सह शिव पंचायतन प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान 21 मई से, नयी कमेटी का गठन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** शिव मंदिर राय बस्ती में राय पंचायत के ग्रामीणो की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से 21 मई से 25 मई तक शिव मंदिर राय बस्ती में पांच दिवसीय श्रीश्री 1008 रूद महायज्ञ सह शिव पंचायतन प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान कराने का निर्णय लिया गया। इस यज्ञ को सफल बनाने के लिए कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष नागेश्वर महतो, कार्यकारी अध्यक्ष शंकर सिंह, सचिव गणेश कुमार महतो, सहसचिव पारस कुमार महतो, दुर्गा प्रसाद महतो, सुनिल साहु, कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार नायक, उप कोषाध्यक्ष नागेश्वर उर्फ बेगी महतो, संगठन सचिव राजेश महतो, मनोज महतो, मुख्य संरक्षक विष्णु साहु, जगदीश सोनी, प्रकाश उर्फ बिनोद महतो, एतवारा महतो, प्रदीप उरांव, राजू गुप्ता, दीपक कुमार महतो, रवि सोनी, रामअवतार गुप्ता, लगनलाल महतो, अशोक महतो, पंचानन्द नायक, विजय पाहन, आदित्य नायक, उदय प्रताप सिंह शामिल हैं। साथ ही इस यज्ञ को सफल बनाने के लिए महिला कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष शिला देवी मुखिया राय पंचायत, उपाध्यक्ष रेखा देवी, सचिव सरिता देवी सह सचिव मंजू देवी, लीलावती देवी, कोषाध्यक्ष सुचिता देवी, उप कोषाध्यक्ष रीता देवी, संगठन सचिव आशा देवी, उप संगठन सचिव चंद्रा देवी को बनाया गया है। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में संतोष प्रजापति, अनिल साव, रूपेश महतो, महविर, हरिष, ब्रजेश, अजय नायक, सरेश, साजन, लोकनाथ, किटिया, शंकर नायक, छोटे लाल एवं समस्त ग्रामीण को शामिल किया गया है।


बैठक के दौरान उपस्थित राय पंचायत के ग्रामीण।

## हम लोगों के पापों की सजा प्रभु यीशु ने भुगता था: फादर रॉबर्ट मिंज

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रभु यीशु हमसे प्रेम करते है। हमारे पापों के खातिर अपने आप को बलि चढ़ा देते हैं। उक्त बातें फादर रोबर्ट मिंज ने कही। वे शुक्रवार को गुड फ्राइडे के अवसर पर आयोजित धर्मविधि की अगुवाई में दिघीया पल्ली में उपस्थित मसीहियों को संबोधित कर रहे थे। इस दिन पूण्य शुक्रवार धर्म विधि की शुरूआत क्रूस प्रार्थना से की गई। इसमें प्रभु यीशु के दुख भोग की गाथा को दर्शाया गया। जिस तरह उन्हें क्रूस पर लटकाया गया था। पूण्य शुक्रवार की धर्मविधि को चार बांटा जाता है। जिसमें दुख भोग की गाथा, क्रूस उपासना, प्रसाद की विधि व धर्मविधि शामिल है। धर्मविधि की अगुवाई फादर भिंसेन्ट मिंज, ब्रिसिथुस मिंज, सिस्टर प्रबला केरकेट्टा, ब्रिजिट पूर्ति, किरण टोपनो,ग्रेस कुजुर किया। साथ ही गीत मंडली का नेतृत्व सिस्टर मगदली बागे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कैथोलिक सभा अध्यक्ष देवनिश तिग्गा, फ्रांसिस जेवियर मिंज, पतरस लकड़ा, आशीष खेस, तेवफिल खेस, अजय खेस, नीलेश खेस, पवन खेस, निखिल खेस, अलोविंस कुजूर, रोज तिर्की, लिवंस खेस, प्रवीण मिंज, रेमन खेस, बरनाबस खेस, पिंकी मिंज, अन्ना किस्पोट्टा, तेरेसा खेस, मरियम खेस आदि ने किया।



## महिला जनप्रतिनिधियों ने स्लरी उठाव पर लगायी रोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** महिला जनप्रतिनिधियों ने स्लरी उठाव पर शुक्रवार को रोक लगा दिया। खलारी मौजा के करीब 80 एकड़ भूभाग में 15-20 फिट मोटी परत में स्लरी फैला हुआ है। जिस जमीन पर स्लरी फैली हुई है वह राज्य सरकार द्वारा एसीसी लिमिटेड को दी गई खनन लीज की भूमि है। कालांतर में इस परत पर काफी पेड़ पौधे उग आए हैं। करीब 10 साल से मिट्टी के ईंट निर्माण में बालू की जगह इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। जिस कारण स्लरी की मांग काफी बढ़ गई है। पूर्व में कुछ स्थानीय युवक स्लरी उठाव करने वाले ट्रैक्टर, टर्बो आदि से पैसे लिया करते थे। करीब छह महीने से एसीसी कंपनी का उत्तराधिकारी बताने वाली खलारी सीमेंट लिमिटेड प्रबंधन स्लरी उठाव के एवज में प्रति ट्रैक्टर 250, प्रति टर्बो 800 रूपया तथा प्रति हाइवा डंपर 1200 रूपया की कीमत ले रही है। कंपनी के इस वसूली पर ग्रामीण सवाल उठाने लगे और विरोध भी करने लगे। खलारी के अंचल अधिकारी शिशुपाल आर्य को कुछ ग्रामीणों सहित एनजीओ द्वारा स्लरी उठाव के कारण प्रदूषण फैलने संबंधी पत्र भी दिया गया। अंचल अधिकारी ने खलारी थाना प्रभारी के नाम 30 जनवरी को जारी एक पत्र के माध्यम से स्लरी उठाव पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया और इसका अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा था। पर स्लरी उठाव पर इस रोक का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। इसके बाद आठ फरवरी को अंचल अधिकारी ने जिला खनन पदाधिकारी को पत्र देकर मंतव्य मांगा कि 31 दिसंबर 1989 को लीज समाप्ति के बाद स्लरी स्टॉक की गई भूमि राज्य सरकार के अधीन मानी जाएगी अथवा खलारी सीमेंट लिमिटेड के अंतर्गत मानी जाएगी। साथ ही स्लरी उठाव के लिए खलारी सीमेंट लिमिटेड को सक्षम अधिकार प्राप्त है अथवा नहीं। इधर खलारी सीओ द्वारा रोक के बावजूद स्लरी उठाव जारी रहने पर खलारी पश्चिमी की जिप सदस्य सरस्वती देवी, खलारी पंचायत की मुखिया तेजी किस्पोट्टा व पंचायत समिति सदस्य किरण देवी शुक्रवार को स्लरी उठाव की जगह निरीक्षण करने गई। जनप्रतिनिधियों ने उठाव करा रहे कंपनी के लोगों से पूछताछ के बाद उठाव बंद करा दिया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि स्लरी उठाव को लेकर न तो ग्रामसभा से अनुमति ली गई है न ही जनप्रतिनिधियों से बात की गई है। जबतक खलारी सीमेंट लिमिटेड के संजय रूंगटा बात नहीं करते तबतक उठाव बंद रखें।



स्लरी उठाव निरीक्षण करने पहुंची खलारी की जिप सदस्य, मुखिया व पंसस।

## अंबेडकर जयंती को लेकर कमेटी का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि 13 अप्रैल को विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी,जबकि 14 अप्रैल को जयंती समारोह धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। समारोह को लेकर कमेटी का गठन किया गया जिसमें संरक्षक ललिंद्र कुमार, नागेश्वर राम, बाबूलाल राम, अध्यक्ष कामेश्वर राम, उपाधक्ष्य तीरथ पासवान, अजेश मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष रमेश राम, सचिव गीता एक्का, सह सचिव किरण देवी, जेम्स उरांव, कोषाध्यक्ष संतोष राम, सह कोषाध्यक्ष कौशल प्रसाद को बनाया गया। इसके साथ ही राजकुमार, गणेश राम, हिमांशु चटर, देवेंद्र मलिक, गणेश रविदास, मुंशी राम, जुगेश उरांव, टिकेश्वर ठाकुर, ईश्वर दयाल मेहता, गंगा राम, ललकु भुईया, देवनाथ राम, उमेश मेहता, रामजीत राम सहित कई लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

## धूमधाम से मना सरहुल त्योहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** प्रखंड के पुंडीदीरी में सरहुल त्योहार धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार की सुबह गांव के पाहान पूरन मुंडा द्वारा सखुआ डाली गाड़ कर सिंगबोंगा का पूजा करते हुए क्षेत्र के सुख समृद्धि और शांति के लिए सिंगबोंगा से प्रार्थना की। सबको प्रसाद के साथ सखुआ फूल ( बा) देते हुए प्रकृति संरक्षण और संवर्धन का संकल्प दिलाया। सभी ने प्रकृति के छेड़छाड़ न करते हुए जल जंगल और जमीन की रक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान वक्ताओं ने संबोधित करते हुए सरहुल पर्व को आदिवासियों का प्रमुख त्योहार कहा। यह त्योहार आदिवासियों को अपनी धर्म संस्कृति, भाषा और परंपरा की पहचान दिलाता है। कार्यक्रम में पुरुष और महिलाओं द्वारा अपने आदिवासी वेषभूषा और मनमोहक परिधान के साथ नृत्य और गान कर रहे थे। इस मौके पर लक्ष्मण सिंह मुण्डा, पूर्णचंद्र मुण्डा, विमल पातर, सोनाराम मुण्डा, हीरा दास, उदरकांत सिंह मुण्डा, रंजित मुण्डा, संतोष पातर, मदन सिंह मुण्डा, रामधन मुण्डा, कन्हाई पातर, सत्येंद्र सिंह मुण्डा, नन्दलाल मुण्डा, आदि उपस्थित थे। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में सुशील मुण्डा, प्रकाश मुण्डा, संतोष पातर, आनंद सामंत, चन्द्र मनी देवी, शिवनारायण सहित पुण्डीदीरी के कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## महावीर जयंती पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के कटरमाली डोकाटोली गांव में शुक्रवार को विष्णु मंदिर परिसर में महावीर जयंती पर आयोजित दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान, देवी देवताओं की आराधना, हवन, पूणार्हुति, यज्ञ, भंडारा व 24 घंटे अखंड हरि कीर्तन धूमधाम से संपन्न हो गया। कार्यक्रम का आयोजन महावीर जयंती के अवसर पर समाजसेवी नारायण महतो की अगुवाई में किया गया। इधर शुक्रवार की सुबह पुजारी बसंत पाठक व नंदलाल गिरी की अगुवाई में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया। वहीं श्रद्धालुओं ने देवी देवताओं के साथ-साथ भगवान बजरंगबली की आराधना व पूजा अर्चना किया। दूसरी ओर, 24 घंटे के अखंड हरिकीर्तन में गणेशपुर चान्हों, हूंटार व महादानी सत्संग की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। साथ ही पूजा अर्चना के बाद देवी देवताओं को भोग निवेदित किया गया। इधर श्रद्धालुओं के बीच भोग प्रसाद का वितरण किया गया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में सजल कुमार, आनंद कुमार, घनश्याम महतो, हरखनाथ महतो,सीता राम,गोपाल महतो, अरूण प्रसाद गुप्ता, जगू महतो व सुरेश महतो आदि ने सराहनीय योगदान दिया।


बेड़ो के कटरमाली डोकाटोली गांव में भजन कीर्तन में शामिल श्रद्धालु।

## मैक्लुस्कीगंज घूमने पहुंचे झारखंड सरकार विधि विभाग के प्रधान सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** झारखंड सरकार विधि विभाग के प्रधान सचिव नलिन कुमार निजी भ्रमण पर शुक्रवार को मैकलुस्कीगंज पहुंचे। नलिन कुमार अपनी पत्नी एवं बेटे के साथ मैकलुस्कीगंज घूमने आए थे। नलिन कुमार मैकलुस्कीगंज पहुंचने पर मैकलुस्कीगंज पुलिस स्कॉट करते हुए विभिन्न स्थलों पर घूमे और अंग्रेजों के जमाने में बने कई बंगलो को देखा। साथ ही बॉबी गेस्ट हाउस और शेखर बोस के बंगला में भी घूमे और कई जानकारियां ली। मैकलुस्कीगंज के बंगलो एवं पर्यटक स्थलों के बारे में काफी सुना था। काफी सुंदर प्राकृतिक सौंदर्य से भरा है। उसके बाद वे नौ नम्बर बंद खदान में लगे केज कल्चर का भी निरीक्षण किया। वे तालाब में बोट से केज कल्चर के अंदर गए और मछली पालन योजना को देखा। इस मौके पर खलारी बीडीओ लेखराज नाग भी मौजूद थे।




## नगड़ी में वृद्ध की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, खेत से बरामद हुआ शव

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के में 75 वर्षीय एक वृद्ध व्यक्ति की संदिद्र् परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। शुक्रवार को रुगड़ी टोली के समीप खेत में शव बरामद हुआ। ग्रामीणों ने इसकी सूचना नगड़ी पुलिस को दी। कुछ देर बाद ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। हालांकि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। वह हरा टी शर्ट बने हुए खेत थे। उधर, पुलिस ने संदिग्ध मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही मृतक की पहचान सुनिश्चित करने में जुटी है।



## सहेदा मोड़ में लोगों ने दिवंगत जगरनाथ महतो का दर्शन कर दी अंतिम विदाई

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** कुरमी समाज से जुड़े लोगों व विभिन्न समाजिक कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को सहेदा मोड़ में शिक्षा मंत्री दिवंगत टाईगर जगरनाथ महतो का नम आंखो से अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही दो मिनट का मौन धारण कर शोकसभा व्यक्त किया। कार्यक्रम का नतृत्व कुरमी विकास मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार कर रहे थे। लोगों ने टाईगर जगरनाथ महतो अमर रहे, जब तक चांद-सूरज रहेगा जगरनाथ महतो का नाम रहेगा आदि नारा लगा रहे थे। इस दौरान श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में शामिल खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पहान ने कहा कि झारखंड के लिए यह अपूरणीय क्षति है। टाईगर जगरनाथ महतो आम लोगों के लिए तो सहज व सरल थे, वहीं एक सख्त प्रशासक भी थे।

## ग्रामीणों ने अवैध बालू लदा दो हाइवा पकड़ा

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** ग्रामीणों ने अवैध रूप से बालू ले जा रहे दो हाईवा को पकड़ कर सोनाहातू पुलिस को सौंप दिया। झारखंड सरकार के रोक के बावूजद अवैध बालू का परिवहन जारी है। हाल ही में झारखंड हाई कोर्ट ने भी आदेश जारी किया है लेकिन साठ-गांठ से अभी भी बालू का अवैध खेल जारी है। शिकायत पर कार्रवाई नहीं कि जाती है। इससे नाराज ग्रामीण खुद अवैध बालू लदे हाईवा पकड़ रहे हैं।

### खलारी शांतिनगर कैथोलिक चर्च में गुड फ्राइडे पर मसीही विशवासियों ने निकाली क्रूस यात्रा

# प्रभु यीशु ने मानव के कल्याण के लिए सदैव प्रेम-भाईचारा का दिया संदेश : फादर निर्मल

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** शांतिनगर स्थित कैथोलिक चर्च में गुड फ्राइडे के अवसर पर मसीही विशवासियों की ओर से क्रूस यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरूआत क्रुस यात्रा से की गई। इस अवसर पर चर्च के युथ सदस्यों द्वारा प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाए जाने की घटना को सांकेतिक रूप में जीवंत करते हुए ईसा मसीह द्वारा क्रूस को ढोकर 14 स्थानों पर ले जाया गया। इस दौरान बारी-बारी से 14 स्थान पर पूजा किया गया और अंत में प्रभु यीशु को सुली में चढ़ाया गया। इसके बाद फादर हिलारियुस तिग्गा, फादर ऑस्कर टोप्पो एवं फादर निर्मल द्वारा चर्च में मिस्सा पूजा कराया गया। मौके पर क्रूस की उपासना कर क्रूस का चूम्बन किया गया। साथ ही परम प्रसाद का वितरण मसीही विष्वासियों के बीच किया गया। इस मौके पर फादर निर्मल ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीशु ने मानव जाति के पापों की क्षमा लिए पिता परमेश्वर को अपने प्राणों का बलिदान चढ़ाया। प्रभु यीशु ने मानव के कल्याण के लिए सदैव प्रेम और भाईचारा का संदेश दिया। ईश्वर ने हमारे सामने दो चुनाव रखा है, जीवन या मृत्यु, स्वर्ग या नरक, ईश्वर या शैतान। जब हम ईश्वर नियमों का पालन करते हुए जीवन बिताते हैं तो हम जीवन और स्वर्ग का चुनाव करते हैं। जब हम फिर से पाप का रास्ता अपनाते हैं तो मृत्यु और नरक का चयन करते हैं। यह हम पर है कि जीवन का चुनाव करते हैं अथवा मृत्यु का। गुड फ्राइडे हमें यही संदेश देता है कि हम जीवन का चुनाव करें, पर वर्तमान में हम मृत्यु का चुनाव करने में व्यस्त हैं। प्रभु यीशु ने क्रूस पर से यही संदेश दिया कि हम भी एक दूसरे को क्षमा करना सीखें। उनके बताए मार्ग पर चलकर व्यक्ति दुखों से छुटकारा पा सकता है। उनके संदेशों के अनुकरण से ही समाज में अमन चैन भी बरकरार रह सकता है। इस अवसर पर जे अब्राहम, सिस्टर लुसिया, सिस्टर जयन्ती, सिस्टर नेली, सिस्टर सुसन्ना, जुम्मीदी अब्राहम, बबलू किस्कू, रोहित मैथ्यू, एरिक मायरा, एरिक कुजुर, रीतेश बाड़ा, सुनील तिर्की, चार्ल्स पेटोंनी, रंजीत मुण्डा, प्रमोद तिग्गा, तेरेसा तिग्गा, तानीस कुजूर, ज्ञान कुजूर, प्रकाश कुजूर, सी. कुजूर, रोबिन एक्का, मुकुल केरकेट्टा, अनूप मुंडा, अमित मिंज, कैरोलीना मिंज, ज्योति कुजूर, सुनीता तिग्गा, नीरा गिद्ध, जेक्शन मिंज, अमन बोदरा, अतुल आदित्य टोप्पो, अमीषा तिग्गा, एलिन, प्रीति, अभिषेक कुजूर, उजाला लकड़ा, अमित मिंज, अमित टोप्पो, बसील लकड़ा सहित अन्य मसीही विश्वासी उपस्थित थे।





आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 08 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in
09

# भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने आयोजित किया सम्मान समारोह



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के तत्वाधान में शुक्रवार को हहाप पंचायत के सरवल गांव में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता रमेश लकड़ा ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन उपस्थित हुए। उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखती है। कहा कि जनजाति समाज को भी आगे लाने का काम सिर्फ भाजपा ने ही किया है। इधर, 11 अप्रैल को सचिवालय घेराव करने को लेकर विचार विमर्श भी किया गया। इस मौके पर खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, कोषाध्यक्ष समीर राय, प्रमोद कुमार सिंह, नरेश साहू, राजेंद्र मुंडा, गोरखनाथ सिंह, रमेश मुंडा, सोहराई पाहन, तुलसी गोप, दिलीप साहू, तुलसी हरी मुंडा, अनिल लकड़ा, सुदर्शन गंझू, सुरेश महतो आदि उपस्थित थे।

# स्वर्गीय जगन्नाथ महतो झारखंड आंदोलन के समय प्रमुख आंदोलनकारी रहे: एनपीपी पार्टी

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के शिक्षा एवं उत्पाद विभाग के मंत्री जगन्नाथ महतो का निधन 6 अप्रैल को हो गया। इस पर नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति ने दुख व्यक्त किया। प्रदेश महासचिव अमर महतो ने कहा कि जगन्नाथ महतो झारखंड आंदोलन के समय अग्रणी नेता के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने डुमरी विधानसभा क्षेत्र के स्कूल, कॉलेजों पर विशेष ध्यान दिया। 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति के रूप में विशेष पहल किया। प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार पोद्दार ने कहा कि स्वर्गीय जगन्नाथ महतो ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अनुशासन पूर्वक कार्य करने की प्रेरणा दी। उच्च शिक्षा, स्कूल अध्यापक के व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया। रांची जिला अध्यक्ष शाहबाज खान ने कहा कि मंत्री जगन्नाथ महतो पारा टीचर के लिये विशेष व्यवस्था की। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था के लेकर हमेशा मजबूत पहल विधानसभा सत्र में किया। दुख प्रकट करने वालों में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह, प्रवक्ता सुमन बाड़ा, गैबरियल खाखा, संयोगिता खलखो, आरती देवी, कंदुरु तिर्की, रिहान मोहम्मद, आलम अंसारी, अशोक कुमार, सैयद मीर यूनुस, एडवोकेट विशाल चंद्र, सचिव सुरेन कालिंदी, अनथन लकड़ा, जोसेप लाकड़ा आदि शामिल थे।

## लापुंग के बोकरंदा में झूलन सह संस्कृति कार्यक्रम के साथ मंडा पूजा संपन्न

# माता सती के बलिदान की याद में की जाती है मंडा पूजा : सनी टोप्पो

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड के बोकरंदा गांव में श्री मंडा पूजा समिति के द्वारा मंडा मेला एवं झूलन सह संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो पहुंचे। इस मौके पर सन्नी टोप्पो ने सबसे पहले भगवान भोले बाबा मंदिर में मथा टेक शीर्ष झुकाकर पूजा अर्चना किया साथ ही क्षेत्र की जनता के सुख-समृद्धि के लिए कामना किये। तत्पश्चात मंडा मेला स्थल संस्कृति कार्यक्रम में पहुंचे जहां कमिटी के द्वारा श्री टोप्पो को माला पहनाकर स्वागत किया गया। जहां टोप्पो ने कहा की मंडा पूजा भगवान भोले शंकर की पहली पत्नी सती के बलिदान की याद में की जाती है। मंडा पूजा करनेवाले भक्त इसे माता सती का आशीर्वाद मानते हैं। साथ ही संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिससे गांव घर खुशहाली से भारी रहे। मौके समाज सेवी चरकु साहू,विजय सिंह, दुखहरन सिंह,जितेंद्र नायक, जितेंद्र साहू, मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष सतेंद्र नाथ साह, उपाध्यक्ष बिरेंद्र साहू सचिव आमोद नाथ साह, उपसचिव प्रियंकर नाथ साह, समाज सेवी पंकज कुमार साहू, अर्पण सिंह, राजमोहन साहू, प्रवीण साहू, सिकंदर सिंह, रंथू नायक, रूपनारायण सिंह, रंजन गुप्ता, नारायण महली आदि और ग्रामीण मौजूद थे।



# मृतक के स्वजनों को भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने ढांढस बंधाया किया आर्थिक सहयोग



**बेड़ो (आजाद सिपाही)। भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने प्रखंड के जमनी गांव में मृतक धनंजय सिंह के परिवार के स्वजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की। और आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट करते हुए दादा महेश्वर सिंह एवं स्वजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही आर्थिक सहयोग भी किया। उन्होंने परिवार वालों को आश्वस्त किया कि इस दुख की घड़ी में मैं आपके परिवार के साथ खड़ा हूं। मौके पर महादेव कुजुर, सालिक सिंह,अवधेश सिंह,अनुज सिंह,रामनारायण सिंह,मोहन सिंह,दुबराज सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।**

# बरगांवा हनुमान मंदिर में मनायी हनुमान जंयती, खीर का वितरण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** शिवेशर संकट मोचन महावीर मंदिर बरगांवा में हनुमान जंयती मनाया गया। श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति नामकुम के अध्यक्ष अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह की ओर से खीर का वितरण किया गया। जंयती के अवसर पर हनुमान मंदिर में मंदिर के पुजारी रमानंद पांडेय के द्वारा पूजा अर्चना किया गया। समिति के अध्यक्ष के द्वारा पुजारी को तलवार भेट प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चद्रिका गोप, अजीत सिंह, भानू मति देवी, शंकर पांडेय, बिरजू गोप, सुरेंद्र कुमार, संदीप स्वासी, डॉ विनोद, सीपी शर्मा, कृष्णा कुमार सहित मोजूद थे।

# बेड़ो में सम्मान समारोह का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** सरस्वती विद्या मंदिर के सभागार में शुक्रवार को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के तत्वाधान में अनुसूचित जनजाति सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर द्वारा अनुसूचित जनजाति के उत्कृष्ट कार्य करने वाले व वरिष्ठ लोगों को सम्मानित किया गया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृव में देश का चहुमुंखी विकास हो रहा है। सरकार का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवार के स्तर को ऊपर उठाना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए सरकार ने आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री योजना, आवास योजना, शौचालय योजना जैसे अनेको योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति पहुंचाना ही भाजपा सरकार का उद्देश्य है। इसके पूर्व पद्मश्री से सम्मानित जल पुरुष सिमोन उरांव के आवास में आदिवासी परंपरागत अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिप सदस्य पार्वती कुमारी मुखिया सुशांति भगत,लक्ष्मी कोया,समाजसेवी सुका शिक्षा क्षेत्र में काम करने वाले अजीत राम को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यालय मंत्री सह एसटी मोर्चा मांडर विधानसभा संगठन प्रभारी भोगेन सोरेन भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल उराव प्रदेश एसटी मोर्चा कार्यसमिति सदस्य जगरनाथ भगत बलराम सिंह,राजेश साहू बन्नू भगत सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हिंडालको ने किया ग्रामीणों के बीच जरूरत के सामान का वितरण

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** आज शुक्रवार को प्राकृतिक पर्व सरहुल नवागढ़ पतराटोली मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि फार्म स्थित सरना स्थल पर विधिवत तरिके से मुख्य बैगा पूजार दिपक बैगा के अगवाई मे पूजा अर्चना किया गया। इसमें विश्राम पूजार, मोहर महतो, छोटू महतो, जयपाल महतो के द्वारा पूजा अर्चना संपन करने में सहयोग किया गया। तत्पश्चात सरहुल शोभा यात्रा निकाली गई। इसकी शुरूआत कृषि फार्म से हुई जो नवागढ़ पतराटोली बजारडांर होते हुए शहीद बख्तर साय मुंडल सिंह चौक से नेशनल हाइवे 43 मुख्य सड़क होते हुए भलमंडा स्थित देवी मंडप पहुंचा, जहां पर पुनः बैगा पूजार दीपक बैगा के अगवाई मे देवी मंडप मे पूजा अर्चना किया गया। और गांव समाज के सुख शांति समृद्धि की कामना किया गया। पुनः वापस शोभा यात्रा कृषि फार्म स्थित सरना स्थल पहुंचा। इस अवसर पर विधायक भूषण तिर्की एवं पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव, भाजपा जिला महामंत्री मिशिर कुजूर भी शामिल हुए। विधायक भूषण तिर्की ने लोगों को संबोधित करते हुए प्रकृतिक पर्व सरहुल की बधाई दी साथ ही कहा की हम आदिवासी है और हम प्रकृति पूजक है, वहीं मिसिर कुजूर ने कहा हम आदिवासियो की पहचान है प्रकृतिक पर्व सरहुल हम प्रकृतिक के पूजक है और हमारा कर्तव्य है की हम प्रकृति का रक्षा करें और हम आदिवासियों की यही पहचान है। मौके पर नवागढ़ मौजा के दर्जनों खोड़हा दल शोभा यात्रा मे शामील हुए सभी खोड़हा दल को सरहुल संचालन समिति की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बीडीओ अमित कुमार मिश्रा, थाना प्रभारी अमित कुमार, मुखिया किरण बिलुंग, मार्था एक्का, चुयां कुजूर, हिमांशु गुप्ता, जगदीश भगत, विनोद लकड़ा, मनेश उरांव, करमजीत भगत, दुखहरन भगत, बुदेश्वर भगत, बालेश्वर भगत, राजवेल उरांव, कृष्णा भगत, रवि भगत, लालो राय, सहित सैकड़ो महिला पुरूष युवक युवती मौजूद थे।

## ट्रिपल हत्याकांड का किया उद्भेदन

# पति समेत चार आरोपी हिरासत में

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बगदा जंगल से बरामद ट्रिपल मर्डर हत्याकांड का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। हत्याकांड में शामिल पति समेत चार आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मामले में मृतका ममता देवी के पिता मोहन राम ने थाना में मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने ट्रीपल मर्डर में मृत महिला ममता देवी के पति विजेंद्र राम,ससुर कमल राम, सास कोशिला देवी तथा भाभी रीना देवी को जेल भेजा। चारों आरोपी रामगढ़ जिला के बासल ओपी अंतर्गत रसदा के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार उक्त चारों आरोपियों ने मिलकर ममता देवी के ऊपर जानलेवा हमला कर उसे मार दिया। इसी बीच हो हल्ला सुनकर मृतका के दोनों बच्चे जाग गये। बच्चों के जागने पर हत्यारों ने सारे सबूत मिटाने के उद्देश्य से दोनों बच्चों आर्यन तथा यश राज को भी मार डाला। तीनों को मारने के बाद आरोपियों ने बगदा जंगल लाकर जला दिया ताकि हत्याकांड का कोई सबूत नहीं रहे।

## पति-पत्नी में शक बना मुख्य कारण

मृतका ममता देवी के पति विजेंद्र राम ने पुलिसिया पूछताछ में कहा कि शादी के बाद से ही मेरी पत्नी का संबंध दूसरे लड़के के साथ था। विजेंद्र ने पुलिसिया पूछताछ में कहा कि शादी के कुछ दिन बाद मैं काम के बाहर चला गया। चार महीने बाद घर लौटने पर मेरी पत्नी ने तीन माह का गर्भवती होने की जानकारी दी। उसके बाद भी मेरी पत्नी का अवैध संबंध चलता रहा। मामले में मृतका के मायके तथा ससुराल में भी कई बार सामाजिक पंचायत हुआ था। थाना प्रभारी कृष्णा कुमार ने कहा कि मामले का अनुसंधान जारी है। आरोपियों से मिले अहम सुराग पर आगे भी करवाई की जायेगी।

# जमीन पर जबरन कब्जा का विरोध करने पर किया जानलेवा हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना अंतर्गत बालू गांव में जमीन पर जबरन कब्जा का विरोध करने पर गांव के युवक प्रेम कुमार यादव के ऊपर जानलेवा हमला किया गया। घायल अवस्था में उसे रिम्स रांची में भर्ती किया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। बालू गांव के निवासी रामजन्म यादव ने थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पीड़ित परिवार का कहना है कि उनकी पैतृक जमीन को जबरन हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। मामला अनुमंडल दंडाधिकारी, न्यायलय सदर रांची में धारा 144 के तहत विचाराधीन है। बावजूद इसके दो दिन पूर्व ही रांची शहर के जमीन कब्जा दिलाने वाले पेशेवर गिरोह, भू-माफिया एवं गुंडे द्वारा कब्जा लेने के लिए भू-स्थल जाकर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया गया। इसकी सूचना उन्होंने वरीय पुलिस अधीक्षक रांची को आवेदन के माध्यम से देकर न्याय की गुहार लगाई है। उस आवेदन में उन्होंने आशंका जताई थी कि उनके ऊपर जानलेवा हमला हो सकता है। आज उनलोगों के ऊपर जानलेवा हमला व मारपीट किया गया, जिसमें प्रेम कुमार यादव का सिर फट गया और वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। मामला पिठोरिया थाना में दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।उक्त शिकायत में सुखदेव महतो, रूपेश कुमार यादव, राहुल कुमार यादव एवं सुनील कुमार यादव को आरोपी बनाया गया है। न्यूज लिखे जाने तक आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। इस घटना से पीड़ित परिवार बहुत डरा हुआ है।

# 45 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ पंचायत के ओबर गॉव में दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रॉची के द्वारा फसल अधारित अंतरवर्ती खेती जो प्राकृतिक खेती के अन्तर्गत आता है, विषय पर 50 महिला किसानों को 45 दिनों का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का अंतिम पांच दिन दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र मोराबादी रांची में हुआ। प्रशिक्षण के दौरान जैविक तथा प्राकृतिक खेत के बारे विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षणार्थियों को जिवामृत, बीजामृत, घनजिवामृत, आदि तरल खाद, किट नियंत्रण के लिए दसपर्णी, ब्रह्मास्त्र, अगनेयास्त्र, नीमास्त्र एवं बीमारीयों को रोकने के लिए हल्दी का पावडर, छेनापानी एवं हींग प्रयोग करने की विधि बताया गया। ये किसान सामुहिक रूप से खेती करेंगे इसके लिए 10 किसानों को टुल्लू पम्प, 10 किसानों को बैटरी चालित स्प्रेयर मशीन, एवं 9 किसानों को छोटा कृषियंत्र में कुदाल छोटा, बड़ा, गैंयता एवं हसुवा दिया गया। प्रशिक्षण डॉ. अजित कुमार सिंह, डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. विशाखा सिंह, ओ.पी. शर्मा, अरूण कुमार आदि ने दिया।

# आटो और बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो घायल



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग उलगड़ा कालजे मोड़ करीब 10 सुबह के दस बजे ऑटो और मोटर साइकिल के बीच आमने सामने टक्कर हो जाने से एक व्यक्ति की मौत व एक-महिला पुरुष घायल हो गये। मोटर साइकिल चालक दुखिया होरो उम्र 31 वर्ष ग्राम कोसांबी कर्रा का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लापुंग में मृत्यु हो गई। दूसरा एक मोटर साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल लुदु मुंडा पिता बाग्गा मुंडा दोनों कोसंबी कर्रा का है। मोटरसाइकिल सवार के अलावे एक महिला भी घायल थी उससे भी बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची भेजा गया है। शव को लापुंग थाना प्रभारी अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जायेगा। मृतक का बड़ा भाई का ससुराल तपकरा है वही जा रहे थे जिससे आमने सामने टक्कर हो जाने से यह हादसा हुआ। मोटरसाइकिल एवं टेंपो को लापुंग पुलिस ने जब्त कर लिया है।

# चान्हो में चोरी के आरोप में पीट-पीट एक युवक की हत्या, तीन गिरफ्तार

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** चान्हो थाना क्षेत्र के पतरातू महुवाटोली गांव में चोरी के आरोप में पीट-पीटकर एक युवक की हत्या कर दी गयी। मृतक का नाम 21 वर्षीय सुफियान अंसारी पिता अब्दुल रहमान अंसारी ग्राम पंडरी का है। घटना शुक्रवार सुबह 5 बजे की है। स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी चान्हो पुलिस को दिया की सुबह तकरीबन 5 बजे चोरी के नियत से एक घर मे घुसने का कोशिश कर रहा था तभी घर वालों ने जग गया। और शोर करने लगे। वहीं शोर करते देख अपना गाड़ी छोड़ वहां से भाग गया। ग्रामीणों ने कुछ दूर दौड़ाकर पकड़ा और मारकर घायल कर दिया। वहीं स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी चान्हो पुलिस को दिया। घटनास्थल पर पुलिस ने पहुंचकर घायल को चान्हो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुँचाया प्राथमिक उपचार के बाद घायल को रिम्स रेफर कर दिया गया। रिम्स में ईलाज के दौरान घायल ने अपना दम तोड़ दिया। ग्रमीणों ने मॉबलॉन्चिंग का आरोप लगाया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। वहीं गिरफ्तार आरोपियों ने अपना आरोप स्वीकार कर लिया है। मृतक के परिजनों के बयान पर आगे की कार्रवाई में चान्हो पुलिस जुटी है साथ ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। खबर लिखे जाने तक शव को पोस्टमार्टम कर उसके पैतृक गांव पंडरी लाया गया भारी पुलिस बल की तैनाती के साथ अंतिम संस्कार का कार्य किया जा रहा।

# भाजपा एसटी मोर्चा ने मनाया सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम, प्रतिभाशाली बच्चों को दिये पुरस्कार

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गेतलसूद ग्राम में शुक्रवार को भाजपा एसटी मोर्चा ने पार्टी के स्थापना दिवस को सेवा पखवाड़ा दिवस के रूप में मनाया। मौके पर एसटी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर सिंह मुंडा के नेतृत्व में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामकुमार पहान एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर गांव के प्रतिभाशाली बच्चों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। मौके पर रामकुमार पहान ने कहा कि भाजपा स्थापना दिवस से लेकर डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल तक सेवा सप्ताह के रूप में मनाएगी। इस दौरान पार्टी के नीति-सिद्धांतों को हर वर्ग तक पहुंचाया जाएगा तथा केन्द्र सरकार की उपलब्धियों से अवगत किया जायेगा। जैलेंद्र कुमार ने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री के नेतृत्व का जिक्र करते हुए केंद्र सरकार द्वारा गरीब, किसान, मजदूर, शोषित, वंचित, पीड़ित वर्ग के लिए चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में राजेंद्र मुंडा, शिकारी महतो, फुलकुमारी देवी, गणेश लोहरा आदि उपस्थित थे।



## सरकारी ब्लड बैंक पहुंच कर किया रक्तदान

तेतुलमारी/कतरास (आजाद सिपाही)। विश्व स्वास्थ दिवस पर शुक्रवार को सामजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के केंद्रीय सदस्यों ने धनबाद के सरकारी ब्लड बैंक शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पहुंचकर रक्तदान किया। ब्लड बैंक के प्रबंधक ने बताया कि बी नेगेटिव ब्लड ग्रुप की सख्त आवश्यकता थी जिसे संस्था के दो रक्त वीरो ने पूरा किया। इस दौरान संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान ने बताया कि इस वर्ष भी संस्था ने इसे पूरा करने का निर्णय लिया और धनबाद के सरकारी ब्लड बैंक पहुंचाकर रक्तदान किया। मौके पर धीरज सिंह, विवेक कुमार, राज कुमार चौहान, दीपक तुरी, संजीव तुरी, माणिक कुमार आदि मौजूद थे।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से अस्पताल, रेलवे स्टेशन समेत अन्य जगहों पर बांटे गये फल

# रोजेदार की सेवा कर पुण्य कमायें : महापौर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर ने भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वाधान में रमजान माह में शुक्रवार को अल्पसंख्यको, हॉस्पिटल एवं रेलवे स्टेशन में जाकर फल का वितरण किया। महापौर ने कहा कि माह-ए-रमजान में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष फिरोजउद्दीन अंसारी ने मुझे फल वितरण करने का अवसर दिया जिसके लिए मैं उनका शुक्रगुजार हूं। रमजान माह मुस्लिमों का



रमजान माह में गरीब-जरूरतमंद लोगों के बीच फल वितरित करती महापौर अरुणा शंकर व अन्य।

पवित्र माह है। जहां सारे मुस्लिम भाई बहन और बच्चे भी 30 दिनों तक रोजा रखकर अल्लाह ताला से दुआ कर सभी की सलामती और खुशहाली मांगते है। मैं भी अल्लाह से दुआ करूंगी अल्लाह सबो की रोजा सुने और सलामत रखे। वहीं, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष फिरोजउद्दीन अंसारी ने कहा कि रोजेदार लोगों की सेवा करने पर भी वही पुण्य मिलता है जितना रोजा रखने में मिलता है इसलिए हम सबको मिलकर हर रोजेदार की सेवा करनी चाहिए और उनका आशीर्वाद लेना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष भूपेंद्र हुड्डा,समीम खान,आसिफ नैयर,आले हसन, अमजद खान आदि मौजूद थे।

## जगरनाथ महतो के रूप में हमने एक लोकप्रिय नेता खो दिया: झामुमो


शोक व्यक्त करते झामुमो कार्यकर्ता।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनबाद।** झामुमो कार्यालय में शुक्रवार को प्रदेश के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर कार्यकर्ताओ की ओर से शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित झामुमो के वरीय नेताओं ने कहा कि शिक्षा मंत्री का निधन झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। प्रदेश की जनता ने एक लोकप्रिय नेता को खो दिया। उन्होंने एक अभिभावक के रूप में हमेशा झामुमो कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उनकी कार्यकुशलता हम सभी के लिए हमेशा प्रेरणादायक रहेगा। इस मौके पर एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, वशिष्ट कुमार सिंह उर्फ बबलू, डॉ एजाज आलम, रामप्रवेश सिंह, योगेंद्र सिंह, विजय पासवान, बीस सूत्री सदस्य राजेश कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, जाकिर हुसैन, बिंध्याचल सिंह, मनोज ठाकुर, गौतम जसवाल, अमरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## जुबिली कॉलेज में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर वर्चुअल ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रिभर साईड स्थित जुबिली कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 एवं 2 के तत्वावधान में शुक्रवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर वर्चुअल (ऑनलाइन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर एनके तिवारी व संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर अर्जुन कुमार मिश्रा ने किया। इस दौरान प्राचार्य प्रो एनके तिवारी ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार स्वस्थ उसे ही कहा जा सकता है जो शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से समृद्ध हो। साथ ही उन्होंने पूरे मानव जाति की उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए स्वयंसेवकों को बधाई दी। वहीं, डॉक्टर विशेश्वर रविदास ने कहा कि कोरोना महामारी काल में गरीब वही है जिसका स्वास्थ्य खराब है। समाजसेविका गौरी सिन्हा एवं महाविद्यालय के पूर्व छात्र एवं सामाजिक कार्यकर्ता रामप्रवेश ठाकुर ने कहा कि स्वास्थ्य से बड़ा संपत्ति कुछ भी नहीं है। (हेल्थ इज वेल्थ) कुमकुम कुमारी, मौली सोनी, अजय, जागृति, खुशबू, अंशु, जूही, दीपक शर्मा आदि ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस आधुनिकता के दौर में खुद को व समाज के सभी वर्गों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। विषय प्रवेश कराते हुए प्रोफेसर अर्जुन अर्जुन कुमार मिश्रा ने कहा कि 2023 के विश्व स्वास्थ्य दिवस का थीम है सबके लिए स्वास्थ्य अर्थात संपूर्ण मानव जाति के लिए साफ भोजन, पानी, हवा, आवास एवं वस्त्र सहजता से उपलब्ध हो।

## ऐतिहासिक होगी भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्राः युवा वाहिनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी की ओर से 22 अप्रैल को होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए गांव-गांव का भ्रमण किया जा रहा है। इसके लिए युवा वाहिनी द्वारा कई टीम बनाई गई हैं। जन्मोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष तिवारी (पिंकू तिवारी) को बनाया गया है। इस संबंध में युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने बताया कि संरक्षक संतोष शुक्ला, आशीष भारद्वाज, प्रमंडलीय संरक्षक प्रवीण मिश्रा, कृष्ण कांत चौबे, पायनियर पांडेय, श्यामाकांत तिवारी, आनंद तिवारी, अजीत तिवारी, पप्पू पांडेय, ओम तिवारी, अजय शुक्ला, राकेश पांडेय, शैलेश तिवारी, प्रदेश कोर कमेटी सदस्य संजय मिश्रा, बिजू बाब,



प्रमंडलीय अध्यक्ष सुनील पांडेय (लल्लू पांडेय), जिलाध्यक्ष विकास दूबे, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ज्ञानेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष विक्रांत त्रिपाठी के नेतृत्व में गांव-गांव का भ्रमण कर विप्र बंधुओं को जन्मोत्सव में आमंत्रित किया जा रहा है। वहीं गढ़वा में विप्र बंधुओं को आमंत्रित करने की जिम्मेवारी संगठन के शुरूआत से सक्रिय रहे प्रदेश कोर कमेटी सदस्य सह प्रदेश संरक्षक नवीन तिवारी को सौंपा गया है। इसके साथ ही प्रमंडलीय प्रभारी पंडित चंदन तिवारी गढ़वा जिला प्रभारी पंडित फोटू दूबे, पंडित शिशू दूबे, गढ़वा जिलाध्यक्ष हरिदत्त दूबे, गढ़वा का भ्रमण कर विप्र बंधुओं को आमंत्रित कर रहे हैं। वहीं लातेहार में प्रमंडलीय संरक्षक कमलेश शुक्ला, पंकज तिवारी, मनोज पाठक व अरविंद तिवारी को विप्र बंधुओं को आमंत्रित करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। भगवान परशुराम आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष तिवारी बताते हैं कि टीम के सभी सदस्य की जिम्मेदारी बनती है कि जन्मोत्सव शोभायात्रा में अधिकाधिक संख्या में विप्र बंधुओं की भागीदारी हो सके। उन्होंने विप्र बंधुओं से इस शोभायात्रा में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि यह आयोजन पलामू के विप्र बंधुओं का सबसे बड़ा आयोजन साबित होगा।

## जगरनाथ महतो एक कुशल, संघर्षशील और मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी थे : डॉ एके सिंह



### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल न्यू टाउनशिप मेदिनीनगर के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक, शिक्षकेतर एवं छात्रों की ओर से शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट किया। साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित की गई। प्राचार्य डॉ एके सिंह ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि जगरनाथ महतो एक कुशल, निष्ठावान, संघर्षशील एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी थे। उनके निधन से क्षेत्र ही नहीं अपितु राजनैतिक जगत को एक अपूर्णीय क्षति हुई है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एवं उनके परिजनों को इस विपत्ति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# मानव कल्याण का सहज उपाय प्रभु का स्मरण है : जीयर स्वामी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** महायज्ञ की तैयारी जोर शोर से चल रही है। इसे लेकर साधु संतों का भ्रमण शुरू हो गया है। इसी कड़ी में देश के चर्चित लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने प्रखंड के बेनिखुर्द गांव में आयोजित श्री सांबसदाशिव बागेश्वर महादेव प्राण प्रतिष्ठा सह श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर स्थल का निरीक्षण किया। इस अनुष्ठान से संबंधित समिति के लोगों को आवश्यक निर्देश दिया। इसके बाद बुलंद बीघा में आयोजित हनुमान मंदिर प्राणप्रतिष्ठा सह लक्ष्मी नारायण यज्ञ स्थल पहुचे। वहां अपने संबोधन में कहा कि मानव कल्याण के लिए परमात्मा का स्मरण अत्यंत आवश्यक है, जो ध्यान व धार्मिक अनुष्ठान से पूरी की जा सकती है। हमें अपनी जीवन शैली को शास्त्रो के निर्देशानुसार करना


सत्संग करते जीयर स्वामी जी महाराज।

कल्याणकारी होता है। दान, तप और ध्यान आत्मा के कल्याण के प्रमुख साधन हैं। मनुष्य को अपनी मृत्यु को याद करते हुए बचपन, जवानी व बुढापा में परमपिता परमेश्वर को याद करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि तपस्या से जीवन संवरता है भोग से नहीं। आदि काल से संत महात्मा तपस्या करते आये हैं। वे इतने महान हुए की उनके उपदेश आज भी हमें शिक्षा देते हैं। कहा कि जो छात्र लगन से शिक्षा ग्रहण करते है, सामाजिक कुरीतियों से दूर रहते है, वहीं आगे चलकर सफल होते है। यह तभी संभव है जब आप भोग से दूर रहेंगे। मौके पर बिनोद कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, धनंजय तिवारी, ओमप्रकाश उपाध्याय, किसान तिवारी, संजय पाठक, जयप्रकाश उपाध्याय, अनुज सिंह, मनोज शर्मा, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, अनिल सिंह, महेंद्र सिंह, बसंत सिंह, शशि सिंह, अशोक सिंह, गुलशन सिंह, लाला सिंह, उमेश सिंह आदि मौजूद थे।

## त्रिसदस्यीय टीम ने किया स्वर्णरेखा नदी के प्रदूषण का निरीक्षण

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान की त्रिसदस्यीय टीम ने शुक्रवार को रांची के नामकुम में नदी पर बने पूराने छोटे पूल के पास स्वर्णरेखा नदी के प्रदूषण का निरीक्षण किया। इस दौरान त्रिसदस्यीय टीम के सदस्य संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा 'मुकुल', हरिशंकर और सुनील पांडेय ने पाया कि इस नदी का जल प्रदूषण के कारण न सिर्फ काला हो गया है, बल्कि उससे दुर्गंध भी निकल रही है। कभी जिसकी रेत से लोग सोना के कण चुनते थे आज इस नदी में अनेक गंदे नालों के प्रदूषित जल के अनवरत प्रवाह से इसकी यह दुर्दशा हुई है। नदी की साफ सफाई की तो बात ही छोड़ दिया जाय इसके पानी में रसायन मिले होने के कारण यह सफेद झाग से भरा हुआ है। झारखंड की राजधानी रांची जहां राज्य सरकार के मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्यसचिव और सचिवगण सहित सभी लोग रहते हैं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के बड़े



पदाधिकारियों का कार्यालय मौजूद है वहीं इस नदी की ये दुर्दशा है और कोई इसकी सुध लेने वाला भी नहीं है। इससे अधिक दुखद बात राज्य सरकार के लिए और क्या हो सकता है। नदियों या किसी भी जल स्रोत एवं जल भंडार को प्रदूषित करना न सिर्फ सामाजिक अपराध है बल्कि यह कानूनन जुर्म भी है । यही कमोवेश हालात राज्य की सभी नदियों एवं तालाबों की है फिर भी सरकार को नींद नहीं खुलना न सिर्फ आश्चर्य है बल्कि अत्यंत गंभीर चिंता का कारण भी है । नदी में गंदे नालों का प्रदूषित जल बिना साफ किए नहीं प्रवाहित किया जाय इसके लिए सरकार को तुरंत कदम उठाना होगा अन्यथा यह नदी गंदे नाले में परिवर्तित होकर अपना अस्तित्व खो देगी। आज जब सभी जानते हैं कि जल है तो जीवन है तथा कल बचाना है तो जल बचाना होगा फिर भी राजधानी के प्रबुद्ध एवं सामाजिक लोगों की भी इस नदी के प्रति चुप्पी समझ से परे है जबकि छोटी छोटी बातों के लिए बड़े बड़े आंदोलन हो रहे हैं। स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान की ओर से बहुत जल्द इस नदी के पूजन और आरती का कार्यक्रम आयोजित कर सरकार, प्रशासन और आमजन का ध्यान इसकी दुर्दशा की तरफ आकृष्ट कर इसे बचाने के लिए गुहार लगाई जाएगी।

## ड्रेस-पुस्तक और अन्य संसाधनों में भ्रष्टाचार को ले शिक्षा बचाओ संघर्ष समिति की बैठक 10 अप्रैल को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में स्कूली ड्रेस, पुस्तक सहित अन्य संसाधनों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ शिक्षा बचाओ संघर्ष समिति द्वारा आगामी 10 अप्रैल की सुबह 10 बजे भुरकुंडा पंचायत भवन में बैठक आहुत की गई है। उक्त जानकारी देते हुए समिति के संस्थापक सदस्य विश्वरंजन सिन्हा ने बताया कि बैठक में विभिन्न मुद्दों पर आगामी आंदोलन की रणनीति सहित शिक्षा बचाओ संघर्ष समिति द्वारा क्षेत्र के निर्धन और जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए जिन्हे जरूरत नहीं वो दे जाएं जिन्हे जरूरत हो



वो ले जाएं की तर्ज पर निःशुल्क पुस्तक बैंक की स्थापना करने पर विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों, अभिभावकों एवं आमजनों से उक्त बैठक में उपस्थित होकर अपना-अपना विचार व सुझाव देने की अपील की है।

# स्पोर्ट्स



करीम बेंजोमा की हैट्रिक की बदौलत रियल मैड्रिड ने क्लासिको मैच में बार्सिलोना को 4-0 से रौंद कर कोपा डेल रे कम के फाइनल में नौ साल के बाद प्रवेश कर लिया है।

### नौ साल बाद कोपा डेल रे कप के फाइनल में बनायी जगह, करीम बेंजेमा की हैट्रिक

# रियल मैड्रिड ने बार्सिलोना को 4-0 से हराया

**एजेंसी**

**बार्सिलोना।** बार्सिलोना का रियल मैड्रिड पर पिछले तीन मैचों से चला रहा वर्चस्व बुरी तरह टूट गया। करीम बेंजेमा की हैट्रिक की बदौलत रियल ने क्लासिको (रियल-बार्सिलोना के बीच होने वाला मुकाबला) मैच में बार्सिलोना को 4-0 से रौंदकर कोपा डेल रे कप के फाइनल में नौ साल बाद प्रवेश कर लिया। रियल ने यह बार्सिलोना के घर कैंप नोउ में 60 साल बाद उस पर चार गोल से जीत दर्ज की है। इससे पहले 1963 में उसने कैंप नोउ में बार्सिलोना को 5-1 से हराया था। फाइनल में उसकी भिड़ंत छह मई



को ओसासुना से सेविला में होगी।

### 4-1 के औसत गोल से फाइनल में किया प्रवेश

बार्सिलोना ने इससे पहले रियल पर पहले सुपर कप के फाइनल में 3-1 से, स्पेनिश लीग में 2-1 से और कोपा डेल रे के सेमीफाइनल के पहले चरण में 1-0 से जीत दर्ज की थी। इस दूसरे चरण के सेमीफाइनल में बार्सिलोना को फाइनल में प्रवेश के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी, लेकिन बेंजेमा ने ऐसा नहीं होने दिया। 4-1 के औसत के साथ उसने फाइनल में जगह बनाई। 19 बार का विजेता रियल इससे पहले 2014 में इस कप के फाइनल में पहुंचा था। बार्सिलोना ने रिकॉर्ड 31 बार कोपा डेल रे को जीता है। वहीं, ब्राजील के स्टार स्ट्राइकर विनिसियस जूनियर ने पहले हाफ के स्टापेज समय में रियल को बढ़त दिलाई। उन्होंने बॉक्स के बीच से गोल किया। दूसरे हाफ के 50वें मिनट में मोद्रिच के पास पर बेंजेमा ने बढ़त 2-0 कर दी। 58वें मिनट में केसी के विनिसियस को गिराने पर पेनाल्टी मिली, जिसे बेंजेमा ने गोल में बदल दिया। बेंजेमा ने चौथा गोल 81वें मिनट में किया। बेंजेमा ने पिछले ही मैच में रियल की ला लिगा में वाल्लादोलिद पर 6-0 से जीत में हैट्रिक की थी। कोच कार्लो एंसोलोटी ने कहा भी कि यह स्पष्ट है कि अगर करीम खेल में सुधार करेंगे तो टीम भी अच्छा खेलेगी। अगर वह सर्वश्रेष्ठ खेल रहे हैं तो सब कुछ अच्छा होगा।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड ने ब्रेंटफोर्ड को 1-0 से हराया

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने लगातार हार के क्रम को तोड़ते हुए इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) ब्रेंटफोर्ड को 1-0 से हरा दिया। मार्कोस रशफोर्ड की ओर से किए गए गोल की बदौलत मैनचेस्टर ने चैंपियंस लीग के लिए अपने को क्वालिफाई करने की दौड़ में बनाकर रखा है। वहीं पिछले मैच में मैनचेस्टर को हराने वाले न्यूकैसल ने भी वेस्टहैम को 5-1 से परास्त किया। दोनों के ही समान 53 अंक हैं। न्यूकैसल बेहतर गोल औसत के आधार पर तीसरे और मैनचेस्टर यूनाइटेड चौथे स्थान पर है। ईपीएल की शीर्ष चार टीमें चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई करेंगी।

# जहां पड़ा था धोनी का विजयी छक्का, वहीं बनेगा मेमोरियल

### वानखेड़े स्टेडियम की हटेंगी पांच कुर्सियां, 28 साल बाद वर्ल्ड कप जीता था भारत

**एजेंसी**

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) 2011 वनडे वर्ल्ड कप के विजयी छक्के को यादगार बनाने जा रहा है। यह छक्का टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने लगाया था, जिसने भारत को 28 साल बाद खिताब जिताया था। जिस जगह पर छक्का लगा था, वहां एमसीए एक मेमोरियल बनाएगा। इसके के लिए वानखेड़े स्टेडियम पवेलियन में लगी 5 कुर्सियों को हटाया जाएगा। ये कुर्सियां जे282' से 'जे286' होंगी।

### धोनी को एमसीए ने सम्मानित भी किया

शुक्रवार को एमसीए ने धोनी को उसी जगह सम्मानित भी किया, जहां छक्के के वक्त बॉल गिरी थी। दरअसल, 12 साल पहले 2 अप्रैल को इसी मैदान पर धोनी ने श्रीलंका के नुवान कुलसेकरा की बॉल पर लॉन्ग ऑन पर छक्का लगाया था। इस छक्के के बाद भारत ने 6 विकेट से मैच जीतकर ट्रॉफी उठाई थी। वहीं, धोनी ने फाइनल मुकाबले में 91 रन की नाबाद पारी खेली थी। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट के 9 मैचों में 241 रन बनाए थे। युवराज सिंह उस दौरान में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने थे। उन्होंने तब 362 रन बनाने के साथ 15 विकेट भी लिए थे।

### 28 साल बाद जीता था भारत

टीम इंडिया ने 2011 में भारत, श्रीलंका और बांग्लादेश में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप को 28 साल बाद जीता था। धोनी की कप्तानी वाली टीम इंडिया से पहले 1983 में कपिल देव की कप्तानी वाली टीम ने भारत को वर्ल्ड कप जिताया था। तब फाइनल में टीम ने वेस्टइंडीज को हराया था।

# दुकानों-व्यापारिक प्रतिष्ठानों में नाम फलक उड़िया में लिखना अनिवार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य सरकार के निस्पति के अनुसार सभी दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में नाम फलक को उड़िया भाषा में लिखना अनिवार्य कर दिया गया था। इस संबंध में श्रम और राज्य कर्मचारी बीमा विभाग द्वारा ओड़िशा दुकान और वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अधिनियम, 1956 में आवश्यक संशोधन किये गये हैं। राज्य के नगरपालिका में कुल 52,000 पंजीकृत दुकानों और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में से 47,000 प्रतिष्ठानों में नाम फलक पर उड़िया में लिखा गया है। अपर मुख्य शासन सचिव, उड़िया भाषा, साहित्य एवं संस्कृति विभाग एवं सचिव, श्रम एवं राज्य कर्मचारी बीमा विभाग, श्रम विभाग एवं जिला श्रम अधिकारियों की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस महीने से उल्लंघन करने वाले को सात दिन का नोटिस दिया जायेगा। अधिनियम का अनुपालन करने में विफल रहने पर जुर्माने/लाइसेंस रद्द करने के साथ गंभीर कार्रवाई की जायेगी। पहली बार उल्लंघन करने वाले को 5,000 रुपये और दूसरी बार उल्लंघन करने वाले को 25,000 रुपये जुर्माना देना होगा। अधिकारी एवं व्यापार संघों की हर माह बैठक कर समीक्षा की जायेगी।

# निप्पॉन स्ट्रक्चर में होगा ओड़िशा में स्टील प्लांट

आजाद सिपाही सवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में निप्पॉन ढांचे के स्टील प्लांट होगा। जापान के समुद्र तट पर निर्मित निप्पॉन स्टील प्लांट का दौरा करने के बाद मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने ऐसा निर्णय लिया है। क्योंकि निप्पॉन स्टील की ग्रीन टेक्नोलॉजी ने नवीन के मन को छू लिया है। कंपनी ने जिस तरह से यह प्लांट लगाया है, वह नवीन पटनायक को पसंद है। नवीन पटनायक ने कंपनी की पहल की सराहना की। नवीन ने ओड़िशा के केंद्रापड़ा और जगतसिंहपुर में इस्पात संयंत्र स्थापित करते समय इस तरह की हरित प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के बारे में कंपनी के अधिकारियों से चर्चा की। हालांकि, निप्पॉन स्टील ओड़िशा में भारी निवेश करने जा रही है।

जापान की यात्रा पर गये मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने टोक्यो में निप्पॉन स्टील कॉरपोरेशन (एनएससी) के किमिसु स्टील प्लांट का दौरा किया। ओड़िशा के प्रतिनिधिमंडल को इस बात की विस्तृत जानकारी ली कि इस्पात निर्माण संयंत्र में नवीनतम तकनीक का उपयोग कैसे किया गया है, जबकि इस प्लांट समुद्र के किनारे स्थापित किया गया है। पर्यावरणीय पहलुओं पर जोर दिया गया है। पर्यावरण के अनुकूल तकनीकों का उपयोग किया गया है। समुद्र की गहराई 10 मीटर से अधिक उपयोग हुआ है। प्लांट के विशाल परिसर में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया गया है और हरियाली बनायी गयी है।

प्लांट के इन सभी कार्यों को देख कर नवीन पटनायक ने हरित प्रौद्योगिकी पहलों की सराहना की। इस प्लांट से उत्पादित स्टील का उपयोग ऑटो मोबाइल जैसे विभिन्न डाउनस्ट्रीम उद्योगों के लिए ब्यबहृत हुआ है। दौरे के बाद कंपनी के अधिकारियों के साथ चर्चा में मुख्यमंत्री ने संयंत्र की अत्याधुनिक सुविधाओं और इस्पात उत्पादन में उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने केंद्रापडा और जगतसिंहपुर जिलों में प्रस्तावित संयंत्रों में जापान की तरह हरित प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर दिया जा रहा है। ओड़िशा में प्रस्तावित इस्पात संयंत्र उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करेगा, जो राज्य के डाउनस्ट्रीम उद्योगों का समर्थन करेगा। मुख्यमंत्री ने राज्य की समृद्ध खनिज संपदा और इस्पात क्षेत्र में क्षमता को देखते हुए निप्पॉन स्टील कॉरपोरेशन और ओड़िशा के बीच सहयोग की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

मुख्यमंत्री ने यात्रा के दौरान कंपनी द्वारा दिए गए भव्य स्वागत संबर्धना की सराहना की। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जतायी कि यह यात्रा निप्पॉन स्टील कॉरपोरेशन और ओड़िशा के बीच संबंधों को और मजबूत करेगी। मुख्यमंत्री के साथ उद्योग मंत्री प्रताप केशरी देव, पुरी सांसद पिनाकी मिश्र, प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार जेना, प्रमुख सचिव उद्योग विभाग हेमंत शर्मा, 5टी सचिव वीके पांडियन, आइटी सचिव मनोज मिश्र, विनील क्रिष्णा प्रमुख ने स्टील प्लांट का दौरा किया।

# माफिया अतीक अहमद, उसके बेटे पर कसेगा शिकंजा, अपहरण और रंगदारी के एक और मामले में आरोप तय हुआ

**लखनऊ।** लखनऊ के कारोबारी मोहित जायसवाल का देवरिया जेल ले जाकर अपहरण और रंगदारी मामले में माफिया अतीक और उसके बेटे उमर पर आरोप तय हो गये हैं। उमर पर संगीन धाराओं में आरोप तय किये गये हैं। इस पर अभी अतीक और उसके बेटे की कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। अतीक की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। कोर्ट में पेशी के दौरान अतीक के बेटे ने कहा कि उनके घर की महिलाओं को फंसाया जा रहा है।

# 14 और 15 अप्रैल को किट वाइ 20 सलाहकार बैठक की मेजबानी करेगा

- परामर्शी बैठक जी20 नेतृत्व शिखर सम्मेलन के समग्र ढांचे के अंतर्गत आती है

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** किट डीयू 14-15 अप्रैल को 20 सलाहकार बैठक की मेजबानी करने जा रही है, जो की जी 20 नेतृत्व शिखर सम्मेलन के समग्र ढांचे के अंतर्गत आती है। परामर्श बैठक 14 और 15 अप्रैल को किट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित की जाएगी और इसमें 50 अंतर्राष्ट्रीय हस्तियां और 50 से अधिक राष्ट्रीय स्तर के वक्ता शामिल होंगे, जिनमें सांसद, मंत्री और अन्य शामिल हैं।

भारत इस वर्ष जी 20 की अध्यक्षता कर रहा है। जी 20 नेतृत्व शिखर सम्मेलन के हिस्से के रूप में, 20 सलाहकार बैठक का आयोजन युवाओं को समस्याओं पर चर्चा करने और उनकी पहचान करने और आधिकारिक जी 20 नेतृत्व शिखर सम्मेलन के दौरान संबोधित किये जाने वाले ढांचे की सिफारिश करने के लिए सशक्त बनाने के लिए किया जा रहा है।

किट को युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा इस कार्यक्रम की मेजबानी करने का जिम्मा सौंपा गया है, जो 20 के विभिन्न आयोजनों में 200 से अधिक कॉलेजों के लगभग 10,000 छात्रों को शामिल करेगा। किट & किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने कहा कि आयोजनों से प्राप्त विचार-विमर्श और सुझावों को वाइ 20 कार्यक्रम के दौरान प्रतिनिधियों के साथ साझा किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि 22-23 अप्रैल को किट सिविल-20 का भी आयोजन कर रहा है। सिविल 20 समिट Gender Equality and Disability पर आधारित है।

**वाइ 20 परामर्श का विषय 'बिल्डिंग यूथ्सः** डिजाइनिंग सस्टेनेबल, रेजिलिएंट एंड पीस-लविंग वर्किंग कम्युनिटी ड्रिवन बाय डिसरप्टिव टेक्नोलॉजीज' है। परामर्श में छह पैनल होंगे, जहां दुनिया भर के विविध क्षेत्रों के 48 यूथ आइकॉन वक्ता के रूप में शामिल होंगे। किट देश के शीर्ष बहु-विषयक संस्थानों में से एक है, जिसमें भारत और विदेश से 30,000 से अधिक नामांकित छात्र व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसे शिक्षा मंत्रालय के एनआइआरएफ द्वारा देश के 20वें सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है और यह प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2023 में 601-800 के समूह में है। इसके सभी इंजीनियरिंग कार्यक्रमों को (आइटी), यूके और एबीइटी, यूएसए द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा मान्यता प्राप्त है।

# रसना ग्रुप के संस्थापक और अध्यक्ष स्वर्गीय अरीज पिरोजशॉ खंबाटा को मिला 'पद्म श्री'

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** रसना ग्रुप के संस्थापक और अध्यक्ष स्वर्गीय अरीज पिरोजशॉ खंबाटा को गुजरात राज्य के व्यापार एवं उद्योग क्षेत्र में उनके काम के लिए पद्म श्री (मरणोपरांत), 2023 से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार उनकी ओर से पर्सिस अरीज खंबाटा (पत्नी) और पिरुज अरीज खंबाटा (पुत्र) द्वारा स्वीकार किया गया। श्री खंबाटा जी इस तरह का सम्मान पाने वाले अहमदाबाद के पहले पारसी हैं। उन्होंने मूल स्टार्टअप, मेड इन इंडिया कंपनी की स्थापना की थीजिसने अंतर्राष्ट्रीय बाजार को भी जीत लिया है। आज रसना इंटरनेशनल विश्व स्तर पर सबसे बड़े इंस्टेंट ड्रिंक एंड बेवरीज निर्माता के रूप में जाना जाता है, जिसका 80% बाजार हिस्सेदारी भारत में है।

रसना ग्रुप के अध्यक्ष पिरुज खंबाटा ने कहा कि खंबाटा परिवार भारत के राष्ट्रपति द्वारा स्वर्गीय अरीज खंबाटा को दिये गये इस पुरस्कार को स्वीकार कर रहा है। हम इसके लिए हमेशा आभारी हैं। मैंने और मेरे परिवार ने राष्ट्र निर्माण की दिशा में मेरे स्वर्गीय पिता के पदचिन्हों पर चलने के लिए खुद को समर्पित कर दिया है। इससे पहले खंबाटा जीको भारत के होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा पदक के साथ-साथ पश्चिमी स्टार, समरसेवा और संग्राम पदक से सम्मानित किया गया था।



























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**